


ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 113, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शनिवार, 3 जून, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : हरभजन और कैफ ने दी टीम इंडिया को सलाह



**अन्दर : सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई !**

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसा, 50 की मौत

## मालगाड़ी से टकराई कोरोमंडल एक्सप्रेस, 350 से ज्यादा घायल, बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

**भीषण हादसा**

**दोनों ट्रेनों के 17 कोच पटरी से उतरे, घायलों को अस्पतालों में किया गया भर्ती**

**एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, दोनों गाड़ियां एक ही लाइन पर आईं**





**भुवनेश्वर।** बालासोर जिले में बहानागा रेलवे स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतरने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 50 से अधिक लोगों की मौत की खबर है तो वहीं 350 से ज्यादा यात्री जख्मी हो गए। ओडिशा के चीफ सेक्रेटरी ने बताया कि घायल यात्रियों को सोरो और गोपालपुर सीएचसी में शिफ्ट किया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को अच्छी देखभाल के लिए अन्यत्र रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि घायलों की संख्या ज्यादा होने के कारण एंबुलेंस के साथ बसों को भी बुलाया गया। बचाव अभियान के लिए टीमें मौके पर पहुंचीं। एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों के मुताबिक, कोरोमंडल एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतरे हैं। उन्होंने कहा कि हादसा शाम करीब 7.20 बजे बहानागा बाजार स्टेशन के पास हुआ।

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराने के बाद पटरी से उतर गई। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गईं। वहीं, ट्रेन का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया। हादसे में 350 से अधिक यात्री घायल हो गये। ट्रेन हावड़ा से चेन्नई जा रही थी। घायलों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। बालासोर और आसपास के अन्य जिलों से भी मेडिकल की टीमें मदद के पहुंची। इस रूट की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया। हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। एडिशनल डीएमईटी ने बताया कि 50 एंबुलेंस मौके पर भेजी गई। घायलों को सोरो सीएचसी में शिफ्ट करना शुरू कर दिया गया है। कुछ को बेहतर इलाज के लिए रेफर भी किया जा सकता है। बालासोर रेलवे स्टेशन से एनडीआरएफ की 22 सदस्यों वाली पहली टीम पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल की 32 सदस्यों वाली एक और टीम आधे घंटे पहले मौके के लिए रवाना हुई है। बताया जा रहा है कि एक ही लाइन पर दोनों गाड़ियों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे ट्रैक पर लगा सिग्नल खराब होने के चलते दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आकर टकरा गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेन दोपहर 3.15 बजे शालीमार स्टेशन से निकली थी। यह ओडिशा के बालासोर से 40किमी दूर बहानागा स्टेशन के पास शाम 7:20 बजे मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गई। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य मंत्री प्रमिला मल्लिक और स्पेशल रिलीफ कमिश्नर को तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। मंत्री और (एसआरसी) मौके पर पहुंच रहे हैं। विशेष राहत आयुक्त कार्यालय ने कहा कि बालासोर के कलेक्टर को भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के लिए मौके पर पहुंचने और राज्य स्तर से किसी भी अतिरिक्त मदद की आवश्यकता होने पर एसआरसी को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि 12841 शालीमार-मद्रास कोरोमंडल एक्सप्रेस शालीमार से दोपहर 3.20 बजे रवाना होती है और कुल 1656 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

अगले दिन शाम 4.50 बजे एमजी रामचंद्रन सेंट्रल रेलवे स्टेशन (चेन्नई) पंहुचती है। ट्रेन बालासोर के पास हादसे की शिकार हुई। यह ट्रेन शाम 6.32 बजे बालासोर पहुंचती है।

### 5 ट्रेंनें रद्द और 5 डायवर्ट की गई

हादसे के कारण रेलवे ने छह ट्रेनों को कैंसल कर दिया है, जबकि पांच को दूसरे रूप पर भेज दिया है। पुरी एक्सप्रेस 12837, यशवंतपुर एक्सप्रेस 12863, संतरागाछी पुरी स्पेशल 02837, शालीमार संबलपुर 20831, चेन्नई मेल 12839 को रद्द कर दिया गया है।

### 700 जवान रेस्क्यू ऑफरेशन में लगाए गए

ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर हैं। इसके अलावा 600-700 रेस्क्यू फोर्स के जवान काम कर रहे हैं। यह रेस्क्यू ऑपरेशन रात भर चलेगा। सभी अस्पताल सहयोग दे रहे हैं। हमारी तत्काल चिंता पीड़ितों को बचाने की है।

### हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए

इमरजेंसी कंट्रोल रूम : 6782262286
हावड़ा : 033-26382217
खड़गपुर : 8972073925, 9332392339
बालासोर : 8249591559, 7978418322
कोलकाता शालीमार : 9903370746
रेलमदद : 044- 2535 4771
चेन्नई सेंट्रल रेलवे : 044- 25330952, 044-25330953 और 044-25354771



मालगाड़ी पर चढ़ी एक्सप्रेस की बोगी।

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे पर दुख जताया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि बंगाल से यात्रियों को ले जा रही शालीमार-कोरोमंडल एक्सप्रेस आज शाम बालासोर के पास एक मालगाड़ी से टकरा गई। इससे कई लोगों के घायल होने की खबर है। हम ओडिशा सरकार के साथ और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ओडिशा सरकार की मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं। मैं मुख्य सचिव और अन्य सीनियर अधिकारियों से इस मुद्दे पर जानकारी ले रही हूं। ममता बनर्जी ने कहा कि हादसे को लेकर हैरानी हुई। उन्होंने बताया कि हम अपने लोगों की भलाई के लिए ओडिशा सरकार और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ समन्वय कर रहे हैं। हमारे आपातकालीन नियंत्रण कक्ष को तुरंत एक्टिव कर दिया है। इसका नंबर 033- 22143526/22535185 हैं। बचाव के लिए सभी प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। बनर्जी ने कहा कि हम ओडिशा सरकार और रेलवे अधिकारियों के साथ सहयोग करने और बचाव कार्यों में मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं। मैं मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से लगातार स्थिति की निगरानी कर रही हूं।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम मोदी ने रेल हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया है- "ओडिशा में ट्रेन हादसे से व्यथित हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल व्यक्ति जल्द स्वस्थ हों। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता दी जा रही है।

### हादसे से गहरा दुख हुआ : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा- ओडिशा के बालासोर में एक दुर्भाग्यपूर्ण रेल दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मैं बचाव कार्यों की सफलता और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### मृतकों के परिवारों को 10 लाख मुआवजे का ऐलान

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुआवजे का ऐलान कर दिया है। उन्होंने ट्वीट कर बताया कि मृतकों के परिवरों को 10 लाख, गंभीर रूप से जख्मी लोगों को 2 लाख और मामूली रूप से जख्मी लोगों के लिए 50,000 का ऐलान किया गया है।




NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

# बृजभूषण पर आलाकमान सख्त

**आए बैकफुट पर**

**भाजपा सांसद को अयोध्या में रैली के लिए प्रशासन ने नहीं दी अनुमति**

**खिलाड़ियों ने लगाया है यौन शोषण का आरोप**



**लखनऊ।** भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को तगड़ा झटका लगा है। प्रशासन ने पांच जून को उन्हें अयोध्या में रैली करने की अनुमति नहीं दी है। इसके बाद सांसद ने बयान जारी कर रैली रद्द करने की घोषणा की है।

जारी किए गए बयान में कहा है कि प्रिय शुभचिंतकों... मैं 28 साल से आपके स्नेह से लोकसभा सदस्य के रूप में एक संवैधानिक पद पर हूं। सत्ता और विपक्ष में रहते हुए मैंने सदैव जाति, सम्प्रदाय और सभी धर्म के लोगों को एक साथ लेकर चलने की कोशिश की है। इन्हीं कारणों से मेरे राजनैतिक विरोधी और उनके दल मुझ पर झूठे आरोप लगाते रहे हैं। वर्तमान घटनाक्रम में कुछ राजनैतिक दल अपना भविष्य तलाश रहे हैं और जगह- जगह सभा करके प्रांतवाद, क्षेत्रवाद और जातीय संघर्ष को भड़काकर सामाजिक सौहार्द्र खराब करने में लगे हैं। मैं राष्ट्रद्रोही ताकतों को सामाजिक समरसता खराब करने का मौका मिले मैं इसका पक्षधर नहीं हूं। समाज में फैलती बुराई पर चिंतन करने के लिये पूज्य संत 5 जून को अयोध्या मेंएक संत सम्मलेन करना चाहते थे लेकिन अभी पुलिस आरोपों की जांच कर रही है इसलिए उच्चतम न्यायालय के सम्मान में पूज्य संतो के परामर्श पर उनकी आज्ञा का पालन करते हुए 'जन चेतना महारैली 5 जून अयोध्या चलो' कार्यक्रम स्थगित किया गया है। मर्यादित तरीके से सभी धर्मों, जातियों और प्रांतो के लाखों समर्थकों, शुभचिंतकों ने इस मुद्दे पर मेरा समर्थन किया है इसलिए सबका आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाता हूं कि मैं और मेरा परिवार हमेशा आपका ऋणी रहेगा। ***एजेंसी***

### देशद्रोह के लिए बढ़े सजा

**नई दिल्ली।** भारत के विधि आयोग ने राजद्रोह के मामलों में जेल की न्यूनतम अवधि तीन साल से बढ़ाकर सात साल करने की सिफारिश की है। आयोग ने इसके पीछे दलील दी कि यह अदालतों को किए गए कृत्य के पैमाने और गंभीरता के अनुसार सजा देने की अनुमति देगा। आयोग ने 'राजद्रोह के कानून का इस्तेमाल' रिपोर्ट में कहा कि उसकी पहले की रिपोर्ट में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए (राजद्रोह कानून) की सजा को बहुत अजीब बताया गया था, क्योंकि इसमें आजीवन कारावास या तीन साल की सजा का प्रावधान है, लेकिन बीच में कुछ भी नहीं है। राजद्रोह कानून के तहत न्यूनतम सजा 'जुर्माना' देना है। आयोग ने कहा, आईपीसी के अध्याय छह में अपराधों के लिए दिए गए वाक्यों की तुलना से पता चलता है कि धारा 124ए के लिए निर्धारित सजा में स्पष्ट असमानता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईसीपी का अध्याय छह राज्य के खिलाफ अपराधों से जुड़ा है। इसलिए सुझाव दिया जाता है कि प्रावधान को संशोधित किया जाए ताकि इसे अध्याय छह के तहत अन्य अपराधों के लिए प्रदान की गई सजा की योजना के अनुरूप लाया जा सके।

# दयाशंकर मिश्र दयालु की कार हादसे की शिकार, बाल-बाल बचे

**बड़ा हादसा टला**

**वाराणसी से बलिया जाते समय डिवाइडर से टकराया वाहन, दूसरी गाड़ी से बलिया हुए रवाना**



**गाजीपुर।** राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु की कार हादसे का शिकार हो गई। वाराणसी से बलिया जाते समय महाराजगंज तलबल मोड़ पर डिवाइडर से वाहन टकराया। केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर बलिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यमंत्री जा रहे थे। किसी को चोट नहीं लगी है। मंत्री दूसरी कार से रवाना हो गए। मंत्री के काफिले के बीच एक गाड़ी के आने से यह हादसा हुआ है। राहत की बात यह है कि हादसे में मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु पूरी तरह सुरक्षित हैं। काफिले में उनके साथ मौजूद लोगों को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक लगाने की वजह से मंत्री की गाड़ी दूसरी कार से जा टकराई। यह दुर्घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज के पास हुआ है। इसके बाद मंत्री दूसरी कार से बलिया के लिए रवाना हो गए। दरअसल, केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु वाराणसी से बलिया जा रहे थे। यहां उनको प्रेस कॉन्फ्रेंस करना है। रास्ते में गाजीपुर में उनके काफिले में दुर्घटना हो गई। मंत्री और उनके साथ मौजूद लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

IIT-JEE / NEET
9th 10th 11th & 12th CBSE & UP
संकल्प ट्यूटोरियल्स
C.T.E.T
शिक्षक भर्ती परीक्षा
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला
9335418689 • 9335720660

# खाप पंचायत का सरकार को अल्टीमेटम

**चेतावनी**

**9 जून तक बृजभूषण सिंह की हो गिरफ्तारी, नहीं तो जंतर-मंतर पर देंगे धरना**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आंदोलन कर रहे पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायत के आयोजन में किसान नेताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि, नौ जून तक कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किया जाए या फिर दिल्ली में तेज विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहें। खाप पंचायत में कहा गया है कि नौ जून के बाद जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। कुश्ती फेडरेशन के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लड़ाई में भारत के टॉप एथलीटों का समर्थन कर रहे किसान नेताओं ने केंद्र को एक नया अल्टीमेटम दिया है कि, उन्हें गिरफ्तार करें या बड़े विरोध का सामना करें।

किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि सरकार को पहलवानों की शिकायतों का समाधान करना चाहिए और उन्हें (बृजभूषण शरण सिंह) गिरफ्तार किया जाना चाहिए. अन्यथा, हम पहलवानों के साथ 9 जून को दिल्ली के जंतर मंतर जाएंगे और पूरे देश में पंचायत करेंगे। बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोप लगे हैं. पहलवानों का आरोप है कि उन्होंने एथलीटों का यौन उत्पीड़न करने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पहलवानों के समर्थन में खाप पंचायत का आयोजन किया गया. इस पंचायत में लिए गए फैसले के मुताबिक सरकार को 9 जून तक अल्टीमेटम दिया गया है। सरकार से कहा गया है कि बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी करें, वर्ना महिला पहलवानों, खिलाड़ियों के साथ जंतर-मंतर पर बड़ा धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। खाप पंचायत में यह भी मांग की गई है कि, खिलाड़ियों के संसद मार्च के प्रयास के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर रद्द की जाए।

आंदोलनकारी पहलवान भाजपा सांसद की गिरफ्तारी से कम पर राजी नहीं हैं. हालांकि खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है. अनुराग ठाकुर ने कल टाइम्स नेटवर्क के इंडिया इकानॉमिक कॉन्क्लेव में कहा, ॱसरकार निष्पक्ष जांच की पक्षधर है... हम सभी चाहते हैं कि न्याय मिले, लेकिन यह उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद होगा। पहलवानों के आंदोलन के बाद से लगातार दिल्ली से लेकर अयोध्या तक कड़े तेवर दिखा रहे बृजभूषण सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली पुलिस ने 7 महिला पहलवानों की शिकायत पर यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ करने जैसे मामलों में गंभीर धाराओं के तहत दो एफआईआर दर्ज की थीं। दोनों एफआईआर से कुछ चौंका देने वाले तथ्य मिले हैं। पहली एफआईआर 6 वयस्क महिला पहलवानों की शिकायत पर दर्ज की गई है। दूसरी एफआईआर एक नाबालिग पहलवान के पिता की शिकायत पर दर्ज की गई है। महिलाओं ने शिकायत में बृजभूषण सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बृजभूषण सिंह ने इन आरोपों पर फिर दोहराया है कि ये आरोप झूठे हैं और अगर साबित हुए तो वे खुद फांसी पर लटक जाएंगे।

### खापों और संयुक्त किसान मोर्चे का भी साथ मिला

महिला पहलवानों को अब खापों और संयुक्त किसान मोर्चे का भी साथ मिल गया है। कुरुक्षेत्र में हुई खाप पंचायत के बाद सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है कि 9 जून तक बृजभूषण की गिरफ़्तारी हो वर्ना पहलवानों के साथ किसान और खाप नेता दिल्ली के जंतर मंतर कूच करेंगे। इस बीच पहलवान चुप्पी साधे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पहलवानों द्वारा सरकार को दिया गया अल्टीमेटम शनिवार को खत्म हो रहा है। पहलवान भी शनिवार को कुछ बड़ा ऐलान कर सकते हैं। सरकार और बीजेपी दोनों ही काफी एक्टिव हैं। बृजभूषण 5 जून को अयोध्या में एक रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन करने वाले थे, जिसे अब रद्द कर दिया गया है. बृजभूषण को कुछ दिन चुप रहने की हिदायत दी गई है। वहीं दूसरी तरफ खाप पंचायत और किसानों ने भी सरकार को सात दिन का वक्त और दे दिया है।


# बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत

**राहत**

**मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित, कोर्ट ने लगाईं कई बंदिशें**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में इडी की ओर से दर्ज केस में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने सिसोदिया को कल कुछ घंटे के लिए अंतरिम राहत दी है। लिहाजा वह कल सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पुलिस हिरासत में अपनी पत्नी से मिल सकेंगे। कोर्ट ने शर्त रखी कि सिसोदिया अंतरिम जमानत के दौरान मीडिया से बात नहीं करेंगे। परिवार के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे। मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। बता दें कि सिसोदिया ने पत्नी की खराब सेहत का हवाला देते हुए 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत की मांग की थी। लेकिन इडी ने अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध किया था। ईडी ने कहा था कि कुछ दिन पहले ही वो अंतरिम जमानत की अर्जी को वापस ले चुके हैं। अब फिर से उसी आधार पर अंतरिम जमानत मांग रहे हैं। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया कि सिसोदिया पुलिस की मौजदूगी में पत्नी से मुलाकात कर सकते हैं। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को आबकारी नीति मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और तीन अन्य आरोपियों को आरोप पत्र और पूरक आरोपपत्र सहित दस्तावेजों की प्रतियां मुहैया कराने को कहा।



# वाराणसी



# ट्रिपिंग विहीन बनाएं बनारस की बिजली व्यवस्था

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन एम. देवराज शुक्रवार को अचानक पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) मुख्यालय पहुंचे और समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप बनारस की विद्युत व्यवस्था को आदर्श और विश्वस्तरीय बनाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बनारस की बिजली व्यवस्था ट्रिपिंग विहीन हो।

चेयरमैन एम. देवराज ने कहा कि बनारस पर्यटन का बहुत बड़ा केंद्र है। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से पर्यटक एवं श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आते हैं, इसलिए ख्याति और महत्व के अनुरूप यहां की विद्युत व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सुधारने के लिए जो भी कार्य होने हैं, उसके लिए कॉरपोरेशन स्तर से हर तरह का सहयोग और मदद होगी। इन कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बनारस के प्रत्येक क्षेत्र को 24 घंटे निर्धारित विद्युत आपूर्ति के शेड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो, इसके लिए अवर

**समीक्षा बैठक**

### भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी कड़ी कार्रवाई : चेयरमैन एम. देवराज

### जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क रहें अवर अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता

### निरंतर अभियान चलाकर ट्रांसफॉर्मर की ओवरलोडिंग चेक करें अभियंता

अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता तक लगातार अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि बनारस को ट्रिपिंग विहीन बनाना है, जहां कहीं ट्रिपिंग हो, उसकी मानिटरिंग की जाए। दोबारा ट्रिपिंग न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कार्य तुरंत किए जाएं। गर्मी के इन दिनों में अधिकारी विशेष सावधानी बरतें। रात्रि में क्षेत्र का भ्रमण करें। अपना फोन चालू रखें एवं उपभोक्ता फोन करें तो उठाएं। स्थानीय फॉल्ट लोकेशन पर तत्काल पहुंचे और जनता के पूछने पर उसे बताएं कि कब तक आपूर्ति बहाल होगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पर



पूर्वांचल-डिस्कॉम सभागार में समीक्षा बैठक करते यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज

कड़ी कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

चेयरमैन एम. देवराज ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर ओवरलोडिंग पूरी तरह खत्म हो, इसके लिए अभियंता अधिकारी अभियान चलाकर ओवरलोडिंग चेक करें। जहां ओवरलोडिंग हो, वहां के ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि की जाए। ट्रांसफॉर्मर जले या क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए उसके रखरखाव पर पूरी सजगता बरती जाए। मानकों का पालन किया जाए। ट्राली ट्रांसफॉर्मर पर्याप्त संख्या में विकल्प के रूप में रहे। स्थानीय दोष को कम से कम समय में ठीक करने के लिए पर्याप्त गैंग एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे। इसके लिए पूरे प्रदेश में सामग्री की कमी नहीं है और न होने दी जाएगी। एसडीओ से लगायत ऊपर तक के अधिकारियों से उन्होंने विद्युत आपूर्ति, राजस्व वसूली, विद्युत चोरी रोकने, बिल वितरण तथा उपभोक्ता सेवा के संदर्भ में गहन पूछताछ एवं समीक्षा की। बैठक के पश्चात उन्होंने विभागीय वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी शंभू कुमार, निदेशक (वाणिज्य एवं कार्मिक प्रबंधन) राजेंद्र प्रसाद सहित पूर्वांचल के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### वैध कनेक्शन के लिए चलाया जाए अभियान

बैठक में चेयरमैन एम. देवराज ने कहा कि बनारस के सभी घरों में वैध बिजली कनेक्शन हो, इसके लिए अभियान चलाया जाए। जनता को आसानी से कनेक्शन स्वीकृत करें। इसके लिए अभियंता कैंप लगाएं। कॉरपोरेशन में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है, इसलिए भ्रष्टाचार के किसी भी कृत्य से अधिकारी दूर रहें। इससे संबंधित शिकायत पर जांच के पश्चात दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### बड़े बकायेदारों की काटी जाए बिजली

चेयरमैन ने कहा कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने, राजस्व वसूलने तथा लाइन हानियां कम करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। जो भी बड़े बकायदार हों, उनकी बिजली अवश्य काटी जाए। यदि बिजली का मूल्य नहीं वसूला जाएगा तो बिजली व्यवस्था कैसे चलेगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विद्युत निगमों को प्रॉफिट में लाने के लिए ईमानदारी एवं मेहनत से कार्य करें। बकायेदारों के कनेक्शन काटने पर बिना बकाया धनराशि जमा किए पुनः कनेक्शन जोड़ने के प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। कहा कि ईमानदार उपभोक्ताओं का सम्मान किया जाए।

### जले ट्रांसफॉर्मर की लागत दोषी कर्मचारी से वसूली जाएगी

चेयरमैन ने चेतावनी दी कि यदि किसी की लापरवाही से ट्रांसफॉर्मर जलेगा तो संबंधित दोषी कार्मिक से उसकी वसूली की जाएगी। ट्रांसफॉर्मर न जले, इसके लिए सावधानी बरती जाए। उन्होंने मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि उसी आधार पर अधिकारियों के कार्यों का मूल्यांकन होगा।

### प्रतिदिन जल रहे थे 1400 ट्रांसफॉर्मर

बैठक में चेयरमैन ने कहा कि ट्रांसफॉर्मर का रखरखाव सही प्रकार से हो। तेल की कमी न हो। ओवरलोडिंग न हो, क्योंकि पिछले महीने तक 1400 ट्रांसफॉर्मर प्रतिदिन जल रहा था, जो अब 700 तक आया है। इसे अभी और कम करना है। उन्होंने कहा कि पावर स्टेशनों को प्रॉफिट सेंटर में बदलना है। यह लक्ष्य लेकर क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य करना है। उन्होंने अवर अभियंता एवं सहायक अभियंता से पूछा कि आप का मुख्य दायित्व क्या है? चेयरमैन ने कहा कि जिस तरह व्यापारी अपने उपभोक्ता का ध्यान रखते हैं। उसी तरह आपको भी बिजली उपभोक्ताओं का ध्यान रखना है और 'उपभोक्ता देवो भव' के सिद्धांत पर कार्य करना है।

# लोकसभा चुनाव में होगी साइबर योद्धाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

**सम्मेलन**

### योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर : सोनी

**वाराणसी।** भाजपा के राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में साइबर योद्धाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वह गुलाब बाग-सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सम्मिट में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से सभी को नौ साल में मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों से अवगत कराया। आह्वान किया कि सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोंगो को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी हो सके। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने कहा कि सोशल मीडिया में वॉलिंटियर्स की भूमिका आने वाले लोकसभा चुनाव में अति महत्वपूर्ण होने वाली है। लगातार हार से विपक्ष हताश हुआ है। वह फेक न्यूज फैलाने का कार्य करेगा और सोशल मीडिया के माध्यम से हमें उनको करारा जवाब देना है। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान दौर में सोशल मीडिया एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए हम कम समय में अपनी बातों को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। स्वागत महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, संचालन अरविंद पांडे ने किया। सम्मेलन में क्षेत्रीय संयोजक विजय गुप्ता, शशि कुमार, कुशाग्र श्रीवास्तव, अमित पाठक, हिमांशु जायसवाल, शैलेंद्र मिश्रा 'सोनू', रितिक मिश्रा, प्रांजल आदि उपस्थित थे।



# हवाई अड्डे के टॉयलेट में मिला सोना

**हड़कम्प**

### सीसी टीवी जांच में जुटे अधिकारी

**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारी मात्रा में सोना बरामद किया गया है, तस्करों ने बचने के लिए सोने को हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन में बने अंतर्राष्ट्रीय आगमन हाल के टॉयलेट में बड़े बारीकी से छुपाया था। सोना बरामद होने के बाद अधिकारी हवाई अड्डे के सीसी कैमरे की जांच पड़ताल कर सोना तस्कर की पहचान करने में जुटे हैं। हवाई अड्डे पर अंतराष्ट्रीय विमान यात्रियों की जांच पड़ताल कस्टम टीम के द्वारा की जाती है, अंतर्राष्ट्रीय विमान के उड़ान भरने के बाद कस्टम अधिकारियों द्वारा रूटीन जांच में पूरे अंतर्राष्ट्रीय एरिया की जांच की जाती है। बुधवार को इसी जांच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय एरिया में टॉयलेट में कमोड के पीछे काले रंग की पन्नी में



बरामद सोना

लपेट कर रखा गया संदिग्ध वस्तु बरामद किया गया। कस्टम अधिकारियों ने संदिग्ध वस्तु की जांच पड़ताल की तो उसमें किसी धातु के होने की पुष्टि हुई। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम द्वारा उक्त काले रंग के पैकेट में सोना होने की बात बताई। पैकेट को खोलकर देखा गया तो सोने के 16 बिस्किट छिपाकर रखे गये थे। अधिकारियों के अनुसार बरामद 16 सोने के बिस्किट का वजन करीब 1866.100 ग्राम और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के अनुसार शुद्ध सोने का मूल्य लगभग एक करोड़ 12 लाख 52 हजार रुपये के करीब आंकी गयी है। हवाई अड्डे पर भारी मात्रा में सोना बरामद होने से अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है, वही तस्कर की पहचान के लिए सीसी टीवी की सहायता ली जा रही है, हालांकि अभी सोना तस्करी करने वाले की पहचान नही हो पाई है।

# ग्रीन पॉवर टैरिफ हवाई अड्डों में वाराणसी भी

**सुविधा**

### कार्बन उत्सर्जन कम करने में सफल

जनसंदेश न्यूज

**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अब ग्रीन पावर टैरिफ हवाई अड्डों में शामिल कर लिया गया है, मई माह में हवाई अड्डे को यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई है। दरअसल वाराणसी हवाई अड्डा देश के शीर्ष हवाई अड्डों में शामिल है, जहां यात्रियों को सबसे शानदार यात्री सुविधाएं प्रदान की जाती है, वही विमानन कंपनियों को भी यहां परिसर में बेहतर सुविधा देने के साथ ही यात्रियों को शानदार सुविधा प्रदान करने में कम से कम कार्बन का उत्सर्जन करने की दिशा में हवाई अड्डा सफल रहा है। एसीआई द्वारा 2018 में स्तर वन कैटेगरी कार्बन मैपिंग की मान्यता हवाई अड्डे को प्रदान की गई थी तब से लेकर आज तक निरन्तर कार्बन उत्सर्जन के क्षेत्र में कमी करने के साथ नवीनीकरण ऊर्जा पर चलने से वाराणसी हवाई अड्डा अपने कार्बन उत्सर्जन को काफी कम कर पाने में सक्षम योगदान निभा रहा है।

अप्रत्यक्ष ऊर्जा उत्सर्जन में हर साल 2200 मैट्रिक टन उड2 की कमी करना हवाई अड्डे के लिए प्रभाव शाली उपलब्धि है। हवाई अड्डे पर 1.2 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र के साथ ही टर्मिनल भवन के छत पर 0.6 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से नवीनीकरण योग्य ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करने के लिए हवाई अड्डा ए सीआई के लेबल दो की प्रक्रिया से गुजर रहा है जिसमे कार्बन में कमी, कार्बन प्रबंधन कम करते हुए यात्रियों की सुविधा में बढ़ोतरी करने में अग्रसर हो रहा है। उड्डयन क्षेत्र हरित ऊर्जा का संक्रमण स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने और सभी के लिए एक स्वच्छ भविष्य बनाने के लिए महत्वपूर्ण है ग्रीन हवाई अड्डा प्रदान करने में एएआई और गो आई के लक्ष्यों को पूरा करने में वाराणसी हवाई अड्डा पूरी तरह से सक्षम है।

### क्या होता है ग्रीन हवाई अड्डा

ग्रीन हवाई अड्डा उन हवाई अड्डे को कहा जाता है जिसने अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के सतत व्यवहारों को लागू किया हो और सतत विकास को प्रोत्साहित किया हो। ग्रीन हवाई अड्डो का उद्देश्य अपने कार्बन चिन्ह को कम करना ऊर्जा और जल संसाधनों का संरक्षण करते हुए अपशिस्ट तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना है। देश के 25 हवाई अड्डे 100% हरित ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। 2025 तक देश के सभी हवाई अड्डो को कार्बन मुक्त करने की योजना सरकार द्वारा बनाई गई है।

### बोले अधिकारी

निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि मई में वाराणसी हवाई अड्डे को ग्रीन पावर टैरिफ हवाई अड्डो में शामिल कर लिया गया है जो गर्व की बात है हम अपने हित धारकों के लिए कम कार्बन उत्सर्जन करने में सफलता पूर्वक कार्य कर रहे है इसके साथ ही हवाई अड्डे पर 2.5 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की कार्य योजना चल रही है।

## मानसून से पूर्व नालों की सफाई हो पूर्ण

**वाराणसी।** मानसून से पूर्व रेलवे कॉलोंनियों सहित स्टेशन पर साफ-सफाई पूरी तरह से मुक्कमल हो इसके लिए शुक्रवार को वाराणसी अपर मंडल रेल प्रबंधक लालजी चौधरी ने अधिकारियों संग बैठक की।

कैंट स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित निदेशक कक्ष में बैठक करते हुए उन्होंने सभी विभागों को को मानसून का हवाला दिया और बताया कि इसके पूर्व ही सफाई की व्यवस्था पूरी कर ली जाए ताकि हैवी रेन में किसी भी तरह की ऐसी समस्या ना हो जिससे नाले चोक हों या फिर ट्रैक पर पानी लग जाए। इसके साथ ही उन्होंने इंजीनियरिंग, कन्सट्रैक्शन सहित अन्य विभागों से यार्ड री मॉडलिंग की प्रगति भी जानी।

प्लेटफार्म पर चल रहे कार्य, एस्केलेटर कार्य को भी जल्द पूर्ण करने के साथ ही यात्री सुविधाओं से संबंधिक कई महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। उनके साथ निदेशक गौरव दीक्षित भी विभागिय समीक्षा की।

# किसानों की आवाज दबाई तो विस नहीं चलने देंगे

**गरजे शिवपाल**

### मोहनसराय के बैरवन में पीड़ित किसानों के बीच पहुंचे सपा नेता

### कहा, सरकारी तानाशाही है किसानों-महिलाओं पर बर्बर लाठीचार्ज

**वाराणसी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने किसानों के उत्पीड़न और शोषण की आवाज को सदन में उठाने का शुक्रवार को ऐलान किया। कहा कि किसानों को न्याय नहीं मिलने तक विधानसभा नहीं चलने दी जाएगी। उन्होंने यूपी और केंद्र सरकार को किसान विरोधी बताया और मोहनसराय में लाठीचार्ज को लोकतंत्र का काला दिन करार दिया। वह मोहनसराय के बैरवन में पीड़ित किसानों के पक्ष में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने किसानों के जख्मों पर मरहम लगाया और लड़ाई में सपा की भागीदारी का आश्वासन दिया। कहा कि किसानों और महिलाओं पर बर्बर लाठीचार्ज, क्रूर दमन एवं फर्जी



बैरवन-मोहनसराय में किसान महापंचायत को संबोधित करते सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव

मुकदमे लगाकर सरकार तानाशही का परिचय दे रही है। महिलाओं को जेल भेजने और अन्नदाताओं पर लाठी चलाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। किसानों की पांच मांगों को सरकार को मानना होगा। इसके लिए सपा सड़क से सदन तक हुंकार भरेगी। सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव से वार्ता के बाद मुद्दों को गंभीरता से उठाया जाएगा। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, सदन भी चलने नहीं दिया जाएगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि मोहनसराय की कृषि योग्य भूमि को गैर कानूनी तरीके से ट्रांसपोर्ट नगर और आवासीय योजना के नाम पर किसानों से हड़पकर भू-माफियाओं को देने का प्रयास है। किसानों को मारना और बुलडोजर से दौड़ाना जाना सरासर गलत है। किसानों का ज्ञापन मिल गया है। अब हम आगे की रणनीति बनाएंगे। सरकार सबसे पहले किसानों के मुकमदे वापस ले और उनकी जमीन पर कब्जा की नीयत बंद करे। महापंचायत को पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, ज्ञानेंद्र यादव ज्ञानू, राजेश यादव नत्थू, उमेश प्रधान, ललित यादव, शशि यादव, कन्हैया राजभर, पूजा यादव, धर्मेंद्र कन्नौजिया, जयश्री यादव, रेखा पाल, गोपाल यादव, उमा यादव, सुधीर मास्टर, शिवपूजन पाल, पार्वती कन्नौजिया, रामसुंदर यादव आदि ने संबोधित किया।

### चार मंजिल हॉस्पिटल के अवैध निर्माण को कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा शुक्रवार को अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हुई। वार्ड मुगलसराय अंतर्गत डॉ. संजय यादव द्वारा पांडेय पोखरा के सामने, निकट प्लांट बाईपास अलीनगर में उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी होने के बावजूद बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अनाधिकृत रूप से निर्माण कराये जाने पर अवैध निर्माण के विरूद्ध प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से चार मंजिल हॉस्पिटल के आंशिक ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

## भवन का स्वकर फॉर्म भरने की तिथि 15 तक बढ़ी

**वाराणीस।** नगर के सभी भवन स्वामियों द्वारा अपने भवन का विवरण प्रपत्र पर भरकर जमा करने के लिए एक से 31 मई तक की तिथि निर्धारित की गयी थी। जिसे नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर बढ़ाते हुये 15 जून तक कर दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा यह अवधि इसलिये बढ़ाई गयी है कि अधिक से अधिक भवन स्वामी अपने भवन का स्वकर फार्म भरकर लाभ उठा सकें। भवन स्वामी अपने भवन का विवरण निर्धारित प्रपत्र आवासीय एवं अनावासीय भवनों के लिये भरकर अपने जोनल कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि आये दिन कई भवन स्वामियों के द्वारा उनसे मिलकर शिकायत की जाती है कि उनके भवन का गृहकर गलत लगाया गया है, जिसे ठीक कराने के लिए उन्हें कार्यालयों में भटकना पड़ता है। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए भवन का विवरण प्रपत्र जमा करने की तिथि अब 15 जून तक कर दी गई है। भवन स्वामियों द्वारा निर्धारित प्रपत्र नगर निगम की वेबसाइट से डाउनलोड कर तथा सभी जोनल कार्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है।

## शिवपुर-उतरेटिया के बीच नई ट्रेन पांच से

**वाराणसी।** गर्मी में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे की ओर शिवपुर-उतरेटिया के बीच नई ट्रेन संचालित करने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन पांच जून से संचालित होगी। उत्तर रेलवे की मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी दीपक कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 04108 उतरेटिया-सुलतानपुर स्पेशल साँय 05.10 बजे उतरेटिया से प्रस्थान कर उसी दिन रात्रि 11.05 बजे शिवपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 04107 शिवपुर से सुबह 04.50 बजे प्रस्थान कर उसी दिन सुबह 07:30 बजे सुलतानपुर पहुंच पूर्वाह्न 10.20 बजे उतरेटिया पहुंचेगी। यह ट्रेन लम्भुआ, कोइरीपुर, श्रीकृष्ण नगर जौनपुर सिटी, जलालगंज तथा बाबतपुर स्टेशन पर दोनों दिशाओं मे रुकेगी।

# बेहतर कार्य करने वाले प्रधानों को सीएम ने किया सम्मानित

**सराहनीय**

### लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पंचायत प्रशासन पुरस्कार योजना के तहत योगी ने किया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर सभागार में आयोजित एक समारोह में यूपी के चयनित गांवों समेत वाराणसी के पांच ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। खुले में शौच मुक्त यानि ओडीएफ हो चुके ग्राम पंचायतों में उल्लेखनीय कार्य के लिए सीएम ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रशासन पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रशस्ति-पत्र व चेक भेंटकर सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री पंचायत प्रशासन पुरस्कार योजना के तहत लखनऊ में ग्राम प्रधानों के लिए आयोजित सम्मान समारोह को सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया

समारोह में बताया गया कि जिन ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने गांव के विकास के लिए कई स्तर पर पहल करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और जिन्होंने गांव के विकास के प्रति सच्ची सोच लेकर सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को आगे बढ़ाया उन्हें यह पुस्कार मिला। उनमें वाराणसी के सेवापुरी विकास खंड से भीषमपुर के राकेश सिंह, जगापट्टी के घनश्याम सिंह यादव, पिंडरा ब्लॉक में रसूलपुर के कैलाश यादव, भोपतपुर के मनीष पांडेय और ववियाँव के ग्राम प्रधान सम्मानित किये गये।

जिले के ग्राम प्रधानों को मिले पुरस्कार पर इन गांवों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं बीडीओ राजेश सिंह ने बताया कि ओडीएफ ग्राम पंचायतों के लिए भी घोषित मुख्यमंत्री पंचायत प्रशासन पुरस्कार योजना के तहत खुले में शौचमुक्त गांव के साथ ही स्वच्छता के बेहतर इंतजाम, गांव के सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, सरकारी विद्यालयों में नियमित एमडीएम, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को नियमित पोषाहार वितरण व्यवस्था समेत 32 बिंदुओं पर खरे उतरे ग्राम संतृप्त पंचायतों का चयन किया गया था। समारोह में मेंहदीगंज के ग्राम प्रधान शकील अहमद भी रहे। ग्राम प्रधान राकेश सिंह ने यह जानकारी दी।
















# सफाई व कूड़ा निस्तारण कराएं निगम के अधिकारी

**मंडलायुक्त का निर्देश**

### संस्कृत विवि कुलपति की अध्यक्षता में अधिकारियों संग की गई समीक्षा बैठक



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के बौद्ध कक्ष सभागार में शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में साफ-सफाई एवं अन्य कार्यों के संबंध में एक बैठक की गयी। जिसकी समीक्षा मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने की।

इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा की। मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय को कैसे विकसित कर यहां के पठन-पाठन को और उच्चस्तरीय का बनाया जा सकता है इसपर चर्चा की। जिसके बाद उन्होंने परिसर में सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर नगर स्वास्थ्य अधिकारी को कूड़ा एकीकृत कर एक स्थान पर रखवाकर उसे निगम के माध्यम से उठवाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिए। कुलपति प्रो. त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय को उच्च स्तरीय बनाने के लिये शासन एवं जिला प्रशासन का संपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। प्राच्य विद्या के इस केंद्र को वैश्विक क्षितिज पर स्थापित करने का यह प्रयास निश्चित ही पूर्ण होगा। वहीं कुलानुशासक ने अवगत कराया की परिसर की परिथि के बाहरी ओर नियमित रूप से अनाधिकृत वाहनों को खड़ा किया जाता है। असामाजिक तत्वों का प्रवेश भी होता है। उक्त के संबंध में थाना प्रभारी चेतगंज को यह निर्देशित किया गया कि परिधि के बाहरी ओर वाहनों को खड़ा किया जाना वर्जित किया जाए।

असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनपर कार्यवाही की जाए। इसके अलावा छात्रावास में सीवर को मेन सीवर लाइन से जोड़ने, 13 जून के बाद रोड कटिंग करते हुए सीवर लाइन निकटतम मैनहोल से जुड़वाने, परिसर की बाउंड्री वॉल निर्माण का एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किए जाने के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त डॉ. रामसेवक, एडीएम सिटी गुलाब चंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन पी सिंह, डूडा की पीओ, कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, वित्त अधिकारी शर्मा, मुख्य प्रतिपालक प्रो. शंभू नाथ शुक्ल, विनयाधिकारी प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, संपत्ति प्रभारी डॉ. विजेंद्र कुमार आर्य, सहायक अभियंता रामविजय सिंह, पियुष मिश्र, मोहित मिश्र आदि उपस्थित थे।

# स्ट्रीट वेंडरों ने दशाश्वमेध थाने का किया घेराव



**वाराणसी।** पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम के नेतृत्व में शुक्रवार को स्ट्रीट वेंडरों ने दशाश्वमेंध थाने का घेराव किया। समिति की ओर से बताया गया कि दशाश्वमेध जोनल अधिकारी व दशाश्वमेध थाना प्रभारी शुक्रवार को क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चला रहे थे, अभियान के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के 100 से ज्यादा लाभार्थी पटरी व्यवसायियों का सामान जब्त कर उन्हें थाने पर बैठा लिया।

हालाकि थाना प्रभारी ने तत्काल प्रभाव से वेंडरों का सुपुर्द नामा लिखवाकर उनको छोड़ दिया। जोनल अधिकारी व थाना प्रभारी एवं वेंडर प्रतिनिधियों संग शाम पांच बजे संवाद स्थापित करने के लिए समय का निर्धारण किया गया। अभिषेक निगम ने आरोप लगाया कि निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा इस तरह का दुर्व्यवहार पीएम के संसदीय क्षेत्र में शर्मनाक कार्यवाही है। प्रशासन द्वारा अगर ऐसी कार्यवाही पुनः की जाती रही तो आगामी समय में संगठन बड़े आंदोलन को बाध्य होगा। घेराव में अर्चना चंदवानी, शीला देवी, मुन्नी देवी, धर्मराज गुप्ता, मनोज यादव, दीपक रस्तोगी, प्रदीप समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### सर सुन्दरलाल अस्पताल परिसर में एमआर की गतिविधियों पर सख्ती

**वाराणसी।** बीएचयू स्थित सर सुंदरलाल चिकित्सालय में मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव्स (एमआर) की गतिविधियों पर अस्पताल प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा है कि फार्मा कंपनियों के किसी भी प्रतिनिधि के चिकित्सालय परिसर में चिकित्सकों से सम्पर्क को वर्जित करते हुए पूर्व में अधिसूचना जारी की गई थी। हालांकि पैरामेडिकल स्टाफ तथा सुरक्षाकर्मियों की तरफ से अस्पताल प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है कि मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव नियमित रूप से ओपीडी, ऑपरेशन थियेटर परिसर तथा वार्ड एरिया में प्रवेश कर चिकित्सकों से सम्पर्क साध रहे हें। यह चिकित्सालय के नियमों के विरुद्ध तथा नैतिक आधार से भी अनुचित है। उन्होंने सलाह दी गई है कि ओपीडी, ओटी परिसर तथा वार्ड एरिया में फार्मा मीटिंग के प्रचलन को बढ़ावा न दिया जाए। ऐसा न होने पर जिम्मेदार पाए गए पक्षों के विरुद्ध उचित प्रशासनिक कदम उठाए जाएंगे।

### चेयरमैन ने बंदरगाह पर सुविधाओं की हकीकत जानी

**वाराणसी।** भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के चेयरमैन संजय बंदोपध्याय ने गुरुवार शाम राल्हूपुर (रामनगर) में बन रहे मल्टी मॉडल टर्मिनल का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां क्रेन और अन्य सुविधाओं की हकीकत जानी। मातहतों से टर्मिनल और फ्रेट विलेज के लिए होने वाले भूमि अधिग्रहण की जानकारी ली। उनके साथ उपनिदेशक आरसी पांडेय समेत अन्य अफसर मौजूद थे।

### राकेश कुमार ने संपूर्णानंद कुलसचिव का लिया चार्ज



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में शुक्रवार की शाम चार बजे 2012 बैच के आईएएस अधिकारी राकेश कुमार ने 59 वें कुलसचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र आईकेएस की स्थापना की समीक्षा की जायेगी। समय पर परीक्षा कराना प्राथमिकता होगी। प्रतापगढ़ जनपद के मूल निवासी, 2012 बैच के आईएएस अधिकारी राकेश कुमार इलाहबाद विश्वविद्यालय से दर्शन शास्त्र में परास्नातक तथा संस्कृत, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ रखने वाले हैं। कार्यभार गृहण करने के बाद उन्होंने परिसर के सभी कार्यालय, मुख्य भवन, पाणिनि भवन, वाग्देवी मंदिर का निरीक्षण और अवलोकन किया।

### महिला टीम ने जीती हैंडबॉल प्रतियोगिता

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना में आयोजित दो दिवसीय अंतर मंडलीय रेलवे सुरक्षा बल हैंडबॉल प्रतियोगिता-2023 में आरपीएफ वाराणसी की महिला इकाई ने लखनऊ को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया। गत 31 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में वाराणसी मंडल का सामना लखनऊ मंडल से हुआ। आरपीएफ की महिला टीम ने बड़े अंतर से जीत हासिल किया। वाराणसी मंडल की महिला हैंडबॉल टीम में अर्चना उपाध्याय, कु पूजा मीणा, कु पार्वती, कु एकता रानी, कु सपना, कु ममता सिंह,कु रत्नावती शामिल थी। महिला टीम के शानदार प्रदर्शन की मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ अभिषेक ने सराहना करते हुए उन्हें रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स की खेल भावना को बनाये रखते हुए भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया।

### रोडवेज बस चालकों को किया जागरूक

**वाराणसी।** नागरिक सुरक्षा कोतवाली प्रखंड के स्वयंसेवकों ने अग्निशमन जनजागरूकता माह के तहत शुक्रवार को रोडवेज के काशी डिपो परिसर में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर रोडवेज के चालकों, परिचालकों और स्थानीय लोगों को आग से बचाव के बारे में जानकारी दी। फायर स्टेशन ऑफिसर इंद्रजीत वर्मा ने विस्तार से विभिन्न बिंदुओं के बारे में बताया। सिविल डिफेंस के उप नियंत्रक नीरज मिश्र सभी बस में रासायनिक अग्निशामकों की उपलब्धता अनिवार्य होने पर बल देते हुए उसके संचालन की प्रक्रिया बतायी। आयोजन में डिविजनल वार्डेन कन्हैयालाल यादव, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चंद्रप्रकाश एवं उमाशंकरपति त्रिपाठी, सहायक उप नियंत्रक विवेक कुमार, शैलेश सिंह, लालजी, चंदन चौधरी, मनोज पटेल, रवि श्रीवास्तव, मनोज यादव, सुदर्शन गुप्ता एवं वीरेंद्र कुमार आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# मीटिंग में नहीं आए ग्राम प्रधान, नोटिस

**एसएलडब्ल्यूएम की समीक्षा**

### सीडीओ ने खराब प्रगति पर दो प्रधानों के विरुद्ध एक्ट के तहत कार्रवाई के दिये निर्देश

### चार ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोका, सात दिन में कार्य पूर्ण न होने पर लेंगे ऐक्शन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद के ग्रामीण इलाकों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन यानि एलएलडब्ल्यूएम से जुड़े कार्यों की शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक के दौरान गैरहाजिर ग्राम प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। कार्य में रुचि न लेने वाले दो ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। इसी आरोप में चार ग्राम पंचायत सचिवों का वेतन रोका गया है।

विकास भवन सभागार में बुलायी गयी इस बैठक में सीडीओ हिमांशु नागपाल ने सख्त तेवर दिखाते हुए इन कार्रवाइयों को अमल में लाने के निर्देश दिये। इस मौके पर गंगा किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा हुई। उसमें संबंधित सभी सचिवों, ग्राम प्रधानों और सहायक विकास अधिकारियों को मौजूद रहना था। लेकिन मीटिंग में ग्राम प्रधान नदारद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने उन ग्राम प्रधानों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। चिरईगांव ब्लॉक के अंबा तथा काशी विद्यापीठ विकास खंड के माधोपुर के ग्राम प्रधानों के बारे में स्पष्ट हुआ कि दोनों ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं। साथ ही वह बैठक में भी आये ही नहीं। इस पर श्री नागपाल ने सरकारी कार्य में सहयोग न करने के आरोप में दोनों के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई करने को कहा।

वहीं, ग्राम पंचायत सचिव अनिल कुमार, आशुतोष, अविनाश सिंह और संजय कुमार यादव के बारे में भी कार्य में रुचि न लेने के चलते कार्य प्रभावित होने की रिपोर्ट मिली। इस पर सीडीओ ने इन सभी का वेतन रोकने के निर्देश दिये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सात दिन के भीतर कार्य पूर्ण नहीं कराये गये तो चारों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।र

# वाराणसी मंडल के 19 श्रमिक परिवारों को 36.50.000 लाख रुपए की मदद

**वाराणसी।** योगी सरकार निर्माण श्रमिकों और उनके परिवार के जीवन को सरल बनाने के लिए हर तरह की सहायता कर रही है। शिक्षा, विवाह, मातृत्व, दुर्घटना आदि के लिए राज्य सरकार आर्थिक मदद कर रही है। राज्य सरकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिक की दुर्घटना में मौत या दिव्यांगता होने पर उसके परिवार को 5 लाख तक की राशि की सहायता भी कर रही है। वहीं दिव्यांगता पर भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है, जिससे भवन निर्माण श्रमिक और उनके आश्रितों का जीवन प्रभावित न हों। भवन निर्माण के दौरान कभी-कभी श्रमिक दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है या दिव्यांगता आ जाती है। ऐसे में उनके और उनके परिवार के जीवन में अंधेरा न छाए, योगी सरकार आर्थिक मदद की योजना बनाई है। सहायक श्रमायुक्त देवब्रत यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022 -23 में वाराणसी, जौनपुर और गाजीपुर में 19 लाभार्थियों को 36,50,000 रुपए की सहयता की गई है।

# सात जून से चलेगा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा

**अभियान**

### शहरी सीएचसी शिवपुर में सीएमओ की अध्यक्षता में आयोजित हुई संवेदीकरण कार्यशाला

**वाराणसी।** जनपद में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा व एक कदम सुपोषण की ओर अभियान सात जून से शुरू किया जाएगा। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें स्वास्थ्य व आईसीडीएस विभाग के अधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

सीएमओ ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा अभियान (22 जून तक) का उद्देश्य शिशु मृत्यु दर में कमी लाने एवं निर्जलीकरण की रोकथाम के लिए बाल्यावस्था (पाँच वर्ष तक के बच्चों) में दस्त के दौरान ओआरएस व जिंक के उपयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना, समुदाय स्तर तक ओआरएस व जिंक की उपलब्धता, स्वच्छता व हाथों को साफ रखने से विभिन्न रोगों से परिवार को सुरक्षित रखने तथा कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों में डायरिया व कुपोषण की रोकथाम करना है। वहीं ह्यएक कदम सुपोषण की ओरह्न अभियान (6 जुलाई तक) गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ कुपोषित बच्चों के लिए चलेगा। इसका उद्देश्य गर्भवती व धात्री महिलाओं तक फोलिक एसिड, आयरन फॉलिक एसिड, कैल्शियम एवं एल्बेन्डाजॉल की उपलब्धता व सेवन को बढ़ावा देना, कुपोषित बच्चों तक आयरन सीरप, एल्बेन्डाजॉल, विटामिन-ए एवं मल्टी विटामिन की उपलब्धता व सेवन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करना है। इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक लाभार्थी तक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के साथ ही इनके सेवन के लिए जागरूकता भी प्रदान की जायेगी एवं लक्षित समूह को पोषण सम्बन्धी जानकारी व परामर्श दिया जाएगा।

# बिल्वेश्वर दरबार में रागिनी सरना ने की शिव स्तुति



**वाराणसी।** कज्जाकपुरा चौराहा से कोनिया मार्ग पर आईडीएच. कॉलोनी के ठीक सामने ताड़बीर बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव के 11वें स्थानोत्सव पर रुद्राभिषेक व श्रृंगारोत्सव का भव्य आयोजन शुक्रवार को उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। बाबा का दरबार फूल-मालाओं विद्युत झालरों से सजाया गया था।

संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र कुमार बाजपेयी के सानिध्य में पं. पुरुषोत्तम मिश्र ने श्रृंगार पूजन किया। धार्मिक अनुष्ठान रुद्राभिषेक का शुभारंभ पं. मनीष पाण्डेय के आचार्यत्व में प्रातःकाल सात बजे प्रारंभ हुआ। इस मौके पर शिल्पायन की ओर से पं. देवाशीष दे संग प्रख्यात भजन गायिका डा. रागिनी सरना व हरनारायण सारडा, श्रीमती गार्गी सहित विदुषी महिलाएं सीता बाजपेयी, अर्चना बाजपेयी, शालिनी मिश्रा, निधि बाजपेयी, पूर्णिमा शुक्ला ने शिव पर आधारित संगीतमय भजनों की प्रस्तुति की जिसे सुन श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर श्रृंगार पूजन में देर रात्रि तक भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में छाया नेहा की आवाज का जादू



**वाराणसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय से मानव संसाधन में एमबीए कर रहीं नेहा चौहान की आवाज खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में गूंज रही है। नेहा यहां पुरस्कार वितरण समारोह में एरिना में अपनी दिलकश आवाज के साथ मौजूदगी दर्ज कराती हैं तो माहौल बिलकुल बदल सा जाता है। तालियों की गड़गड़ाहट उनकी यादगार मौजूदगी का अहसास कराती है।

हिंदी और अंग्रेजी की भाषा पर समान रूप से नियंत्रण रखने वाली नेहा स्पोर्ट्स एंकर के तौर पर अपनी पहचान स्थापित करने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रही हैं।खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की कुश्ती प्रतियोगिता में भी नेहा चौहान ने ही पुरस्कार वितरण समारोह में एंकरिंग की थी। इससे पहले पिछले साल उन्होंने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संपन्न मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भी अपनी दिलकश एंकरिंग से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था।

चार साल से अलग-अलग कार्यक्रमों में एंकर और प्रेजेंटर की जिम्मेदारी निभा चुकी नेहा कहती हैं कि लोगों से परस्पर संवाद स्थापित करने के लिए हिंदी से बेहतर दूसरी भाषा कोई और नहीं। हालांकि मेरी पकड़ हिंदी और अंग्रेजी दोनों पर है। ऐसे में इंवेंट में कभी दिक्कत नहीं आती।

# विवेक अकादमी फाइनल में



**वाराणसी।** मैन ऑफ द मैच तेजश जिंदल (6-1-25-4) के घातक गेंदबाजी से विवेक क्रिकेट अकादमी ने यहां मुस्लिम इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रही सुकुरुल्लाह खां अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में जगतपुर क्रिकेट अकादमी को 103 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

टास हारकर पहले खेलने उतरी विवेक क्रिकेट अकादमी की टीम 29.5 ओवर में 234 रन पर सिमट गयी। राजवीर रावत ने 79, अंगद पटेल ने 35, आशीष यादव ने 26 और श्रेयश उपाध्याय ने 24 रन का योगदान दिया। सत्यम राय ने चार और सौरभ स्वराज ने तीन विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी जगतपुर क्रिकेट अकादमी ने 23.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 131 रन ही बना पायी। प्रशांत चौबे ने 36 और आकाश वर्मा ने 24 रन का अंशदान किया। तेजश के अलावा आशीष यादव और देवेश सिंह ने दो-दो विकेट लिया।



# कार्यालय जिला पंचायत, बलिया

पत्रांक 02/जि0पं0ब0-बालू मो0 आ0नी0/2023-24 दिनांक 01.06.2023

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित खनिज उद्गम स्थल से खनिज ढोने वाले वाहनों से परिवहन शुल्क वसूली हेतु ई-टेण्डर ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है, जो विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदाओं की ऑनलाइन उपलब्धता | ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|
| | इस कार्यालय के पत्रांक 01/जि0पं0ब0-बालू0 मो0/खनिज परि0-ई0-टे0/2023-2024 दिनांक 01.06.2023 द्वारा जनपद अन्तर्गत उद्गम स्थल | दिनांक 03.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे से 14.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | दिनांक 14.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक | दिनांक 15.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे कार्यालय जिला-पंचायत बलिया |
| 1 | तहसील बेल्थरा रोड, ग्राम- खैराखास आ0न0-593 रकबा 11.90 हेक्टेयर | | | |
| 2 | तहसील सिकन्दरपुर ग्राम-कठौड़ा आ0न0 3020 नि0 रकबा 5.00 हे0 एवं | | | |
| 3 | तहसील-सदर ग्राम-नौबरार 1881 मु0बेल्सीपाह आ0न0 03 रकबा 5.00 हे0 से खनिज परिवहन शुल्क की वसूली वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.07.2023 से 31.03 2024 तक के लिये) ई-निविदा पोर्टल http//etender.up.nic.in पर अपलोडेड की ई-निविदा। | | | |

**अन्य मुख्य शर्तें-**

1-वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.07.2023 से दिनांक 31.03.2024 तक) प्रत्येक खनिज उद्गम स्थल के लिये टेण्डर फार्म का मूल्य 5000.00 (पांच हजार रुपये मात्र) निर्धारित है, जो फार्म 05 अथवा जिला पंचायत, बलिया के जिला निधि खाता संख्या-25100100000984 बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा कर सकते हैं।

2- खनिज उद्गम स्थल तहसील बेल्थरा रोड ग्राम-खैराखास के लिये सरकारी बोली 10.00 लाख (दस लाख रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है।

3-खनिज उद्गम स्थल तहसील सिकन्दरपुर ग्राम कठौड़ा के लिये सरकारी बोली 10.00 लाख (दस लाख रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है।

4- खनिज उद्गम स्थल तहसील सदर ग्राम नौबरार के लिये सरकारी बोली 10.00 लाख (दस लाख रुपये मात्र) निर्धारित किया गया है।

5-ई-टेण्डरदाता को ई-टेण्डर के लिये निलामी तिथि दिनांक 03.06.2023 से दिनांक 14.06.2023 तक प्रत्येक खनिज उद्गम स्थल के लिये मु0 5.00 लाख (पांच लाख रुपये) का बैंक ड्राफ्ट अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बलिया के नाम जमानत जमा करना होगा।

6-ठेकेदार को उपविधि ने निर्धारित शुल्क के अनुसार ही वसूली करना होगा।

7-http//etender.up.nic.in पर उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्तनामा आवश्य देख लें जिसका पालन करना अनिवार्य होगा।

(विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत बलिया

(आनन्द चौधरी)
अध्यक्ष
जिला पंचायत बलिया

पृ0सं. 02/विज्ञापन/खनिज-परि0-ई0-टे0/2023-24 दिनांक 01.06.2023


# किसानों को नहीं दी बीज की जानकारी, वेतन रुका

**औचक मुआयना**

### चिरईगांव के सरकारी बीज गोदाम के औचक मुआयने में स्थिति मिली निराशाजनक

### जिला कृषि अधिकारी व भूमि संरक्षण अधिकारी ने संयुक्त जांच में पकड़ी लापरवाही

जनसंदेश न्यूज



जिला कृषि अधिकारी व भूमि संरक्षण अधिकारी ने शुक्रवार को चिरईगांव के राजकीय कृषि बीज भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया

**वाराणसी।** चिरईगांव स्थित सरकारी बीज गोदाम में उपलब्ध बीज के बारे में न तो प्रचार-प्रसार किया गया और न ही किसानों के बीच जाकर उन्नत बीजों से होने वाले लाभ के बारे में बताने की जरूरत ही समझी गयी। फलस्वरूप प्रचार-प्रसार के अभाव में गोदाम से बीज की उठान बेहद निराशाजनक है। इस आरोप में वहां के दो कर्मचारियों का वेतन रोकने की संस्तुति की गयी है। साथ ही दोनों से जवाब-तलब किया गया है।

वर्तमान में धान की नर्सरी डालने का उपयुक्त समय चल रहा है। किसानों को अपने-अपने ब्लॉक के सरकारी बीज गोदामों से उच्च गुणवत्ता के प्रमाणित एवं आधारीय धान बीज अनुदान पर लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। लेकिन चिरईगांव स्थित बीज गोदाम से अबतक पर्याप्त मात्रा में न तो बीज का उठान तथा वितरण हुआ है और न ही इस बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत ही समझी गयी।

जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह शुक्रवार को भूमि संरक्षण अधिकारी ऊसर सुधार अमित कुमार मिश्र के साथ जब चिरईगांव के राजकीय कृषि बीज भंडार का औचक मुआयना किया तो यह स्थिति मिली।

मौके पर गोदाम प्रभारी शिवी सिंह, तकनीकी सहायक नंदन कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद प्रकाश और चपरासी अमरावती देवी की उपस्थिति रही। यहां खरीफ सीजन के लिए उपलब्ध कराये गये बीजों में अबतक धान 86.40 कुं. के सापेक्ष 47.30 कुं., उर्द 1.20 कुं. के सापेक्ष 0.46 कुं. एवं मूंग 1.44 कुं. के सापेक्ष 0.64 कुं. बीजों का ही वितरण हो सका है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गोदाम पर कर्मचारीवार बीज वितरण की समीक्षा में तकनीकी सहायक आशीष सिंह और मनोज कुमार प्रजापति के स्तर से बीज उठान एवं वितरण में रुचि न लिये जाने का मामला प्रकाश में आया। दोनों की कार्य प्रणाली बेहद निराशाजनक पायी गयी। इस कारण आशीष और मनोज का वेतन रोकने की संस्तुति की गयी है। इसके अलावा दो कर्मचारियों को इस प्रकरण में तत्काल स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। वहीं, कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी को अवशेष धान बीज प्रत्येक दशा में आगामी पांच जून तक शत-प्रतिषत वितरित करने के निर्देश दिये गये।

### बेहतरीन धान बीजों का उठाएं लाभ

जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए जनपद के प्रत्येक सरकारी कृषि बीज भंडारों पर सुगंधित महीन श्रेणी के धान बीज एचयूआर-917, सियाट्स-4 तथा 1, सांभा सब-1, सीओ-51 तथा एनडीआर-2065 प्रजातियों के 710.40 कुं. बीज उपलब्ध हैं। इन बीजों पर 50% अनुदान डीबीटी के जरिये दे रहे हैं। इन बीजों में एचयूआर-917, सियाट्स-4 एवं 1 बीज रोग अवरोधी हैं। सो, इन प्रजातियों की धान की फसल में रोग नियंत्रण के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ता और उपज भी अधिक मिलती है।

# मोदी युग में आया देश की राजनीति में परिवर्तन



प्रेसवार्ता करते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी तथा बगल में बैठे प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर व अन्य

**बोले जमाल सिद्दिकी**

### बिना किसी भेदभाव के पात्रों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

### केन्द्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर गिनाई उपलब्धियां

**बलिया।** मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने उपलब्धियां गिनाई। शहर के होटल में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में श्री सिद्दीकी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को पूरी दुनिया अपना रही है। मोदी युग में देश की राजनीति में परिवर्तन आया है। जातिवाद, शोषण व गुंडागर्दी को खत्म किया गया है। इसके पहले देश में परिवारवाद था। पीएम मोदी ने देश में एक माहौल बनाया है, जिससे साधारण लोक कार्यकर्ता को भी राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए जमाल सिद्दीकी ने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले नौ सालों में सरकार को गरीब कल्याण के लिए समर्पित किया है। पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया जाता था, लेकिन गरीबी नहीं हटती थी। कोरोना काल में भारत की तरफ दुनिया देखती थी। पीएम मोदी ने कोरोना से देश को बचाया। पूरी दुनिया ने कोरोना को लेकर उठाए गए भारत के कदमों को अपनाया है। कोरोना के समय से 80 करोड़ परिवारों को राशन दिया जा रहा है। इसमें कहीं कोई भेद नहीं किया गया। कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता भी सबकी सेवा में लगे रहे। बीते नौ सालों में कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में सहयोग किया। पीएम स्वनिधि योजना से गरीबों के जीवन में उजाला आया है। वर्तमान में दुनिया भर में महंगाई है, लेकिन भारत में महंगाई नहीं है। यहां पर महंगाई दर महज 6.3 प्रतिशत है। क्योंकि पीएम ने सभी के लिए कार्य किया। सबको साथ लेकर काम किया। न लिंग भेद किया, न जाति भेद किया और न धर्म भेद किया। उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाया। पीएम गरीब के बेटे हैं। उन्हें गरीब का दर्द मालूम है। उन्होंने उज्ज्वला योजना के जरिए फ्री गैस सिलेंडर दिया। इसमें अकेले एक करोड़ 75 लाख यूपी में दिया गया है। आजादी के बाद आज तक बिजली कनेक्शन नहीं था। 75 लाख बिजली कनेक्शन यूपी में दिया गया है। हमारी सरकार ने देश में पेयजल संकट दूर किया। उत्तर प्रदेश में ही नल जल योजना के माध्यम से एक करोड़ आठ लाख घरों में पीने का जल पहुंचाया गया। पीएम ने असंगठित मजदूरों को भी काम का बेहतर माहौल दिया। आठ करोड़ तीस लाख जाब कार्ड सिर्फ उत्तर प्रदेश में दिया गया है। यही वजह है कि अब बड़े शहरों में पलायन नहीं होता। यहां बेरोजगारों को 23 करोड़ 32 लाख ऋण बांटा गया है। पीएम ने किसान सम्मान निधि दो करोड़ 50 लाख किसानों को दिया। 55 हजार करोड़ यूपी में किसान सम्मान निधि के रूप में दिया गया है। मोदी सरकार ने गरीबों के स्वास्थ्य की भी चिंता की।

### 22 करोड़ लाभार्थियों को मिला आयुष्मान कार्ड

**बलिया।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के जरिए गरीबों को पांच लाख की मदद इलाज में दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 22 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिल चुका है। देश में मोदी सरकार ने सात साल में पंद्रह एम्स खुलवाए हैं। महिलाओं के सम्मान के लिए शौचालय बनवाए गए। इसके तहत उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 22 लाख इज्जत घर बनवाए गए हैं। उन्होंने टूजी और कोयला घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि पहले रोज घोटाले होते थे। आज तक एक पैसे का घोटाला नहीं हुआ है। प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं गरीबों के लिए हैं। जिले में माडल बस स्टेशन बनने जा रहा है। जल निकासी के लिए तीन सौ करोड़ की योजना पर काम हो रहा है। अब तो केंद्र व प्रदेश सरकार में योजनाओं को समय से पूरा किया जाता है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू व पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री ने की गांव, गरीब एवं किसान की चिंता

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

**गांवों को जोड़ने के लिए बनाये जा रहे लिंक रोड**

**बलिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि नौ साल के मोदी के कार्यकाल में देश का कायाकल्प हुआ है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संसदीय राजनीति में भरोसे का संकट दूर किया है। गांव, गरीब व किसान की चिंता मोदी ने की। अपनी सांसद निधि का हिसाब देते हुए कहा कि चार साल में लोकसभा क्षेत्र के अस्पतालों में आक्सीजन प्लांट लगा है। जगह-जगह सत्संग भवन बनाए गए हैं। ऐतिहासिक भृगु मन्दिर के कारिडोर का कार्य शुरू हुआ है। इसके पहले जिले में सड़कों का अभाव था। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत सड़कें बनवाई जा रही हैं। यूपी का पहला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बलिया में बन रहा है। गांवों को जोड़ने के लिए लिंक रोड भी बन रहे हैं। कुल 25 हजार करोड़ की सड़कें बन रही हैं। कहा कि मोदी सरकार में हर क्षेत्र का विकास हुआ है। बलिया के रेलवे स्टेशन अमृत काल योजना के तहत चमक रहे हैं। जल परिवहन के लिए गंगा में चार जेट्टीयां बन रही हैं। हर विकास खण्ड में एक-एक कृषि कल्याण केन्द्र बन रहे हैं। चार विकास खंडों में कार्य प्रारंभ भी है। खेल के मैदान बन रहे हैं। मेडिकल कालेज स्वीकृत हुआ है, जो जल्द ही बनेगा। सेना में जिले के लोगों की काफी संख्या है। इसलिए यहां एक सैनिक स्कूल की भी स्वीकृति मिल चुकी है। जल संरक्षण के लिए कटहल नाला व मंगई नदी को खुदवाया गया है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। श्री मस्त ने कहा कि बलिया और गाजीपुर मोटे अनाज पैदा करने के प्रमुख जिले हैं। हर ब्लाक पर मोटे अनाज के बीज वितरण किए जाएंगे। मोटे अनाज को पीएम ने दुनिया भर में मान्यता दिलाई है। इससे देश के छोटे किसानों का जीवन बेहतर बनेगा।

## संक्षेप

### रामनाम की महिमा का किया गुणगान



समर कैम्प में श्रीरामचरित मानस का पाठ करते बच्चे

**बलिया।** नगर से सटे पौहारीपुर में संत बालक बाबा के सानिध्य में 30 दिवसीय श्रीराम चरित मानस समर कैम्प का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन मुख्य वक्ता हरिशंकर तिवारी ने गायन किया। इसको सुनकर बच्चों ने क्रमशः अगली चौपाई पढ़ा और रामनाम की महिमा जाना। रजनीकांत सिंह ने बताया कि श्रीरामचरित मानस में बच्चों के लिए अच्छे संस्कार बताये गए है। अश्विनी तिवारी ने कहा कि मासपारायण के दूसरे अध्याय में राम नाम की महिमा बताया गया है कि समस्त पाप, दोष, भय सबका नाश हो जाता है। छात्र जीवन में छात्रों को बिल्कुल ही साधारण तरीके से रहना चाहिए और अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर नितीश उपाध्याय, प्रशांत श्रीवास्तव, मोहित पाठक, श्रीप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### सड़क के किनारे मिला युवक का शव

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बभनौली-रछौली मार्ग पर 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़क के किनारे पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त विनोद कुमार पुत्र स्व. प्रभुनाथ निवासी ग्राम करनी के रूप में की गई। परिजनों का कहना है कि मृतक गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे खाना खाकर साइकिल पर चावल लादकर बेचने के लिए तेलमा चट्टी गया था। गुरुवार को अपराह्न दो बजे उक्त मार्ग पर गुजर रहे ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को सड़क के किनारे मृत अवस्था में मिलने पर शोर मचाया। शव की शिनाख्त के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने मृतक के पुत्र अक्षय कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन तथा चालक के विरुद्ध धारा 279, 304ए के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उप निरीक्षक दिनेश चन्द कौशिक को सौंप दिया है।

### असलहा के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** रसड़ा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के आदेश के अनुपालन में अपराध नियंत्रण व संदिग्ध व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी रसड़ा फहीम कुरैशी के कुशल पर्यवेक्षण में निरीक्षक अपराध रसड़ा निहार नन्दन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के उनि अमरजीत यादव मय फोर्स द्वारा कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को मूखबीर की सूचना के आधार पर अभियुक्त संजय तिवारी पुत्र मुन्नीलाल तिवारी निवासी सहबाजपुर, थाना रसडा को तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस के साथ परसिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर रसड़ा थाना पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए चालान न्यायालय कर दिया गया। पुलिस टीम में उनि अमरजीत यादव, कां. मो. इरशाद, स्वामीनाथ यादव शामिल रहे।

### वरासत निस्तारण को चल रहा अभियान

**बलिया।** वरासत को लेकर होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार ने एक बड़ी पहल की है। सरकार ने एक पखवारे तक वृहद वरासत अभियान चला कर मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इसके तहत लेखपाल गांव-गांव कैम्प लगाकर मृतकों के उत्तराधिकारियों का सत्यापन करेंगे। साथ ही खतौनी में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन भी करवाएंगे। एसडीएम सिकंदरपुर अरुण कुमार मिश्र ने सभी सर्किल कानूनगो व लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि वरासत दर्ज कराने के लिए किसी को तहसील का चक्कर न काटना पड़े। एक से 15 जून तक चलाए जाने वाले इस अभियान को कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ संपन्न करें, ताकि भूमि विवाद से जुड़े मामलों में कमी लाई जा सके। बताया कि उक्त अभियान का उद्देश्य लंबे समय से लंबित वरासत के मामलों को निस्तारित करने के साथ ही खतौनी की त्रुटि को भी सुधारना है। कैम्प के पर्यवेक्षण के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कड़ी में काजीपुर में तीन जून को, महथापार व पुरुषोत्तमपट्टी में चार जून, भागीपुर व बालूपुर में पांच जून को कैम्प लगाया जाएगा। निपनिया, चंदायर व भटवाचक में 6 जून, कड़सर, लखनापार, बनहरा और असना में 7 जून, हथौज खरसरा व रक्शा डैनिया में 9 जून, खेजुरी तथा रूपवार में 10 जून को कैम्प लगाकर उक्त ग्राम पंचायत सहित अगल-बगल के गांव में लंबित वरासत के मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम में उक्त कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता को अक्षम्य बताया।

# बांस की खेती से मालामाल होंगे किसान

**पहल**

### छोटे काश्तकारों को एक पौधे पर मिलेगी 120 रुपये की सब्सिडी

**बैरिया।** हरा सोना कहा जाने वाला बांस अब किसानों की जिंदगी में हरियाली लाने वाला है। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय बांस मिशन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं और किसानों को बांस उगाने पर 50 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। वहीं, छोटे काश्तकारों को एक पौधे पर 120 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। किसानों को बांस के पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

बांस उद्योग को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में बढ़ोत्तरी के लिए शासन ने बांस की खेती योजना को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत हजारों बांस लगाए जाएंगे। शासन से वन विभाग को पिछले वर्ष लक्ष्य दिया था। इस वर्ष अभी लक्ष्य नही आया है। वन विभाग भी सरकारी जमीनों पर बांस लगाएगा। शेष चार हेक्टेयर के लिए किसानों को पौधे दिए जाएंगे। राष्ट्रीय बांस मिशन योजना के तहत बांस की खेती से लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मुहैया होगा। इससे रोजगार के लिए गांवों से शहरों की ओर हो रहे पलायन पर भी रोक लगेगी। किसान गांव में बंजर भूमि पर हरा सोना उगाकर अपना भविष्य संवार सकेंगे। अन्य संबंधित सामग्री के लिए बैंक से लोन दिलाया जाएगा। इस पर किसानों को 50 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी। यह सब्सिडी तीन वर्ष में तीन किस्तों में दी जाएगी। पहले साल 60 फीसदी, दूसरे साल 30 फीसदी व तीसरे साल 20 फीसदी अनुदान दिया जाएगा। वहीं, छोटे काश्तकारों को बांस उगाने पर एक पौधे पर 120 रुपये की सब्सिडी मिलेगी। योजना के तहत क्षेत्र में प्रारंभ की जा रही बांस की खेती को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। क्षेत्र के किसानों की सूची तैयार की जा रही है। इसके लिए बकायदा प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। वन विभाग ने इसके लिए एक नंबर जारी कर उसमें नाम-पता व उपलब्ध भूमि की जानकारी मांगी है, ताकि प्राप्त जानकारी के आधार पर बांस की खेती कराई जा सके।

> बांस की खेती के लिए किसानों को सरकार की ओर से अनुदान राशि दी जाएगी। इस योजना के तहत किसानों को मुफ्त में पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही किसानों को सब्सिडी भी दी जाएगी। एक हेक्टयर पर 27000 रुपये का अनुदान मिलेगा। इसके लिए ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य आदि से सम्पर्क कर किसानों को जागरूक करते हुए इसको बढ़ावा दिया जायेगा।
>
> **राजेश श्रीवास्तव, वन क्षेत्राधिकारी बैरिया**

# श्रद्धालुओं ने की यज्ञ मंडप की परिक्रमा



यज्ञ मंडप में पूजन करते लोग

**आयोजन**

### संत भाला बाबा एवं अग्निदेव के जयकारे से गूंज उठा इलाका

**बैरिया।** दोकटी थाना क्षेत्र के बाजिदपुर स्थित सन्त शिरोमणि संत भाला बाबा की कुटी पर आयोजित भव्य श्रीराम महायज्ञ के क्रम में तीसरे दिन शुक्रवार को वैदिक मंत्रोंचार के बीच अरणी मन्थन कर आचार्यो ने अग्नि प्रज्जवलित किया। उस समय सन्त भाला बाबा, अग्निदेव, स्वामी जी महाराज के जयकारे से पूरे क्षेत्र गुंजायमान हो गया। हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा किया।

अयोध्या से पधारे आचार्य पंडित मिथिलेश जी के नेतृत्व में यज्ञ का संचालन हो रहा है। शाम को महाआरती के बाद मानस किंकर जी महाराज द्वारा प्रवचन एवं रात में वृन्दाबन से आये रासलीला टीम ने रासलीला का मंचन कर लोगों का मन मोह लिया।

भाला बाबा की कुटी परिसर स्थित यज्ञशाला में दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं और भोर से ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञ के नेतृत्व कर्ता श्री श्री 1008 स्वामी रामानंद दास जी महाराज ने बताया कि यज्ञ वहां होता है, जहां पुण्य का उदय होता है।

यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और अच्छी दृष्टि होती है। यज्ञ स्थल के अगल-बगल दुकानें लगी हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोकटी थानाध्यक्ष मदन पटेल के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस के जवान डटे हुए हैं।



*सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के पास बने रेल फाटक के बंद रहने के बाद भी दोपहिया चालक और पैदल यात्री रेल फाटक के लोहे के एंगल के नीचे से बाहर निकाल कर आ-जा रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गेटमैन के मना करने पर वाहन चालक मारपीट पर उतारू हो जा रहे हैं। जानकार लोगों का कहना है कि यह सबकुछ स्थानीय पुलिस एवं आरपीएफ के संज्ञान में हो रहा है। क्योंकि रेल फाटक बंद हो जाने के बावजूद लोहे के एंगल के नीचे से दोपहिया वाहनों को ले आना-ले जाना बदस्तूर जारी है। क्षेत्रवासियों ने इस तरफ उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।*

# बच्चों ने हाथ उठाकर ली शपथ

**कार्यशाला**

### पर्यावरण संरक्षण विषयक पोस्टर कला प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे



पोस्टर के साथ शपथ लेते बच्चे

**बलिया।** राज्य ललित कला अकादमी उप्र, लखनऊ की ओर से ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक चल रहा है। शुक्रवार को प्रशिक्षण के दौरान मुख्य सचिव उप्र शासन एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार तथा जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर तक प्रत्येक दिन पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के अंतर्गत जन सहभागिता एवं संवेदीकरण हेतु टाउन इंटर कालेज के सभागार में राजकीय इंटर कालेज बलिया के कला अध्यापक डॉ. इफ्तेखार खान के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण विषयक पोस्टर कला प्रतियोगिता कराया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 80 छात्र-छात्राओं ने चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा ने पर्यावरण बचाने के लिए बच्चों को प्रेरित करते हुए वृक्ष लगाने का सुझाव दिया। अंत में कला अध्यापक डॉ. इफ्तेखार खान ने बच्चों का दाहिना हाथ उठाकर तथा बाएं हाथ में पेंटिंग लेकर पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली के अंतर्गत शपथ दिलाया। कार्यक्रम में अनंत गुप्ता, आकांक्षा गुप्ता, अंचल, रूद्र, नंदिनी सिंह, शिवांश गुप्ता, अनुष्का, आयुषी, अनस खान, आरात्रिका, आकर्षिका, पिंकी प्रजापति, सोनाक्षी, सायमा, आयत गुफरान, मनीषा, अलीशा, सादिया, अनामिका, शब्दिता, शुभम, अभिनव, दीक्षा, विनीत, रुकैया, आराध्या, अंश मिश्रा, दीपक, आदित्य, सिदरा इमाम, आयुष, समृद्धि, निर्मल श्याम, तुलसी श्याम, स्तुति अभिषेक, वेदांश, राजश्री, अनन्या, अनुग्रह, अनुष्का, सादिया परवीन, मुस्कान, निलेश राज, अग्रिम श्री, मान्यता, अनामिका, आस्था, पलक, उत्सव, सिद्धि, श्रेयांश, जानवी, आलोक मिश्रा, आदित्य, अद्वित आनंद, आकर्षिका, सोनाक्षी, साक्षी, आलिया विश्वकर्मा, अभिषेक चौबे, मौसम, आदित्य, विधि प्रताप सिंह, आदित्य, ऐनम खान, ख्वाहिश, अनन्या, याशिका, नव्या, हर्ष मिश्रा, उत्कर्ष, अर्णव, अमन, जारी हैदर, श्लोक ओझा आदि ने हिस्सा लिया।

# प्लॉस्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण शुरू

**प्रयास**

### प्लॉस्टिक कचरे को मंगाकर की जायेगी प्रोसेसिंग

**बलिया।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत सुखपुरा में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। इसके निर्माण हेतु पंचायती राज विभाग ने 16 लाख की धनराशि जारी कर दी है। यह निर्माण एनएच-727बी से थोड़ी दूर किया जा रहा है। प्लास्टिक कचरे से तैयार सामग्री का उपयोग सड़क निर्माण में किया जाएगा। प्लास्टिक कचरे का निस्तारण अब ग्राम पंचायत स्तर पर करने की सरकार की योजना है।

इस योजना के तहत बेरुआरबारी ब्लाक के सबसे बड़े गांव सुखपुरा का चयन किया गया है। ग्राम पंचायत ने बहुत पहले इसके लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी थी। संभवतः जनपद का यहां पहला प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत इसका निर्माण किया जा रहा है। यूनिट के निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को ही सौंपी गई है। इस यूनिट में आस-पास के गांवों से प्लास्टिक कचरे को मंगा कर उसकी प्रोसेसिंग की जाएगी। गांवों में प्लास्टिक संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। वहीं से प्लास्टिक कचरे को इस यूनिट में लाया जाएगा। प्लास्टिक कचरे में प्लास्टिक के बोतल, विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे कुरकुरे, चिप्स, नमकीन आदि के रैपर होंगे। इसी के बगल में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) का निर्माण भी किया जा रहा है, जो अब अंतिम चरण में है। इसमें कूड़ा इकट्ठा किया जाएगा। फिर उसके निस्तारण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक, अन्य ठोस एवं तरल कूड़ा को अलग कर प्लास्टिक को इसी कैम्पस में निर्मित होने वाले प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट संयंत्र के द्वारा कटिंग कर अन्य उपयोग में लाने लायक बनाया जाएगा। इसका निर्माण भी ग्राम पंचायत द्वारा ही कराया जा रहा है। इसके लिए भी ग्राम पंचायत ने जमीन बहुत पहले उपलब्ध करा दी थी। प्लास्टिक कचरा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। केंद्रीय बोर्ड प्रदूषण के अनुसार सबसे ज्यादा प्रदूषण प्लास्टिक कचरे से ही हो रहा है। इसमें मामूली कचरा ही रीसाइक्लिंग किया जा रहा है। अस्सी से पच्चासी प्रतिशत शेष कचरा पर्यावरण के लिए काफी संकट पैदा कर रहा है। इसी परिपेक्ष्य में सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर इस योजना की शुरुआत की है। इससे प्रदूषण से लोगों को मुक्ति मिलेगी। ग्राम प्रधान अभिमन्यु चौहान एवं ग्राम विकास अधिकारी भरत सिंह ने बताया कि आरआरसी केंद्र और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण पूरी शिद्दत के साथ गुणवत्तापूर्वक किया जा रहा है। पिछले दिनों जिला स्तरीय अधिकारियों ने इस केंद्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया था। ग्राम पंचायत इसके शीघ्र निर्माण का गंभीरता से प्रयास कर रहा है।

### निर्माण कार्य की हो रही निगरानी

**बलिया।** जिला पंचायत राज अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने बताया कि बेरुआरबारी ब्लाक के सुखपुरा गांव में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण चल रहा है। इसके लिए धनराशि जारी कर दी गई है। निर्माण कार्य की निगरानी भी की जा रही है। इसका निर्माण शीघ्र हो सके, यह प्रयास किया जा रहा है। निश्चित रूप से इससे लोगों को प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।

# छात्रों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**धरना**

### अपनी मांगों के समर्थन में बुलंद की आवाज

**बलिया।** छात्रवृत्ति संबंधित मांग को लेकर छात्रों तथा छात्रनेताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में सत्याग्रह किया। छात्रों ने फीस पूरी-छात्रवृत्ति अधूरी के बैनर के साथ धरना देना शुरू किया। इस दौरान छात्रनेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

छात्रनेताओं ने कहा कि छात्रों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति नियमित दी जाती रही है। इससे छात्रों को अपने अकादमिक अध्ययन को अग्रसर करने में आर्थिक संबल मिलता रहा है। पिछले वर्षों की तरह इस सत्र 2022-23 में 83 लाख 62 हजार 85 छात्रों ने छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया। इसमें मात्र 21 लाख 66 हजार छात्रों के ही खाते में आधी अधूरी छात्रवृत्ति का धन आया है। छात्रनेताओं ने कहा के 9 लाख 23 हजार 669 छात्रों को दस्तावेजी तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसकी वजह से करीब 70 प्रतिशत छात्र इस वर्ष भी छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं। अगले क्रम में सरकार द्वारा दूसरी किश्त 15 से 30 मई के बीच देने को कहा था, लेकिन यह समयावधि भी पूरी हो चुकी है।

इस तरह से लगभग 61 लाख छात्र इस सत्र में भी छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्रों के साथ यह नीतिगत लापरवाही प्रदेश के छात्रों के शैक्षणिक उन्नयन में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। यह पीड़ा पूरे उत्तर प्रदेश के छात्रों की है। क्योंकि छात्रवृत्ति किसी भी छात्र के लिए एक राशि मात्र नहीं है, बल्कि उनके लिए एक उम्मीद है। यह उन्हें अपने पढ़ाई को क्रमागत करने में सहायक होती है। छात्रों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि ऐसे में छात्रों के हिस्से की छात्रवृत्ति देने के लिए प्रावधान सुनिश्चित हो तथा इसके लिए कानून बने।

# हीटवेब से सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

**परेशानी**

### तेज पछुआ हवा के कारण उड़ती रही धूल

**बैरिया।** प्रचण्ड गर्मी से बेचैनी एवं उमस के साथ हीटवेव लगातार जारी है। शुक्रवार को तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। हीटवेव के कारण दोपहर में जहां सड़क पर आवागमन प्रभावित रहा, वहीं बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोग सुबह के समय अधिक से अधिक काम करके घरों में रहने लगे हैं। दोपहर में सड़क पर पछुआ हवा के कारण धूल उड़ती नजर आ रही है।

मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अभी एक सप्ताह तक गर्मी व उमस से राहत की संभावना नहीं है। पछुआ हवा का झोंका दोपहर को चलेगा, जिससे तपिश और बढ़ सकती है। सुबह पुरवा हवा से राहत मिलती रहेगी। आसमान साफ रहेगा तथा मौसम शुष्क बना रहेगा। वायुमंडल की आद्रता प्रतिशत में तेजी से गिरावट दर्ज होगी। वर्तमान समय में सुबह की अपेक्षा शाम की आद्रता प्रतिशत 32 से 45 रहेगा, जो शाम को गिरकर 16 से 19 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इस मौसम में सतर्क रहने की जरूरत है। काम हो तो सुबह-शाम करना चाहिए। धूप से परहेज रखना आवश्यक है।

> गर्मी के कारण मौसम का तापमान बढ़ता जा रहा है। वही, वायुमंडल में आद्रता की कमी से पसीना बहना बढ़ गया है। सतर्क रहने की जरूरत है। तपिस व गर्मी में लिक्विड फूड अथवा हल्का भोजन लेना चाहिए। बहुत आवश्यक ना हो तो दोपहर को घर से बाहर ना निकले। घर से निकलते समय सिर को गमछा या टोपी आदि से ढ़ककर निकले।
>
> **डा. एनके सिंह, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी**

### गमछा एवं तौलियां की बढ़ी बिक्री

**बैरिया।** चेहरे को जला देने वाली चिलचिलाती धूप से बचने के लिए महिला-पुरुष व बच्चे खुद के चेहरे को गमछा-तौलिया से लपेट कर घर से निकलने लगे हैं। पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया है। इसके कारण गमछा और तौलिया की बिक्री बढ़ गई है। ज्यादातर लोग सफेद गमछा को अपने चेहरे पर लपेटना पसंद कर रहे हैं। क्षेत्र के बैरिया, रानीगंज, लालगंज, दोकटी, टोला शिवन राय सहित अन्य बाजारों के दर्जनों दुकानों पर सैकड़ों से ज्यादा गमछा और तौलिया की रोजाना बिक्री हो रही है। गमछा 90 से 110 रुपये एवं तौलिया 80 से 110 रुपये में बिक रहा है। बैरिया के दुकानदार अजय श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी में गमछा और तौलिया की बिक्री दूसरे मौसम की अपेक्षा डेढ़ गुणा ज्यादा बढ़ जाती है। गमछा से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिलती है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, नौ गंभीर

**दुर्घटना**

### कार ने बाइक के बाद आटो में मारी टक्कर

**बलिया।** चिलकहर क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को धक्का मारते हुए सवारियों से लदी आटो से जा टकराई। इससे जहां बाइक सवार हवा में उछलकर दूर जा गिरा, वहीं आटो के परखच्चे उड़ गए। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार सहित आटो में बैठे करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार की आवाज सुन आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए आठ लोगों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में नाजुक स्थिति को देखते हुए बाइक सवार दो लोगों को वाराणसी रेफर कर दिया। इसमें वाराणसी जाते समय रास्ते में मोनू चौरसिया की मौत हो गई।

बलिया की तरफ से तेज रफ्तार कार ने चिलकहर चट्टी से पहले ही बाइक सवार को जोरदार धक्का मार दिया। इससे बाइक सवार फेफना थाना क्षेत्र के एकौनी निवासी मोनू (26) पुत्र रामेश्वर चौरसिया तथा गोलू सिंह (25) पुत्र सत्यप्रकाश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद कार ने रसड़ा की तरफ जा रही आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो सवार यात्री विनोद कुमार (43) पुत्र गिरजा प्रसाद निवासी गांव डेहरी, सरिता देवी (35) पत्नी राजकुमार निवासी सहदेश, सुशीला (50) पत्नी बच्चेलाल निवासी माधवपुर, पुष्पा देवी (50) निवासी रेखहां, सच्चिदानंद (50) पुत्र स्व. शिवशंकर निवासी औंदी, हीरा यादव (60) निवासी रेखहां गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिलकहर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आठ घायलों को गंभीरावस्था में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इसमें दोनों बाइक सवार गोलू सिंह व मोनू को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। रास्ते में मौनू चौरसिया की मौत हो गई। गोलू की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची गड़वार पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजवाने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया।

# 15 जून तक करें ऑनलाइन आवेदन

**बलिया।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य पालन विभाग में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मत्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिये आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल 30 मई से खोला जा रहा है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 जून निर्धारित की गयी है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख, विस्तृत विवरण एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण बलिया, मुहल्ला-बनकटा से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# कैडेटों ने दिया पृथ्वी को हरा-भरा बनाने का संदेश

**रतसर।** क्षेत्र के डीएस मेमोरियल इण्टर कालेज सुहवा में सीनियर व जूनियर कैडेट्स द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के तहत शुक्रवार को 'प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान' थीम विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनसीसी कमांडर कर्नल एम हनु राव के दिशा-निर्देशन में एनसीसी बटालियन 93 के कैडेटों ने मन को छू लेने वाले पोस्टर बनाए। इनके माध्यम से पर्यावरण और पृथ्वी को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। एनसीसी कैडेटों ने प्रधानाचार्य और अध्यापकों को तुलसी के पौधे भी वितरित किया। कर्नल हनु राव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें हर अवसर पर पौधारोपण जरूर करना चाहिए। पौधे हमें शीतल छाया और कीमती आक्सीजन देते हैं। हमारे पूर्वजों ने पेड़-पौधों को देवी-देवताओं और माता-पिता का दर्जा दिया है।

## पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का शुभारम्भ

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध सेवा समर्पण संस्थान (पूर्वी उत्तर प्रदेश) का 01 जून की रात्रि से 05 जून की दोपहर तक पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का बलिया जिले के जिराबस्ती स्थित नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुभारम्भ हुआ। अखिल भारतीय मार्ग दर्शन सौमया जुलू व सह क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद द्वारा दीप प्रज्वलन कर इस वर्ग का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मार्ग दर्शक सौमया जुलू ने वर्ग में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को समाज सेवा के बारे बताते हुए कहा कि भगवान की कृपा से ऐसा अवसर मिलता है। अच्छे कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण निर्माण होता है, जिसके कारण वनवासी बंधुओं को लाभ होता है। इस अवसर पर अभा जनजातीय संपर्क प्रमुख व क्षेत्र संगठन मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र मणिराम पाल, अखिल भारतीय श्रद्धा जागरण टोली के सदस्य कामेश्वर तिवारी, प्रांत संगठन मंत्री पंकज, क्षेत्र शिक्षा प्रमुख वृजवासी पुरी, बलिया के जिला संगठन मंत्री श्रीराम कदन, जिलाध्यक्ष सेवा समर्पण संस्थान बलिया वीरेंद्र राय, वर्ग के व्यवस्था प्रमुख आनंद प्रकाश, जिला मंत्री सेवा समर्पण संस्थान बलिया डॉ. कृष्ण शंकर सिंह आदि बंधुओं ने सहभागिता की।

# गांव में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव

**मझौवां।** बेलहरी ब्लाक के ग्राम पंचायत गंगापुर का चहुंमुखी विकास होगा। प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव एवं सचिव विनय सिंह ने कहा कि गंगापुर के लोगों का काफी सहयोग मिलता है। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के साथ-साथ प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता का संरक्षण और जैविक खेती के लिए हम कैसे अपने सोच और व्यवहार में परिवर्तन लाए? इस विषय पर गंगापुर में वन विभाग द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रो. भगवान राय ने गोष्ठी के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए लोगों को भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। वन विभाग के अधिकारी तिवारी जी ने लोगों के व्यवहार में परिवर्तन की आवश्कता पर प्रकाश डाला। लोगों का उत्साह देखकर प्रो. राय प्रभावित हुए। उन्होंने गांव में प्रशिक्षण शिविर और पंचवाटिका स्थापित करने के लिए प्रस्ताव रखा। प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव ने सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा निकाली गयी नशा मुक्ति अभियान रैली

**रेवती।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान मे नगर पंचायत रेवती में नशा मुक्ति अभियान रैली शुक्रवार की शाम 5:20 बजे निकाली गयी। नशा मुक्ति अभियान रैली नगर के बस स्टैंड से शुरू होकर थाना गेट, बाजार, बीज गोदाम, नया दुर्गा मंदिर, उत्तर टोला बुढ़वा शिव मंदिर, पुल,डाकघर ,बिचला गढ़ स्थित हनुमान मंदिर आदि जगह से होते हुए पुनरू बस स्टैंड के समीप स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा पर पहुंचकर 6:30 बजे संपन्न हुई। नशा मुक्ति अभियान रैली के दौरान ब्रम्हाकुमारी भाई, बहनों ने नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन के माध्यम से लोगों को नशा से मुक्त होने के लिए जागरूक किया। विभिन्न जगहों पर रुक कर लोगों को नशा मुक्ति का शपथ ब्रह्माकमारी भाई, बहनों द्वारा दिलाया गया। इसके साथ ही राजयोगिनी पुष्पा देवी तथा समता दीदी ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से नशे से मुक्त हुआ जा सकता है।

# राजनीतिक संवाद के स्तर को गिराने से बचें

**कार्यक्रम**

### अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोशल मीडिया टीमों को दिया उपयोगी सलाह

**बलिया।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने शुक्रवार को पार्टी की सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम के तहत नगर के एक होटल में सोशल मीडिया टीमों को उपयोगी सलाह दिया। कहा कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया के माध्यम से जमीनी स्तर तक सरकार की उपलब्धि बताई जा सकती है।

कहा कि संगठन के मूल्यों का पालन करें और राजनीतिक संवाद के स्तर को गिराने से बचें। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि भले ही विपक्ष कोई भी राजनीतिक विमर्श गढ़े, हमें राजनीतिक संवाद के स्तर को गिराना नहीं है। सोशल मीडिया टीमों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सिद्दीकी ने संगठन में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका के बारे में भी बात की। कहा कि पार्टी के पास न केवल सबसे बड़ा, बल्कि सबसे प्रतिभाशाली स्वयंसेवकों का नेटवर्क भी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए विकास के संदेश को जनता तक ले जा सकता है। बीस साल पहले प्रिंट मीडिया का बोलबाला था। इसके बाद इलेक्ट्रानिक मीडिया आया। फिर धीरे-धीरे इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होती गई। वहीं, पिछले सात-आठ सालों में सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया का भी तेजी से प्रचार-प्रसार हुआ है। अब इसके जरिए ही खबर पूरी दुनिया तक पहुंच रही है। स्मार्टफोन ने इसे और आसान बना दिया है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी खूब हो रहा है। डिजिटल क्रांति में वही ठहर पाएगा, जो इसका सही इस्तेमाल करेगा। इसलिए अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए बीते नौ सालों में मोदी सरकार की वजह से बदलते भारत की तस्वीर को पूरी दुनिया में दिखा सकते हैं। इस मौके पर सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सुरेन्द्र सिंह, जयप्रकाश जायसवाल, नितेश मिश्रा, संजीव सिंह, रुपाली आदि रहे। अध्यक्षता जयप्रकाश साहू तथा संचालन आलोक शुक्ला ने किया।

# पूर्व मंत्री समेत चार आरोपित दोष मुक्त

**साक्ष्य का अभाव**

### सड़क जाम करने के मामले में हुई सुनवाई

**बलिया।** लगभग तेरह वर्षों पूर्व फेफना तिराहे पर भीड़ इकट्ठा कर विधि विरुद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग का रास्ता प्रातः सात बजे से 11 बजे तक अवरुद्ध करने के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय एमपी एमएलए श्रीमती तपस्या त्रिपाठी (अपर सीजेएम प्रथम) ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी समेत चार आरोपितों को दोष मुक्त कर दिया। विशेष न्यायालय श्रीमती त्रिपाठी ने पूर्व मंत्री समेत चारो आरोपितों को बीस-बीस हजार के प्रतिभू एवं निजी मुचलिके दाखिल करने पर रिहा करने हेतु आदेश पारित की है।

अदालती सूत्रों के अनुसार फेफना थाने द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 164/2010 में भादवि की धारा 143, 341 व 186 के तहत कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत टैगोर नगर निवासी उपेंद्र तिवारी पुत्र स्व. विश्वनाथ तिवारी, मनियर थाना क्षेत्र के भदपुर गांव निवासी देवेंद्र यादव (पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा), फेफना थाना क्षेत्र के खोरीपाकड़ गांव निवासी पृथ्वीनाथ राय उर्फ मृत्युंजय राय (पूर्व अध्यक्ष, टीडी कलेज) पुत्र स्व. ललन राय व फेफना थाना अंतर्गत नसीराबाद गांव निवासी श्रीप्रकाश पांडेय उर्फ धनन पांडेय पुत्र दयाशंकर पाण्डेय को विशेष न्यायालय श्रीमती त्रिपाठी की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दी है। अभियोजन के अनुसार यह घटना फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत फेफना तिराहे पर पांच अगस्त 2010 को घटित हुआ था।

इस घटना के वादी मुकदमा एसओ फेफना टीपी सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उपेंद्र तिवारी, पृथ्वीनाथ राय उर्फ मृत्युंजय, देवेंद्र यादव, श्रीप्रकाश पांडेय व अन्य लोग भीड़ एकत्र करके विधि विरुद्ध तरीके से सुबह सात से 11 बजे तक राष्ट्रीय राजमार्ग जाम किए हुए थे। इसके वजह से आम लोग काफी परेशान हो रहे थे। मना करने पर भड़काऊभाषण दे रहे थे।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पीएम मोदी का लक्ष्य: अनिल राजभर

**प्रेस वार्ता**

### प्रभारी मंत्री ने केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां



**मऊ।** शुक्रवार को केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। प्रभारी मंत्री ने कहा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ देश के लोगों को मिल रहा है। मोदी जी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। 30 जून तक पूरे देश मे मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अभियान चलेगा। कहाकि पथ, आकार व दिशा बनाने में कई सदियां गुजर जाती है लेकिन, पिछले नौ वर्षो में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐतिहासिक और अविस्मरणीय कार्य किया है। गरीब कल्याण और गरीब सशक्तिकरण के लिए यह सरकार लगातार काम कर रही है। वंचितों को उनका अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री ने जंग छेड़ी हुई है। सबका साथ सबका विश्वास के साथ संपूर्ण देश के विकास के लिए यह सरकार काम कर रही है। तकनीक में हमलोग पिछड़े हुए थे। नौ वर्षों में हम इस दिशा में काफी आगे बढ़ गए है। अब भारत की पहचान आत्मनिर्भर देश के रूप में होती है। 2014 से पहले भारत आर्थिक रूप से विकसित देशों में 11वें नंबर पर था, आज ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। 2030 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति हमारा देश बन जाएगा। मोदी जी के प्रयासों से बने नए संसद भवन में आधुनिकता के साथ प्राचीन संस्कृति और पूरे देश के योगदान के योगदान की झलक दिखाई दे रही है। पहले की सरकार कहती थी एक रुपया केंद्र सरकार से भेजती थी तो लाभार्थी के पास 15 पैसे पहुंचते थे। लेकिन मोदी सरकार में जनधन खाता और तकनीक के सहयोग से अब पूरे एक रुपये पहुंच रहे हैं। पहले वैक्सीन के लिए दूसरे देशों पर आश्रित रहने वाले भारत ने मोदी जी के संकल्प से कोरोना में भारत ने दो वैक्सीन तैयार किए। 210 करोड़ टीके लगाए। 100 देशों में टीके सहयोग हेतु भेजे गए। 50 करोड़ लोगों का आयुष्मान योजना कार्ड बना। 11 करोड़ किसानों को छह हजार रुपये प्रतिवर्ष दिया जा रहा है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक मान्यता दी गई। रेलवे ने तेज और आधुनिक कनेक्टिविटी के लिए पूरे देश में 400 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य रखा है जिनमे 20 चल रही है। देश के अंदर एयर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में 74 नए एयरपोर्ट और हेलीपैड बन गए हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है की 30 वर्षों में भारत को ड्रोन हब बनाना है। सड़क निर्माण 500 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2014 से पहले प्रतिदिन 12 किलोमीटर जबकि अब 37 किलोमीटर हाईवे बन रहा है। 2014 तक 90000 किलोमीटर हाईवे था नौ वर्षों में 53000 किलोमीटर तैयार। 2014 तक 248 किलोमीटर मेट्रो लाइन थी जबकि पिछले नौ वर्षों की मोदी सरकार में 860 किलोमीटर तैयार हुई हैं। सबसे बड़ा सोलर प्लांट दो हजार मेगावाट से ज्यादा क्षमता का राजस्थान में लग रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती, मुन्ना दूबे, सुनील गुप्ता, देवेंद्र सिंह, कृष्ण कांत राय मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**बलिया।** मुख्यमंत्री द्वारा 15 जून तक बाढ़ से संबंधित कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बाढ़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जहां भी कार्य धीरे चल रहा है वहां पर मजदूरों की संख्या बढ़ाकर जल्द से जल्द कार्य पूरा कराया जाए। कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य धीमा किए जाने पर जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता अमृतलाल को निर्देश दिया कि यदि ठेकेदार काम समय से पूरा नहीं करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाए। उन्होंने एसडीएम सदर को निर्देश दिया की कार्य की समीक्षा करके उन्हें अवगत कराएं। उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा ने बताया कि जहां पर बाढ़ का काम चल रहा है वहां पर गांव के कुछ लोग कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित एसओ को सूचित किया जाए और गांव वालों को कार्य में बाधा उत्पन्न न करने दिया जाए। बांसडीह के उप जिलाधिकारी ने सरयू नदी के तट पर तुतीपार बांध पर चल रहे कार्य के संबंध में बताया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बाढ़ के समय वहां पर कैंप लगाकर लोगो के स्वास्थ्य का परीक्षण करें। बाढ़ शरणालय में डॉक्टरों की टीम लगाई जाए। इसके अतिरिक्त आशाओं और आंगनबाड़ियों के माध्यम से गांव वालों को क्लोरीन की गोलियां वितरित की जाए। ग्राम पंचायत विभाग को निर्देश दिया कि विस्थापित स्थलों पर अस्थायी शौचालयों का निर्माण करवाया जाए।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओ को रखने और उनके चारा और पानी की व्यवस्था कराई जाए साथ ही पशुओं के चिकित्सा की भी व्यवस्था रखी जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभी से पशुओं का टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। साथ ही पशुओं के चारे की व्यवस्था के लिए जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर दिया गया है। बैठक में सभी उप जिलाधिकारी, आपदा प्रबंध के लोग और बाढ़ खंड के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद के दो फुटबॉल खिलाड़ी लंदन में आयोजित आर्सलैन यूथ फुटबॉल कप में प्रतिभाग हेतु रवाना





**मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि जनपद मऊ के दो फुटबाल खिलाड़ी मो0 नदीम एवं आयुष राजभर लंदन में आयोजित आर्सलैन युथ फुटबाल कप के फाइनल मैंच भाग लेने हेतु लंदन के लिये रवाना हो गये। उन्होंने बताया कि ये दोनों खिलाड़ी बलिया मोड़ पर स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में हमारे मार्गदर्शन में अभ्यास करते थें। मो0 नदीम का चयन गत साल फुटबाल छात्रावास, अयोध्या में हुआ था।

आयुष राजभर का चयन उत्तराखण्ड की कार्बेट एफसी क्लब के लिए हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी उत्तराखण्ड की फुटबाल टीम से आर्सलैन युथ फुटबाल लीग कप के फाइनल राउण्ड में गोवा खेलने के लिए गये। वहॉ पर भारतवर्श की दो टीमें लन्दन के लिए क्वालीफाई हुई। जिसके अन्तर्गत उत्तराखण्ड एवं मणिपुर की टीम के मध्य लन्दन में फाइनल मैच आज खेला जायेगा। जिसमें ये दोनों खिलाड़ी उत्तराखण्ड की टीम से खेलेंगे। मो0 नदीम जनपद के नवापुरा एवं आयुश राजभर बलिया मोड़ मऊ के रहने वाले है। इस प्रतियोगिता से इन खिलाड़ियों का चयन आर्सलैन कप की एकेडमी के लिए भी होने की सम्भावना है। स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में सभी खेलों के होनहार एवं उदीयमान खिलाड़ी हैं। इन दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीड़ा अधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम के सभी प्रषिक्षक, आनन्द सिंह सचिव, जिला ओलम्पिक संघ, हाजी मुनौवर अली सचिव, जिला फुटबाल संघ ओमेन्द्र सिंह, अध्यक्ष जिला हॉकी संजय कुमार सिंह, साबिर खान, अवनीष कुमार सचिव, जिला कबड्डी संघ, प्रमोद राय, उपाध्यक्ष जिला वालीबाल संघ, सहित सभी खेल के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# पात्र किसानों को मिले पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ : जिलाधिकारी



मऊ। शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता एवं उद्यान विभाग तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना से शत प्रतिशत पात्र किसानों को आच्छादित करने हेतु प्रमुख स्थलों पर कैंप का आयोजन कर पात्र किसानों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जनपद में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने समय से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा, जिससे खरीफ फसल हेतु किसानों को किसी भी प्रकार से उर्वरकों की कमी का सामना ना करना पड़े। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि 30 मई से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना हेतु पोर्टल पर आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच कर पात्र लाभार्थियों को ही योजना का लाभ दिलाने के निर्देश सहायक निदेशक मत्स्य को दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने इस योजना से पूर्व में लाभान्वित लोगों कि आय वृद्धि के संबंध में भी विवरण इकट्ठा करने को कहा, जिससे योजना के लाभार्थियों की आय वृद्धि का आकलन किया जा सके। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु अभी तक शासन द्वारा कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं हुआ है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्र लोगों को दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के संचालन में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता, सहायक निदेशक मत्स्य रिचा चैधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर का संचालन

**बलिया।** क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊके तत्वावधान में प्रदेश के समस्त जनपदों में खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों को प्रदेशीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं हेतु तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है। इसके अन्तर्गत जिला खेल कार्यालय, वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में हाकी, वालीबाल, कुश्ती, कबड्डी, शूटिंग, क्रिकेट, बाक्सिंग एवं खेलो इण्डिया सेन्टर के अन्तर्गत एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण शिविर एनआईएस/कुशल प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु बालक-बालिका की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट फोटो के साथ आवेदन पत्र भर कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

### सीएम स्वरोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**बलिया।** जिला उद्योग तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त एसके सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2023-24 में उद्यम की स्थापना के इच्छुक बेरोजगार व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जा रहे हैं। योजनान्तर्गत उद्योग क्षेत्र की इकाई हेतु अधिकतम रुपया 25.00 लाख एवं सेवा क्षेत्र इकाईयों हेतु अधिकतम रू0 10.00 लाख की धनराशि बैंकों के माध्यम से ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा। कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र में अधिक्तम रू 6.25 लाख तथा सेवा क्षेत्र हेतु अधिक्तम रू0 2.50 लाख की सीमा तक, मार्जिन मनी (अनुदान) उपलब्ध कराया जायेगा। उद्यम के 02 वर्ष तक सफल संचालन के उपरान्त अनुदान में परिवर्तित हो जायेगा। आवेदन केवल आनलाइन स्वीकार किये जायेंगें।

### बेरोजगार ऋण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने बताया है कि ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा बेरोजगार एवं जूनियर हाईस्कूल उत्तीर्ण युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के लिए उप्र खादी तथा बैंक के माध्यम से ऋण दिये जाने का प्राविधान है। इसमें उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में 10 लाख रूपये तक का ऋण प्राप्त किया जा सकता है। इनके द्वारा स्वीकृत/वितरित पूंजीगत ऋण धनराशि पर ब्याज उपादान का लाभ बैंक स्थापित/वितरित इकाई के पक्ष में 05 वर्षों तक प्रदान दिया जाएगा। योजना के लिए आनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत उद्योग (उत्पादन) एवं सेवा क्षेत्र के लिए उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड बलिया द्वारा जनपद के ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उत्पादन क्षेत्र में 50 लाख तक तथा सेवा क्षेत्र में 20 लाख तक के ऋण बैंक के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते है। इसमें बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित प्रोजेक्ट काष्ट का 25 से 35 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान किया जायेगा।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर स्थित मानस मंदिर समिति की ओर से गुरुवार की शाम सार्वजनिक विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेनू गुप्ता ने अपने पति एवं पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के साथ किया। सार्वजनिक विशाल भंडारा में हजारों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद वितरित करने के लिए महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग स्टाल लगाये गये थे। मानस मंदिर समिति ने मंदिर परिसर के पुर्ननिर्माण की भव्यता पूर्ण होने के बाद 51 देवी- देवताओं की नई मुर्तियों की स्थापना का कार्य सम्पन्न कराया था।

### गैंगस्टर ऐक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 02 जून 2023 को थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल मय फोर्स के साथ क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 83/2023 धारा 2/3(1) गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त कृष्णा नगर ढाला के पास खड़ा है, इस सूचना पर तत्काल दोकटी पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्त सोनू कुमार पासवान पुत्र सुग्रीव पासवान निवासी लक्ष्मण छपरा थाना दोकटी, बलिया को कृष्णा नगर ढाला के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मदन पटेल थाना दोकटी, कां0 आशीष मौर्या थाना दोकटी, कां0 शैलेष कुमार थाना दोकटी, बलिया शामिल रहे।

### नवनिर्वाचित चेयरमैन ने गौशाला का किया निरीक्षण

**रसड़ा।** नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित चेयरमैन विनय शंकर जयसवाल ने शपथ लेने के बाद गौशाला पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा कि गौशाला को बेहतर से बेहतर तरीके से बनाने का काम किया जाएगा। सुंदर और स्वच्छ गौशाला बनाया जाएगा और उन समस्याओं के बारे में जानकारी ली आश्वासन निर्देश दिए। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष ने गौशाला पर काफी नाराजगी व्यक्त की। चेयरमैन विनय शंकर जायसवाल ने कहा कि नगर के विकास का खाका लगभग तैयार किया जा चुका है और इस पर जल्द ही अमल शुरू हो जाएगा। अभी प्राथमिकता से गौशाला पशुओं को इस बार के बरसात में जलजमाव से बचाना है। चेयरमैन ने कहा कि कार्यालय में आने वाले फरियादियों के साथ सभी कर्मी अच्छा व्यवहार करें। किसी भी मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

### अज्ञात कारण से लगी आग, हजारों का सामान जलकर खाक

**बेल्थरा रोड।** उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हल्दी रामपुर के मौजा रामपुर में मेवा लाल साहनी पुत्र रामावतार साहनी की एक अदद तथा रंचदेव साहनी पुत्र पारसनाथ की 3 अदद रिहायशी छप्पर में अचानक आग लगने से दो बकरियां सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। घटना शुक्रवार की प्रातः 10:00 बजे की बताई गई है। घटना का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड का वाहन आग बुझ जाने के बाद पहुंचा था। इससे पूर्व ग्रामीणों ने अपने संसाधनों से आग पर काबू पा लिया था। इस आगजनी की घटना में पूरा परिवार आकाश तले आ चुका है। सूचना पर हल्का लेखपाल आलोक पांडेय ने भी राजस्व टीम के साथ घटना का निरीक्षण किया।

### युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु स्मार्टफोन का हुआ वितरण

**रसड़ा।** बाबा रामदल सूरजदेव स्मारक पीजी कालेज पकवाइनार में उत्तर प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु पेज 2 के अंतर्गत बीएससी तृतीय वर्ष सत्र 2022 के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शिवेन्द्र बहादुर सिंह छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि आज के समय में स्मार्टफोन अति महत्वपूर्ण संसाधन बन गया है इसके बिना आगे की पढ़ाई संभव नहीं है। इसके सार्थक उपयोग से यूपीएसई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। स्मार्ट फोन वितरण के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, राजकुमार प्रजापति, भागवत त्रिपाठी, कार्यालय अधीक्षक शंभूनाथ सिंह व कंप्यूटर आपरेटर नितेश प्रजापति मौजूद रहे।

### निर्विरोध डायरेक्टर चुने गए चंद्रशेखर

**रसड़ा।** राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड दिल्ली के निदेशक वरिष्ठ सपा नेता चंद्रशेखर सिंह भारतीय सहकारी बैंक लिमिटेड के निर्विरोध डायरेक्टर निर्वाचित हुए। शुक्रवार को रसड़ा स्थित समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पहुंचे श्री सिंह ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि मेरा भरपूर प्रयास होगा कि जिस उद्देश्य से किसान हित में सहकारिता की स्थापना हुई थी उस उद्देश्य को सहकारी बैंक पूरा करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच में लेनदेन के सवाल पर बैंकों की गिरी साख को सुधार करने का पूरा प्रयास मेरे द्वारा किया जाएगा। उन्होंने अपने निर्वाचन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ डॉ. चंद्रपाल सिंह यादव अध्यक्ष कृषकों के प्रति आभार प्रकट किया। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार सहकारिता क्षेत्र को एमडी के हवाले कर किसान मजदूरों के साथ धोखा कर रही है, जिसका मेरे द्वारा विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर श्रीभगवान बंधु गोंड, विधानसभा अध्यक्ष रसड़ा विजयशंकर यादव, पुरुषोत्तम यादव, अब्दुल्ला उर्फ चुन्नू, गणेश कुमार सिंह, रामविलास यादव, मुलायम यादव,, मेराज अहमद, मुन्नू सिंह, अजीत मौर्या, चुन्नू अहमद आदि मौजूद रहे।

### दुकान का दरवाजा तोड़ चोरों ने किया हाथ साफ

**रतसर।** गड़वार थाना अन्तर्गत स्थानीय नगर पंचायत के आनन्द नगर वार्ड में ब्रह्मम बाबा मोड़ पर स्थित उमेश प्रजापति के किराने के दुकान में चोरों ने गुरुवार के रात्रि दुकान के पुरब स्थिति अर्धनिर्मित मकान के सहारे छत पर चढ़े और सिढ़ी पर लगे दरवाजे तोड़ नीचे मकान में घुस गये और गैलरी का दरवाजा तोड़ दुकान में घुस कर उस में रखे हजारों रुपयों के किमती सम्मान और हजारों रुपरे नकदी सहित उस में लगे ईनवटर बैट्री छत के सहारे लेकर चम्पत हो गये। सुबह जब दुकानदार ने दुकान खोला तो देखें की समान गायब है तो उनके होश उड़ गये, जिसकी सूचना पुलिस को दिए। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच किया जिसको लेकर लोगों में दहशत है।

# ससुराल में दामाद की मौत,हत्या की आशंका

**आरोप**

### पत्नी ने दो नामजद एवं एक अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

**कासिमाबाद।** क्षेत्र के बहादुरगंज नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 निवासी गौरी बांसफोर के दामाद राम लखन बासफोर (40) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी के तहरीर पर दो नामजद एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मरदह थाना क्षेत्र के बहतुरा गांव निवासी रामबृक्ष बासफोर का पुत्र राम लखन बासफोर उम्र 40 दो महीने से कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 मुहल्ला निवासी गौरीशंकर बॉसफोर के घर पत्नी समेत रह रहा था। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम तीन लोग अपने साथ एक बाइक से सलामतपुर बाजार ले गए थे। रात को 8 बजे जब घर लौटा तो लड़खड़ाते हुए आया । देर रात अचानक तबीयत खराब होने के दौरान मुंह से झाग निकलता देख आनन-फानन में परिजन कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक राम लखन की पत्नी रीता ने दो नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्नी रीता ने बताया कि बहुतूरा गांव की तीन लोग बाइक से मेरे पति को देर शाम सलामतपुर बाजार ले गए थे। रात 8 बजे लड़खड़ाते हुए घर आए और चारपाई पर लेट गए। जब 11 बजे रात को नींद खुली तो देखा की उनके मुंह से झाग निकल रहा था ।मृतक राम लखन के मौत से पत्नी रीता और पिता राम वृक्ष सहित माता मालती देवी का रो रो कर बुरा हाल है। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी शिव प्रताप वर्मा ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

### बिजली चोरी की घटनाओं पर नहीं लग रहा अंकुश

**गाजीपुर।** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग प्रयास कर रहा है, लेकिन उपभोक्ता बिजली चोरी करने के लिए नित नए तरीकों को इजाद कर रहे है। हर साल बिजली चोरी निरोधक पुलिस थाना रौजा में लगातार मामले दर्ज हो रहे हैं। निगम की ओर से बिजली चोरों के खिलाफ लाखों रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। इसके बाद भी बिजली चोरी नहीं रूक पा रही है। जानकारी के मुताबिक जिले में कटिया डालकर बिजली चोरी व मीटर के साथ छेड़छाड़ के अधिक मामले सामने आए है। जिले में कच्ची बस्ती, ग्रामीण क्षेत्रों व कृषि कार्य में लोग सर्विस लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी करते हैं साथ ही मीटर में छेद बनाकर तार से मीटर का डिस्पले व रीडिंग बंद करना, मैन लाइन से मीटर डायरेक्ट करना, मीटर की डिस्पले का खराब कर बिजली चोरी की जाती है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व व्यवस्था का आलम यह है कि जहां हीटर जलता है ,वहां मीटर नहीं और जहां मीटर है, वहां कभी हीटर नहीं जलता। जिले के सबसे बड़े उपखंड द्वितीय में बिजली चोरी 35 से 40 प्रतिशत हो रही है। बिजली चोरी दिनदहाड़े होती रहती है। लेकिन चोरी को पकडने वाला कोई नहीं है। चोरी पर पूरी तरह अंकुश न लगने के कारण विभाग को हर माह लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# मल्लाह बस्ती में आग ने मचाया ताडंव, एक दर्जन झोपड़ियां खाक

**आग लगने के साथ गैस सिलेंडर में ब्लास्ट,मची अफरा-तफरी**

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेरपुर के मौजा पुरवा मुबारकपुर मल्लाह बस्ती में शुक्रवार की सुबह अज्ञात कारणों से अगलगी की घटना में एक दर्जन रिहायशी झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। जिसमें रखा घर गृहस्ती का सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस एवं फायर ब्रिगेड तथा ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि सबसे पहले रविशंकर चौधरी की रिहायशी झोपड़ी में अचानक आग पकड़ लिया। ग्रामीण जब तक कुछ समझते तब तक पछुवा हवा के चलते आग ने आसपास की झोपड़ियों को अपनी आगोश में ले लिया। अगलगी की इस घटना में अमरनाथ चौधरी की पांच रिहायशी झोपड़ियों में रखा गैस सिलेंडर में आग पकड़ लिया। जिससे सिलेंडर में जोरदार धमाका होने से हजारों का समान एवं पूजा चौधरी का हजारों रुपए के गहने,बर्तन कपड़ा आदि सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में अमरनाथ चौधरी की पांच, रविशंकर की दो, कृष्णानंद की एक ,परमेश्वर चौधरी की दो तथा रमाशंकर चौधरी की दो रिहायशी झोपड़ियां जलकर स्वाहा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज शेरपुर मनोज मिश्रा एवं उनके सहयोगी तथा ग्रामीण एवं फायर बिग्रेड आग बुझाने में जुटे रहे। इस मौके पर घटनास्थल पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश राय मुन्ना ने बताया कि इस अगलगी की घटना में सभी परिवार खुले आसमान के नीचे हो गए हैं। उन्होंने तहसील प्रशासन से सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है। सूचना मिलने पर स्थानीय लेखपाल प्रशांत सिंह ने अगलगी में हुई छति का ब्यौरा लेकर तहसील प्रशासन को अपनी रिपोर्ट भेज दिया है।


मुबारकपुर मल्लाह बस्ती में आगलगी के बाद ग्रामीणों की भीड़।

# सूर्यदेव ने दिखाए तेवर 42 पर पहुंचा तापमान

**गाजीपुर।** सूर्यदेव ने शुक्रवार को दिनभर तल्ख तेवर रखे, नतीजतन अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। गर्म हवा चलने से लोगों को लू का एहसास हुआ और बचने के लिए मुंह और शरीर को साफे में लपेटे रखा। बीते कई दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव दिख रहा था। कभी धूप तो कभी बादल। बीते दिनों बरसात भी हुई तो मौसम काफी खुशगवार हो गया। लेकिन अब सूरज की तपिश बढ़ने लगी है। शुक्रवार को तेज धूप निकली तो अधिकतम तापमान 42 डिग्री पहुंच गया। लोग दोपहर में गर्मी से बेहाल नजर आए। युवक-युवतियां चेहरों और सिर को ढक कर ही बाहर निकले। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिन कि अधिकतम तापमान 42 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।



### गर्मी आई, मार रही कूलर व एसी की महंगाई

मौसम के करवट लेने के साथ ही सूरज भी तपिश बढ़ाने लगा है। दोपहर के बाद गर्मी का एहसास होने लग रहा है। ऐसे में बाजारों में पंखा, एसी, कूलर की मांग बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है लेकिन कारोबारी महंगाई को लेकर चिंचित है। उनका कहना है कि महंगाई की मार कारोबार पर पड़ सकती है। बाजार में कूलर, एसी और पंखे के दाम बढ़े हुए हैं। कीमतें ज्यादा हैं। ऐसे में ग्राहक नया खरीदने के बजाय पुराने पंखों से काम चला सकते हैं।
व्यवसायी जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कूलर को तैयार करने में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं कंपनी से महंगी हो चुकी हैं। ऐसे में हमको भी पिछले साल से महंगे दामों पर माल मिल रहा है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर तालाब में गिरा, चालक की मौत

**दुखद**

### घटना के बाद मचा कोहराम गांव में पसरा सन्नाटा

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में गुरुवार की देर शाम पोखरे के समीप ट्रैक्टर लेकर गुजर रहे युवक नीरज सिंह (20) भरे पोखरे में अचानक चले गए। इस हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगो में अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह युवक को पोखरे से बाहर निकाला। घायल युवक को रेवतीपुर सीएचसी ले गये,जहां हालत गंम्भीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इमरजेंसी में पहुंचते ही चिकित्सक ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। मृतक के पिता गोपाल सिंह ने बताया कि वह खुद किसानी करते है। उनके दो पुत्रों में मृत नीरज दो भाइयों में छोटा था। जो पोखरे के बगल से ट्रैक्टर ले जा रहा था कि अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया,जिसके कारण उनका छोटा पुत्र मय ट्रैक्टर समेत पोखरें में चला गया,जहां उसकी मौत हो गई । घटना की जानकारी होते ही मृत युवक के परिजनों में कोहराम मच गया,जबकि गाँव में घटना के तुरंत बाद से ही मातम पसर गया , मौत की सूचना के बाद से ही परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में के पोस्टमार्टम के लिए भेंजने के साथ ही पुलिस छानबीन में जुट गई है।


नीरज सिंह (फाइल फोटो)

### अनियंत्रित बाइक के गड्ढे में गिरने से युवक की मौत, साथी गंभीर

**मरदह।** थाना क्षेत्र के कछुहरा गांव के पास वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर अनियंत्रित बाइक के गड्ढे में पलटने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पृथ्वीपुर गांव निवासी वीरेंद्र राम (32)पुत्र हरिश्वन्द्र राम बैंड बाजा बजाने का कार्य करते थे। वह गुरूवार की देर शाम अपने साथी हदीस (42) पुत्र मुख्तार के साथ बाइक से कछुहरा गांव में किसी मांगलिक कार्यक्रम में बाजा बजाने आये थे। कोई सामान लेने वापस बाइक से फोरलेंन सड़क से बाजार की तरफ तेजी से जा रहे थे। इस बीच बाइक अनियंत्रित होकर पटरी से उतर कर गहरी खाई में चली गई। इस हादसे में वीरेंद्र राम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हदीस को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर ,वीरेंद्र राम की पत्नी दुलारी देवी, माता पार्वती देवी, पिता हरिश्चंद्र राम, के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। वीरेंद्र दो बच्चे आयुष उम्र 8 वर्ष एवं आयुषी की उम्र 6 वर्ष है अपने मां के आंचल से लिपटकर सिसकते नजर आएं। दुर्घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षेप

### ओडीएफ फेज-2 चयनित ग्राम पंचायतों में कार्य धीमा

**मरदह।** ओडीएफ फेज-2 के अन्तर्गत चयनित ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों व सचिवों के बीच सामंजस्य नहीं होने के कारण कार्ययोजना अधर में लटकी हुई है। ग्राम प्रधानों ने सचिवों के मनमाने रवैये के खिलाफ एडीओ पंचायत से शिकायत की है। बतादें, विकास खंड में ओडीएफ फेज-2 के अन्तर्गत 42 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। चयनित ग्राम पंचायतों में 17 सचिव तैनात है। शासन के आदेशानुसार कार्य में शिथिलता पर कार्रवाई होनी है। लेकिन विभागीय कर्मचारियों पर कोई असर नहीं पड़ा है। वहीं अपनी पुरानी आदत से बाज नहीं आ रहें है। जिसका नतीजा रहा कि दो माह में मात्र दो ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना तैयार हुई। शेष अधर में लटकी हुई है। ऐसे में वितीय वर्ष में गांवों में विकास कार्य धीमी गति से चलने की उम्मीद प्रबल है। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने वृहस्पतिवार को सचिवों को बे=लगाम होने का आरोप लगाते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत से मिल कर आपत्ति दर्ज जताई। उन्होंने कहा कि हमें किसी प्रकार की जानकारी सचिव व अन्य किसी द्वारा नहीं दी जा रही है। जिससे कार्ययोजना तैयार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत चलने वाली इस प्रकिया के लिए सचिवों व ग्राम प्रधानों के सामंजस्य से संयुक्त रूप से कार्यशाला आयोजित कर हर विन्दुओं की जानकारी साझा की जाती तो कार्ययोजना तैयार करने में उत्पन्न बांधा दूर होती और विकास कार्य रफ्तार पकड़ती। एडीओ पंचायत नवीन सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत चलने वाले कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा। मौके पर ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संगठन राधेश्याम सिंह यादव,अनिल यादव,अरूण कुमार यादव,अजय खरवार,वकील राम,रामसुधार यादव, सुदर्शन यादव आदि मौजूद रहे।

### दबंग युवकों ने युवती से किया छेड़छाड़

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ कुछ युवको द्वारा छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस कुछ लोगों को पकड़ कर थाने लाया गया। लेकिन पुलिस ऐसी किसी घटना की जानकारी से इंकार कर रही है। गुरुवार की शाम पहाड़पुर गांगी नदी के रास्ते एक युवती अपने घर जा रही थी। तभी पुराने पुल के पास नशे में चूर ताड़ी पी रहे कुँवरपुर निवासी चार मनबढ़ युवकों ने युवती से छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। जब युवती ने उनका विरोध किया तो मनबढ़ों ने उसको पकड़ लिया और सुनसान जगह पर ले जाने में असमर्थ होने पर धमकाकर युवती को आटो पर बैठाकर ले जाने लगे। अभी कुछ दूर ले ही गए थे कि साहसी युवती ने सभी से लड़-भिड़कर उनके चंगुल से निकलकर भागते हुए अपने घर पहुंची। घर पहुँचकर उसने परिजनों को अपनी सारी आप बीती बताई। जानकारी होते ही तमतमाये परिजनों ने घटना की शिकायत नंदगंज थाने में जाकर की। लोगों ने बताया कि इतनी बड़ी और घृणित घटना को नंदगंज पुलिस दबाने में लगी है तथा मामले में सुलह कराने का प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष कमलेश पाल से पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी कोई घटना हमारे संज्ञान में नहीं है। जबकि परिजनों की शिकायत पर दो लोग थाने में बैठाए गए है। भय और पुलिस के असहयोग से युवती के परिजन भी सुलह समझौते की बात चाह रहे है।

### जीवों के लिए जल मुख्य आधारः डॉ.मनीष

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार पर्यावरण अनुकूलन जीवन शैली के अंतर्गत जनसहभागिता एवं जन संवेदीकरण कार्यक्रम में डॉ. मनीष सोनकर आचार्य जंतु विज्ञान विभाग ने "जल संरक्षण" विषय पर अपना विस्तृत, शोधपरक तथा ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. मनीष सोनकर ने 'जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन संभव नहीं है' जैसे संबोधनों से जल की महत्ता को रेखांकित करते हुए जल को समस्त जीवों का आधार बताया।अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. सविता भारद्वाज ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अंतर्गत जल संरक्षण के परंपरागत तरीकों को बताया गया है लेकिन भौतिकतावादी और अंधाधुंध आधुनिकता की दौड़ में हमने अपनी परंपरागत तरीकों को अनदेखा कर दिया है जिससे जल संकट की समस्या शुरू हो गई है। इस अवसर पर अमित यादव, डा. आजम, डा. संतन कुमार, डा. शम्भू शरण प्रसाद, डा. शिव कुमार, डॉ. संगीता मौर्य, डॉ. निरंजन कुमार यादव डा. सारिका सिंह, डॉ. दिवाकर मिश्र, डॉ. शशिकला जायसवाल, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. रामनाथ केसरवानी, डॉ. पीयूष सिंह, डॉ. आनंद चौधरी, डॉ. नेहा कुमारी, डॉ. गजनफर सईद, सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थिति रहीं।

# प्रधान-सचिव के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**आक्रोश**

### संपर्क मार्ग पर गंदा पानी जमा होने पर जताया आक्रोश

**मरदह।** ब्लाक के ग्राम पंचायत रायपुर बाघपुर के रैदा बस्ती वार्ड नंबर पांच के जाने वाले संपर्क मार्ग पर गंदा पानी के वर्षों से जल-जमाव होने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका को लेकर नाराज ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रधान व सचिव एवं के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। लोगों ने बताया कि गांव में स्वच्छ भारत मिशन योजना फिसड्डी साबित हो रही। वर्षों से हम पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग करते आ रहे लेकिन कोई जिम्मेदार इसकी सूध नहीं ले रहा था,सड़क पर जमा गंदा पानी के बीच से होकर सैकड़ों लोग आवागमन करने को विवश है,सड़े पानी से निकल रहे विषैले दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो गया,आएं दिन दर्जनों लोग पानी बीच गिरकर चोटिल हो रहे हैं उसके बाद भी जिम्मेदारों के कांन पर जूं तक नहीं रेंग रहा है।जबकि पानी निकासी के लिए मुहल्ले में काफी जमीन उपलब्ध है लेकिन नाली निर्माण नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है।मार्ग जल जमाव से लोगों के कामकाज पर असर पड़ रहा, जलजमाव होने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यह सिलसिला निरंतर कई वर्षों से चल रहा है। पानी निकासी नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह से जलमग्न हो जाती है।जिससे लोग आक्रोशित होकर शुक्रवार को जलजमाव के बीच संबंधित अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते प्रदर्शन करने लगे।साथ ही चेताया कि अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में उतराए, श्रीनाथ, रामधीरज,शिजोर, महेन्द्र यादव,धर्मा देवी,अजीत पाल, हरेंद्र यादव,मनोज यादव,संजीरा देवी, धनेश्वर पाल, नगीना पाल आदि रहे।इस संबंध में एडीओ पंचायत नवीन सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच करके उचित कार्रवाई की जाएगी।


रैदा बस्ती वार्ड नं. पांच में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### ग्राम चौपाल में फरियादियों की सुनी गुहार

**मरदह।** गांवों के विकास को गति देने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को दो गांवों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा। जिसके क्रम में ब्लाक के पाण्डेयपुर राधे व डोड़सर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि गांवों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है,राज्य के विकास इंजन के रूप में गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। पाण्डेयपुर राधे गांव में चौपाल के माध्यम से चार मामले सामने आए जिसका निराकरण किया गया। इस मौके सचिव राजेंद्र यादव, प्रधान सतीश कन्नौजिया, शिवम कन्नौजिया, हरिद्वार, कल्पनाथ आदि मौजूद रहे।इसी क्रम में डोड़सर गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में 17 लोगों ने जन समस्याएं दर्ज कराई जिसके निस्तारण के लिए कारवाई तय की गई।इस मौके पर एडीओ आईएसबी मयंकधर राय, सचिव अवधेश खरवार, प्रधान महेन्द्र राम,स्मृता गौतम, अमरनाथ यादव, उपेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### बालक वर्ग में हर्षित ने झटका गोल्ड,खुशी की लहर

**सुहवल।** कोलकाता के हुगली में आयोजित 45 वीं सबजूनियर बालक/बालिका राष्ट्रीय वॉलीबाल चैम्पियनशिप के बालक वर्ग के खेले गये फाइनल मुकाबलें युवराजपुर निवासी एवं वालीबाल के खिलाड़ी हर्षित यादव ने यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली को लगातार सेटो में 25-15, 25-21 और 25-17 शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीत जिले का नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र के खेल प्रेमियों सहित परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगों ने इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपने लाल के इस सफलता का जमकर जश्न मनाया। 27 मई से एक जून तक चले इस मुकाबलें में देश की विभिन्न राज्यों की टीमों ने शिरकत किया। जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया। यूपी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए हर्षित यादव ने अपने दम पर टीम को हरेक मुकाबलें में शानदार जीत दिलाई। इसके पूर्व खेले गये संघर्षपूर्ण सेमीफाइनल मुकाबलें यूपी ने हरियाणा की टीम को 25-23, 19-25, 25-21 और 29 - 27 अंकों से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश कर स्वर्ण पदक पर अपना मजबूत दावा पेश किया। अपनी इस सफलता पर बातचीत में स्वर्ण पदक विजेता हर्षित यादव ने बताया कि उसके जीवन का यह पहला राष्ट्रीय स्तर का मुकाबला था,यह सफलता उसके लिए काफी महत्वपूर्ण है।

कोच कमलेश सिंह टून्ना ने बताया कि हर्षित यादव जो वर्तमान समय में वह कक्षा नौ का छात्र है,इसी वर्ष उसका बांदा स्पोर्ट्स हास्टल के लिए भी चयन किया गया।बताया कि अपने खेल के दम पर बीते दिनों आगरा में आयोजित सब जूनियर वालीबाल स्टेट चैम्पियनशिप में हर्षित यादव रजत पदक भी जीता चुका है।जिसके बदौलत उसका चयन यूपी टीम में हुआ ।बताया कि पिता एक साधारण किसान जबकि उसकी मां एक गृहणी है।



# पीएम मोदी और सीएम योगी के कार्यकाल में नहीं हुआ घोटाला

**पिछली सरकार और एक परिवार के चक्कर में देश के बेशकीमती दस साल बर्बाद**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** उप्र के स्टाम्प राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि पीएम नरेन्द मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने कार्यकाल में समस्त योजनाओं पर बृहद रूप में कार्य किया गया है। इस कार्यकाल में सरकार में देश में कही घोटाला नहीं हुआ। जीरो करेप्शन पर कार्यकाल चल रहा है।

राज्यमंत्री शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में उक्त बातें कहे। उन्होंने आगे कहा कि पिछली सरकार और एक परिवार के चक्कर में देश के बेशकीमती दस साल बर्बाद हो गए। इन दस सालों में भारत को नाजुक अर्थव्यवस्था कहा जाने लगा, कमर तोड़ महंगाई, विकास दर बेहद कम, देश का आत्मविश्वास ही कमजोर पड़ चुका था। दस साल में भारत की हालत क्या हो गई थी ये बात न दुनिया से छिपी थी, न देशवासियों से। प्रभारी मंत्री ने बताया कि भारत वो दिन नहीं भूला है, जब ये कहा जाता था कि, हम तो दिल्ली से एक रुपया भेजते हैं लेकिन गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं। मोदी की सरकार बनने के बाद दिल्ली से 100 रुपया चलता है तो गरीब के पास पूरा का पूरा 100 रुपया पहुंचता है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश हर आपदा में देशवासियों के साथ खड़ा है, उनकी सेवा में दिन-रात जुटा है। भारत ने वो दिन भी देखा है, जब पोलियो, टेटनस और बीसीजी जैसे टीकों को भारत आने में 50 से ज्यादा साल लग गए थे। ड्रोन से बैक्सीन डिलिवरी दुर्गम इलाकों में भारत सरकार ने सुनिश्चित कराई। मोदी सरकार ने रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों का टीकाकरण करने का असंभव कार्य हासिल किया। उन्होंने बताया कि पहले भारत पश्चिम देशों से दवाओं और टीकों के लिए निर्भर था, लेकिन आज भारत ने दो स्वदेशी कोविड-19 टीके विकसित किए और कई देशों को जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति की।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, अध्यक्ष सपना सिंह, जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, पीडी राजेश यादव, सुनीता सिहं, डॉ. सीता राय, शशिकान्त शर्मा एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क भारत

राज्यमंत्री ने बताया कि भारत वर्तमान में दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है, जल्द ही जापान और दक्षिण कोरिया को पीछे छोड़ देगा। यदि ये समय रहते सामन आ गए होते, तो कोविड-19 महामारी का प्रभाव बहुत अधिक नहीं होता । शिक्षा बजट तीन गुना तक बढ़ाया गया जिसमें 722 जिलों में 10 हजार अटल टेक्नीकल लैब बने। पर्यावरण पर कम से कम प्रभाव छोड़ने वाला यह नया अविष्कार खेती के क्षेत्र में एक क्रांति है जिससे किसान को लाभ होगा और आने वाली पीढ़ी के लिये एक हरी भरी दुनिया तैयार होगी, यूरिया से भरा बैग अब एक छोटी बोतल में उपलब्ध है।

### भारत में 2030 तक सर्वाधिक युवा आबादी होगी

भारत में 2030 तक सर्वाधिक युवा आबादी होगी, ऐसे में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के साथ विश्वस्तर का ज्ञान, रोजगार के बढ़ते अवसर और शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण प्रदान करने के लिये मोदी संकल्पना की नई शिक्षा नीति की, सरल, सहज और विद्यार्थी की रुचियों के अनुरूप बनाई गई। यह शिक्षा नीति कौशल विकास और व्यक्तित्व के विकास पर निर्भर है। जो व्यावहारिक ज्ञान के स्थान पर विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ायेगी।

### इनामियां के घर नोटिस चस्पा

**गाजीपुर।** न्यायालय के आदेश पर फरार 25 हजार ईनामी वांछित अपराधी के घर पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है। अभियुक्त आशीष यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी सुआपुर थाना करंडा के मूल निवास ग्राम सुआपुर, राहुल यादव पुत्र श्रीकांत यादव नि. सुआपुर थाना करण्डा,अमित यादव पुत्र संकठा यादव नि. चोचकपुर बरवां थाना करण्डा के घर पर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा नोटिस तामील कराते हुए चस्पा कराया गया व अन्य सार्वजनिक व सदृश्य संभावित स्थानों पर चस्पा किया गया।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराचवर।** थाना बरेसर के गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त सुरेन्द्र यादव पुत्र नगीना यादव ग्राम सावना थाना कासिमाबाद को उसके घर से शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम थानाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अभयधर दुबे, संदीप कुमार आदि रहे।

# दुर्दांत अपराधी अंगद राय की साढ़े चार करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

### माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का अंगद था शार्प शूटर

### माफियाओं को मिट्टी में मिलाने के कार्य में लगी पुलिस

**गाजीपुर।** योगी सरकार में माफियाओं को मिट्टी मिलाने का कार्य शुरू हो गया है। पुलिस प्रशासन अपराधी चाहे जेल में हो या बेल पर लगातार बेनामी संपत्ति कुर्क कर रही है। यूपी पुलिस के एक्शन से भयभीत दुर्दांत अपराधी बिहार प्रांत के जेलो में जाकर चैन का सांस ले रहें है। लेकिन इसके बावजूद यूपी पुलिस अपराधियों को अन्य प्रदेशों से रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है। अपराधिक गतिविधियों को पताकर जांच कर रही है। पुलिस के सख्त रवैये से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने माफियाओं के खिलाफ अभियान के तहत माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के शार्प शूटर अंगद राय पर एक और बड़ी कार्रवाई की है। गाजीपुर पुलिस ने शूटर अंगद के वाराणसी स्थित मकान को कुर्क किया है। जिसकी कीमत साढ़े चार करोड़ बताई जा रही है। भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव निवासी अंगद राय बिहार जिले के भभुआ जेल में बंद है। वह यूपी पुलिस के डर से नाटकीय ढंग से बिहार में गिरफ्तार हुआ था। जिसके खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर बेनामी संपत्ति कुर्क कर रही है। पुलिस ने अभियुक्त अंगद राय उर्फ झुल्लन राय की वाराणसी स्थित डाफी के रिहायशी इलाके में बने दो मंजिला मकान को बीते गुरूवार की देर शाम कुर्क किया है। जहां उसके उत्कर्ष राय पत्नी सरिता राय रहती थी। मकान की कीमत 4 करोड़ 58 लाख 15 हजार 880 रुपये आंकी गई है।

**पुलिस के मुताबिक** अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत बीते 29 मई को प्रभारी निरीक्षक व विवेचक थाना भांवरकोल द्वारा प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा पारित कुर्की आदेश के अंतर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियुक्त अंगद राय की अचल बेनामी संपत्ति कुर्क कर जब्तीकरण किया गया। अपराध के जरिए अर्जित बेनामी अचल संपत्ति अभियुक्त ने नाबालिग पुत्र व पत्नी के नाम पर क्रय किया है।

### सत्रह करोड़ की पहले हो चुकी है कुर्की

शार्प शूटर अंगद राय की पिछले दिनों सत्रह करोड़ की तीन बेनामी संपत्तियों को कुर्क किया गया था। कुख्यात अपराधी अंगद अपराध के जरिए महानगरों और जिले में अकूत संपत्ति बनाई है। पुलिस इसके संसियो का ब्योरा जुटा रही है। वहीं जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इसी अभियान के तहत बीते रविवार को गैंगस्टर एक्ट में जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन अंगद राय पर बड़ी कार्रवाई हुई है। इस अभियान में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही है।

जनसंपादकीय

# ऑनलाइन साहित्य और उसकी पठनीयता

नलिन रंजन सिंह



समय कभी एक सा नहीं रहता। जो कुछ आज है वह कल ऐसा ही रहेगा कहा नहीं जा सकता क्योंकि जो कुछ कल था वह आज वैसा ही नहीं है। प्रिंट साहित्य और ऑनलाइन साहित्य को लेकर आज यह बहस तेज हो चुकी है कि आगे चलकर किसकी प्रासंगिकता बनी रहेगी। एक तरफ प्रिंट साहित्य अपनी लिखित क्षमता को लेकर आश्वस्त है कि उसकी जगह कोई नहीं ले सकता तो दूसरी ओर ऑनलाइन साहित्य बहुत तेजी से अपनी जगह बनाता जा रहा है। दोनों को लेकर सबसे बड़ी बहस पठनीयता की है। ऑनलाइन साहित्य को लेकर यह कहा जाता है कि इसे लंबी अवधि तक नहीं पढ़ा जा सकता। वहीं प्रिंट साहित्य को पढ़े जाने का संदर्भ अलग है। तमाम पत्रिकाएं, पुस्तकें अभी छप रही हैं और लोग उन्हें खरीद भी रहे हैं। पढ़ने वालों की संख्या वहां भी कम नहीं हुई है। साधारण शहरों से लेकर दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले तक में किताबों के विमोचन समारोह होते रहते हैं। किताबों के तमाम प्रकाशक अपनी किताबें तमाम प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचने में लगे रहते हैं। लेकिन यह एक बड़ा सत्य उभर कर आया है कि ऑनलाइन साहित्य बहुत तेजी से अपनी जगह बना रहा है। उसने लोगों को संपादकों का मुखापेक्षी होने से बचाया है। ऑनलाइन साहित्य के प्रचलन के बाद संपादकों का वह धौंस वाला मामला जाता रहा जो वह किसी नए रचनाकार की रचना को न छाप कर जताते थे। अब कोई भी रचनाकार अपनी रचना को ऑनलाइन प्रकाशित कर सकता है। फेसबुक पर वह अपनी कविता-कहानी पोस्ट कर सकता है, ट्विटर के माध्यम से प्रसारित कर सकता है, व्हाट्सएप के माध्यम से तमाम समूहों में अग्रसारित कर सकता है और ई मेल के माध्यम से तमाम लोगों को भेज सकता है। वह अपनी वर्ड फाइल को जब चाहे तब संशोधित कर सकता है और पीडीएफ बनाकर किसी भी माध्यम से वह पढ़ने के लिए उपलब्ध करा सकता है।

सबसे बड़ी दिक्कत है ऑनलाइन साहित्य की दीर्घ अवधि तक पठनीयता को बनाए रखने की चुनौती। छोटी कविता, लघु कथा या आलोचना या यूं कहें टिप्पणी को पढ़ने में तो दिक्कत नहीं होती किंतु लंबी कविता, लंबी कहानी अथवा लंबे लेख को पढ़ने में ऑनलाइन स्तर पर अभी भी दिक्कत होती है। पठनीयता का संकट दरअसल रचना प्रक्रिया का भी संकट है और पाठक का भी संकट है। हम किस तरह का साहित्य पढ़ना चाहते हैं, कौन-सा साहित्य उन्नत साहित्य है और कौन सा लुगदी साहित्य हैझ्र यह प्रिंट माध्यम पर ज्यादा स्पष्ट विभाजक रेखा के माध्यम से समझ में आता है। किंतु ऑनलाइन माध्यम पर कुछ भी परोसे जाने के लिए आप स्वतंत्र हैं। लोग इतनी हड़बड़ी में रहते हैं कि जो कुछ भी लिखते हैं उसे बिना चेक किए ही फेसबुक अथवा अन्य माध्यमों पर चस्पा कर देते हैं। बाद में कोई उनकी गलती की याद दिलाता है तो फिर वे उसे शुद्ध करते हैं। इससे तमाम कच्ची रचनाएं हमारे सामने आती रहती हैं। दूसरा एक बड़ा मुद्दा है स्मृति पर बने रहने का। प्रिंट माध्यम स्मृति पर बने रहने में आसानी देता है लेकिन ऑनलाइन माध्यम स्मृति पर दीर्घ अवधि तक नहीं बना रहता। यहां तक की आप व्हाट्सएप खोलने जाते हैं और जो आपको देखना है उसके पहले ही तमाम संदेश आपका ध्यान आकर्षित कर लेते हैं और आप मूल खोज को भूल जाते हैं। फेसबुक पर भी पढ़ने की अपनी सीमाएं हैं। दरअसल तमाम वेब पोर्टल बनाए गए हैं। उन पोर्टल पर भी काफी सामग्री प्रस्तुत की जाती है। समाचार भी वेब पोर्टल पर उपलब्ध होते हैं लेकिन अखबारों की छपाई बंद नहीं हुई है। आदमी शॉर्टकट में जल्दी से चीजें वेब पोर्टल के माध्यम से जान जाता है लेकिन विश्लेषणात्मक खबर तो वह प्रिंट मीडिया के माध्यम से ही जानता है। ऐसे ही तमाम ब्लॉक लिखे जा रहे हैं। उनमें से कुछ ब्लॉक्स ने बेहद लोकप्रियता भी हासिल की है लेकिन उनकी आवृत्ति बहुत धीमी होती है। ब्लॉग पर अगर एक साथ बहुत ज्यादा सामग्री परोस दी जाए तो लोग नहीं पढ़ेंगे। ऐसे ब्लॉग सफल हैं जिन पर 3 दिन या 4 दिन पर कोई सामग्री आ जाती है और लोग पढ़ लेते हैं। किसी एक लेख को पढ़ना और कई लेखों को पढ़ना एक फर्क पैदा करता है। एक लेख ऑनलाइन माध्यम पर पढ़ा जा सकता है लेकिन कई लेख अगर आपको पढ़ने हैं तो आप प्रिंट माध्यम की तलाश करते हैं। ऑनलाइन साहित्य और उसकी पठनीयता को लेकर यह मामला बहस तलब है कि तब जबकि लोग ज्यादातर एंड्रॉयड फोन चला रहे हैं और मोबाइल पर ही उसे पढ़ना चाहते हैं उस समय मोबाइल से आंखों के संमजन की अपनी एक सीमा है और उस सीमा से परे जाकर लंबे समय तक मोबाइल पर पढ़े जा पाना संभव नहीं। टेबलेट या लैपटॉप पर लोग ज्यादा सुविधाजनक तरीके से पढ़ पा रहे हैं। कंप्यूटर स्क्रीन पर भी पढ़ने में बहुत दिक्कत नहीं होती। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि लैपटॉप, टेबलेट या कंप्यूटर स्क्रीन कितने लोगों के पास है? और कितना चलायमान है। हाथों में तो हमेशा फोन ही रहता है और लोग उसी से ज्यादातर जुड़े रहते हैं तथा पढ़ना भी चाहते हैं। ऑनलाइन साहित्य ने अपनी एक हस्तक्षेपकारी भूमिका जरूर बनाई है किंतु उसकी पठनीयता के संकट ने परेशानी भी खड़ी की है। यद्यपि कोरोना काल में उसका उपयोग खूब हुआ। लोगों ने जूम, गूगल मीट आदि माध्यमों से ऑनलाइन कार्यक्रम किए, वेबीनार किए, ऑनलाइन वार्ताएं हुई, परिचर्चाएं हुईं और अभी भी हो रही हैं लेकिन कोरोना काल के बाद उनमें कमी भी आई है। ये दोनों दौर ऑनलाइन साहित्य के पठनीयता की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। संकट के समय ऑनलाइन साहित्य को पढ़ा जाना बाध्यकारी भले था लेकिन संकट के निकलने के बाद ऑनलाइन साहित्य की पठनीयता संदेह के घेरे में आई है और अब फिर से ऑफलाइन सेमिनार, परिचर्चा संगोष्ठी आदि का दौर लौट आया है। इससे स्पष्ट है कि ऑनलाइन माध्यमों की उपादेयता से इंकार तो नहीं किया जा सकता लेकिन उसकी पठनीयता का संकट अभी बरकरार है। अभी समाज पूरी तरह से शिक्षित नहीं हुआ है। जब तक समाज पूरी तरह से शिक्षित नहीं हो जाता तब तक ऑनलाइन माध्यमों पर साहित्य के पढ़ने वालों की संख्या भी प्रभावित रहेगी। आर्थिक कारण भी इसमें एक बड़ा कारण है। एंड्राइड फोन, टेबलेट, लैपटॉप या कंप्यूटर खरीदना आर्थिक रूप से कमजोर आदमी के लिए आसान नहीं है। उस पर भी उसे पढ़ाई करने के लिए डाटा रिचार्ज कराना जरूरी होगा। वाईफाई या डाटा की सुविधा के लिए उसे पैसे खर्च करने पड़ेंगे। इन सारी स्थितियों में वह पत्रिका या किताब खरीद लेना ज्यादा सुविधाजनक मानेगा। इन परिस्थितियों में ऑनलाइन साहित्य को पठनीयता के स्तर पर बहुत अच्छे अंक नहीं दिए जा सकते हैं लेकिन यह भी सच है कि कोरोनावायरस के दौर ने यह साबित किया है कि जब हम ऑफलाइन मोड में बहुत सारी चीजें नहीं कर सकते तो ऑनलाइन मोड हमारा एक बड़ा सहारा है। ऑनलाइन मोड की एक अंतर्राष्ट्रीय व्याप्ति भी है। हम उसके माध्यम से तुरंत ग्लोबल हो सकते हैं। बैठे-बैठे हम दुनिया के किसी भी कोने से जुड़ सकते हैं या दुनिया के किसी भी कोने में अपनी बात को पहुंचा सकते हैं। यह उसका सकारात्मक पक्ष है। ऐसा बहुत सा साहित्य देखने में आया है कि अचानक वह बहुत लोकप्रिय हुआ और देखते ही देखते उसे लाखों लोगों ने पढ़ लिया जबकि प्रिंट माध्यम से पढ़ने वालों की संख्या लाखों में पहुंचने में वर्षों लग जाते हैं। यह बात छोटी रचनाओं, खासकर कविताओं पर ज्यादा लागू होती है। इस क्षेत्र में वेबसाइट ने क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। आप गूगल पर खोज कर या विकिपीडिया के माध्यम से बहुत सारी जानकारी हासिल कर सकते हैं। आज नई उम्र के छात्र-छात्राओं को जब भी कोई चीज खोजनी होती है तो वे सीधे गूगल पर जाकर सर्च करते हैं। यह उसकी उपादेयता का सबसे बड़ा उदाहरण है। किंतु उपादेयता और पठनीयता में अंतर होता है। उपादेयता सूचना दे सकती है, जानकारी दे सकती है उपलब्धता बढ़ा सकती है किंतु वह पठनीयता को सतत बनाए रखे, यह जरूरी नहीं है। फिर भी बदलते समय में आने वाले कल के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। संभव है कि आने वाला कल ऑनलाइन माध्यमों का ही हो और फिर उसी के माध्यम से आदत पड़ते-पड़ते पठनीयता भी बढ़ जाए।

**( लेखक युवा आलोचक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं,**

**(दिल्ली में यमुना को सुबह -शाम देखते हुए, यह गजल कही गयी। आप सबकी नज़्र है)**



नदी नहीं है वो बस इक कराहती माँ है
कि ढीठ बच्चों से जैसे निबाहती माँ है
हजार तल्खियाँ चुपचाप सहके मन ही मन
दो मीठे बोल भी खुलकर सराहती माँ है
दुआ में उसके नहीं कुछ तुम्हारे सुख के सिवा
तुम्हीं बताओ कि क्या और चाहती माँ है?
नई नजर ने भुलाया अगर पुराना सब
सुनो कभी जो छुपाकर कराहती माँ है
नदी वो माँ है जिसे हम पराया कर बैठे
यही बहुत है कि अब भी निबाहती माँ है

**- डॉ. बिनोद सिन्हा**

# सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई!

कबीर जयंती पर

गिरीश्वर मिश्र



कबीर के माध्यम से हम अपने समय को ठीक से पहचान सकते हैं। कबीर कभी बड़े आसान लगते हैं तो कभी बड़े मुश्किल । हिंदी के पंडितों ने उनकी कई तरह से व्याख्या की है। कबीर को तमाम तरह के खेमों में रखा गया है। वह बड़े पक्के भक्त हैं, शुद्ध वैष्णव हैं, सूफी हैं और प्रेम के कवि तो हैं ही। वे ब्रह्म और ईश्वर की पहचान कराने वाले कवि और भक्त हैं। ज्यादातर लोग उन्हें 'संत' कहकर समझाना चाहते हैं। उन्हें दलित चेतना का विचारक कह कर भी पेश किया गया है। इन सबके बीच असली कबीर कौन हैं यह पहचानना और भी कठिन हो गया है। वे वाचिक परम्परा के कवि और संत हैं। उन्होंने जो कुछ कहा उसका मौखिक आधार अधिक है। कई जगह से उनकी रचनाओं को विद्वानों और भक्तों ने एकत्र किया है। इसलिए उनके पाठ की प्रामाणिकता सिद्ध करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। कबीर बहुत जटिल हैं, जटिल इसलिए कि वह हम सब जैसे आदमी भी हैं और उससे ऊपर उठकर वह कवि भी हो जाते हैं और उससे उठकर वह सिद्ध भी हो जाते हैं। कबीर को पहचानना इसलिए भी मुश्किल हो जाता है कि कबीर को लेकर जो किबदंतियाँ हैं, कहानियां हैं, वे उनको अलग-अलग घरोंदों में रखती है। इस तरह किसी एक तरह के कबीर नहीं हैं। नाना प्रकार के कबीर जगह-जगह फैले हुए जो कबीर पंथी हैं और हम जिस कबीर को पढ़ते हैं, दोनों में बहुत दूरी है। कबीर को भगवान का रूप दे दिया गया। कबीरपंथी नाना प्रकार से उनकी पूजा करते हैं। यह सब जो दुनिया की खुदाई है, उसका अपना सब लफड़ा है, वह उनको बनाता रहेगा, बिगाड़ता रहेगा। यह पृष्ठभूमि है जो जटिल बनाती है, कबीर तक हमें पहुंचने में कठिनाई पैदा करती है कि कबीर को कहां से देखा जाय? और क्या देखा जाय?

कबीर हमारे लिए इसलिए भी प्रासंगिक हैं कि वो पूरे समग्र समाज को देखते हैं। कोई ऐसी जाति नहीं होगी जिसका उल्लेख उन्होंने न किया हो, कोई ऐसा धर्म नहीं होगा जिसका उल्लेख नहीं पायेंगे। जितनी भारत की विविधता है, वह सारी की सारी कबीर में दिखाई देती हैं। कबीर ईस्लामी शासन था। बहुत सारे इस तरह के प्रमाण हैं जो यह बताते हैं कि उस समय धर्म परिवर्तन की भी बात होती थी। तमाम तरह के अत्याचारों की भी बात होती है। यह आत्मरक्षा का माध्यम था। जिसे हम हिन्दू धर्म कहते हैं, यह गलत शब्द है। क्योंकि यह हिंदुत्व का दिया हुआ है ही नहीं। वह तो किसी और ने नाम दे दिया कि हिन्दू धर्म है। असली नाम तो शाश्वत धर्म हो सकता है क्योंकि उसकी बात हर जगह है। जिन लोगों ने इसका उपयोग किया और हम लोगों ने उसे स्वीकार कर लिया। यह गुलामी की मानसिकता की एक प्रवृत्ति है। अंग्रेजों ने जिन-जिन रूपों में भारत को पहचाना, उन उन रूपों को हमने स्वीकार कर लिया कि वही हम हैं, जैसा वे कह रहे थे ।

कबीर एक खास तरह के जीवन दृष्टि को प्रतिपादित करते हैं। बहुत तार्किक तरीका है उनका, विश्लेषण करते हैं, तथ्यों को बताते हैं। यह भी बताते हैं कि रास्ता क्या है? वह अपने समय में स्थित आंकड़ों का विश्लेषण करके निष्कर्ष भी निकाल लेते हैं। यह भी दिखलाते हैं कि कहीं न कहीं तमाम बा'डम्बरों को हरा करके एक निखालिस मनुष्यता बचती है। यदि उस मनुष्यता को अपनाया जाय, उसके रास्ते पर चला जाय तो हम आत्मानुभूति कर सकते हैं। वह आत्मानुभूति ऐसी होगी जो भेद-भाव नहीं करेगी। वह सबके निकट होगी। सभी संत कवियों ने, लोक जीवन की भाषा को अपनाया है, यह बहुत बड़ी क्रांति थी। वह खेत में काम करने वाले गृहस्थ की भाषा है, वह पंडित की भाषा नहीं है। मगर पंडित की भाषा संस्कृत में जो कुछ हो रहा था वह सब वे जान रहे थे। उनहोने सिद्ध किया कि लोक भाषा में भी गहन चिंतन किया जा सकता है। यह बड़ी मार्के की बात है। वे जन कवि हैं न कि आभिजात्य वाले । यह अपनी कविता के लिए कच्चा माल भी वहीं, आम जिंदगी से लेते हैं। चर्चा भी उन्हीं की करते हैं। यह एक 'पैराडाईम शिफ्ट' है, एक प्रारूप नये ढंग का है । इसमें ज्ञान के आभिजात्य और जनता का जो भेद है, इसे दूर किया गया । कबीर की बातें जीवन की बातें है। वह केवल आदर्श की बात नहीं है। कबीर यह भी कहते हैं कि जो विचार नहीं करता है, उसके लिए तो मस्ती ही मस्ती है-"सुखिया सब संसार है खावै अरु सोवै, दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै।' विचार करने की कुछ कीमत तो आप को अदा करनी पड़ेगी। आप पहचानिएगा तो आप को पहचाना जायेगा। आप को खेमों में रक्खा जायेगा। कबीर कई तरह से सीमाओं का अतिक्रमण करते हैं। भाषाओं में, विचार में, तर्क के ढंग में, कहने के ढंग में। उलटबाँसियों का अर्थ लगाना आसान नहीं है। घर से बाहर निकल कर वह तमाम लोगों से बात करते थे। बताते थे देखो यह गलत है और फिर स्वयं अपनी साधना में डूबे रहते थे। अपने जीवन को, अपने अनुभवों को आत्म-मंथन करना, आत्म-विचार करना, आत्म-बोध की उनकी यात्रा निरंतर चलती रहती है। वह अकेली भी है और साथ साथ भी है। वह समाज की ओर अभिमुख भी है और स्वयंचेता भी। उनके विचारों में वे बहुत सारी उक्तियां मिलती हैं जिनसे हम उनको समझ सकते हैं। उदाहरण के लिए उनकी एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है-'हद चले सो मानवा, बेहद चले सो साधु। हद बेहद दोऊ चले, ताकर मता अगाथ'। इसे आप जिस रूप में भी ले, हद और बेहद स्थापित है, जो परम्परा है, जो परम्परा के परे है, जो सीमित है और जो व्यापक है। दोनों को समझना जरूरी है।

उनहोने सिद्ध किया कि लोक भाषा में भी गहन चिंतन किया जा सकता है। यह बड़ी मार्के की बात है। वे जन कवि हैं न कि आभिजात्य वाले । यह अपनी कविता के लिए कच्चा माल भी वहीं, आम जिंदगी से लेते हैं। चर्चा भी उन्हीं की करते हैं। यह एक 'पैराडाईम शिफ्ट' है, एक प्रारूप नये ढंग का है । इसमें ज्ञान के आभिजात्य और जनता का जो भेद है, इसे दूर किया गया । कबीर की बातें जीवन की बातें है। वह केवल आदर्श की बात नहीं है। कबीर यह भी कहते हैं कि जो विचार नहीं करता है, उसके लिए तो मस्ती ही मस्ती है-"सुखिया सब संसार है खावै अरु सोवै, दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवै।' विचार करने की कुछ कीमत तो आप को अदा करनी पड़ेगी। आप पहचानिएगा तो आप को पहचाना जायेगा। आप को खेमों में रक्खा जायेगा। कबीर कई तरह से सीमाओं का अतिक्रमण करते हैं।

कबीर की कविता में निषेध बहुत प्रखर रूप से प्रकट होता है। शायद उनके सामने जिस तरह की समस्यायें थी उन्हें देखते हुए, उनका खंडन करना, उन पर चोट करना जरूरी था। इस मामले में वह बहुत ही कट्टर हैं। कट्टर इस अर्थ में हैं कि वह किसी को छोड़ते नहीं हैं-'कांकर पाथर जोड़ि कै, मस्जिद लेई बनाई। ता चढ़ि मुल्ला बांग दे, क्या बहरा हुआ खुदाई।' यह कहने की हिम्मत है उनको। वह चाहे हिन्दू धर्म की जाति की परेशानियाँ हों या ईस्लाम की परेशानियाँ हों, दोनों को कहीं न कहीं चोट पहुँचाते हैं। वह सहज मार्ग वाले हैं : सहज-सहज सब कोउ कहै, सहज न चीन्है कोई। जिन सहजै विषया तजि, सहज कही जे सोई । इस सहज शब्द को, समझना कठिन है। यह सहजता, यह स्वाभाविकता कैसे आई? सहजता को जीवन में कैसे लाया जाय। सहज को खोजना शायद यह उनके जीवन का केंद्रीय तत्व था। सहज को ढूंढना ही उनका एक मार्ग था, जिसको उन्होंने आविष्कार किया। सत्य का अन्वेषण और सहज का मार्ग, यह रास्ता चुना उन्होंने, जो किसी के लिए भी सुगम हो सकता है, सहज हो सकता है। आसानी से जिसका उपयोग किया जा सकता है।

कबीर ने कई तरह से चेतावनी दी है कि हम किस तरह से, उस सहज के मार्ग को पा सकते हैं । इस बात को खोजने की कोशिश उन्होंने की है। यह भी उन्होंने बार-बार दिखलाने की कोशिश की है कि भाई, सत्य कई नहीं है। नाम तरह-तरह के ले लो मगर सत्य है वही- 'हमारे राम, रहीम, करीमा, केसो, अलह, राम, सति सोई। बिस्मिल मेरि विशम्भर एकै और न दूजा कोई।' वह कहते हैं कि क्यों तुम झंझट में पड़े हो, यह सब तो एक ही तत्व को बता रहे हैं। वह हमेशा इस पर भी जोर देते हैं कि अपना परिष्कार करो, सुधरो। जो समय मिला है, जो जीवन मिला है, उसमें हम सुधारें। 'मैं' को हटाइये उसके बाद आप को नया जीवन मिलेगा। सहज का, जीवन में आत्म बोध का, कैसे विस्तार होगा, सत संगति भी चाहि, गुरु की कृपा भी चाहिए, लगन भी चाहिए और अपने आप को पहचानने की एक अदम्य जिज्ञासा भी चाहिए और इसके लिए आतुरता भी ।

**(लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

# हिंदी भाषा के परिष्कार में 'हिंदी प्रदीप' का योगदान

स्मरण

राजेन्द्र वर्मा



हिन्दी भाषा के उन्नयन और परिष्कार में बालकृष्ण भट्ट (03.06.1944- 20.07.1914) का योगदान अद्वितीय है। विपुल साहित्य की सर्जना के साथ-साथ उन्होंने हिंदी प्रदीप नामक मासिक पत्र निकाला, जो सितम्बर 1877 से अप्रैल 1909, लगभग 32 वर्षों तक चला। यह पत्र वस्तुतः हिंदी प्रवर्धिनी समिति, इलाहाबाद का मुखपत्र था, जिसकी स्थापना भट्टजी ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए 1876 में की थी। भारतेंदुजी की 'कविवचन सुधा' (अगस्त1867 झ्र अक्तूबर 1873) के बाद 'हिंदी प्रदीप' ने दो महत्त्वपूर्ण दायित्व सँभाले– एक, पाठकों में राष्ट्रीय चेतना जगाते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठायी और दो, हिंदी भाषा के मानक रूप की नींव डाली। इस प्रसंग में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का कथन है कि हिंदी प्रदीप गद्य साहित्य का ढर्रा निकालने के लिए ही निकाला गया था। पत्र के महत्त्व का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उसका उद्घाटन भारतेंदु हरिश्चंद ने किया था और उसके मुखपृष्ठ पर उनका यह छन्द छपा रहता था--

शुभ सरस देश सनेह पूरित, प्रगट ह्वै आनंद भरै।
बचि दुसह दुर्जन वायु सो, 'मणि दीप' सम थिर नहिं टरै।
सूझै विवेक विचार उन्नति, कुमति सब यामें जरै।
'हिंदी प्रदीप' प्रकाश मूरखतादि भारत तम हरै।।

इस पत्र के माध्यम से भट्टजी तत्कालीन लेखकों के प्रेरणास्त्रोत बने और हिंदी के दूसरे प्रवर्तक कहलाये। इसमें पुरुषोत्तमदास टंडन, प्रतापनारायण मिश्र, आगम शरण, पं. माधव शुक्ल, मदनमोहन शुक्ल, श्रीधर पाठक आदि महत्त्वपूर्ण लेखकों की राजनीतिक और सामजिक विषयों की रचनाएँ छपती थीं, जिनमें निबंध, नाटक, उपन्यास आदि सभी विधाएँ सम्मिलित थीं। पत्र में उनके अपने निबंधों के अतिरिक्त, भारतेंदु हरिश्चंद्र, प्रतापनारायण मिश्र, राधाचरण गोस्वामी, महामना मदनमोहन मालवीय, श्रीधर पाठक, बालमुकुंद गुप्त, किशोरीलाल गोस्वामी जैसे पुरोधाओं के महत्त्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक निबंध भी छ्पते थे। निबंध के अलावा अन्य विधाओं की गद्य की रचनाओं को जनता के सम्मुख लाने का श्रेय, 'हिंदी प्रदीप' को है।

भट्ट जी के निबंधकार रूप से हम हिंदी भाषी खूब परिचित हैं। उन्होंने एक हजार के लगभग निबंध लिखे और अधिकांश 'हिंदी प्रदीप' में प्रकाशित किए। उनके कुछ निबंधों को हमने स्कूली कक्षाओं में पढ़ा है। वहीं से हमने निबंधों में समाहित बहुआयामी चिंतन के साथ-साथ लोककल्याण की भावना की पैठ भी देखी-जानी है। सामाजिक कुरीतियों पर चोट कैसे की जा सकती है, यह भी इन निबंधों से सीखी जा सकती है। आज के अति प्रचलित व्यंग्य-निबंधों का उत्स 'हिंदी प्रदीप' के ही निबंध हैं। इन निबंधों में भाषा की तीनों शक्तियाँ– अभिधा, व्यंजना और लक्षणा विद्यमान हैं।

भाषा-शैली की दृष्टि से भट्ट जी ने अपने निबंधों में उन्होंने तीन प्रकार की भाषा-शैलियाँ अपनायीं– एक, तत्सम शब्दों का भरसक प्रयोग जिसमें प्रसंगानुसार संस्कृत के श्लोक आदि के उद्धरण थे; दो, बोलचाल की वह भाषा जिसमें उर्दू-फारसी और अंग्रेजी के शब्द और हिंदी की प्रचलित लोकोक्तियाँ और मुहावरे हैं। तीसरी शैली के अंतर्गत उन्होंने उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अलंकारों के प्रयोग से गद्य-काव्य की रचना की। एक हिसाब से, हिंदी में गद्य-काव्य की परम्परा भट्टजी के 'हिंदी प्रदीप' से ही शुरू होती है।

नवम्बर 1885 अंक में प्रकाशित, गद्यकाव्य की शैली में, 'सूर्योदय' नामक भट्टजी का ललित निबंध है। उसका एक अंश देखिए, जिसमें भावों-विचारों के साथ कल्पना का अद्भुत समन्वय है–'देखो सूर्य का उदय हो गया। अहा ! इसकी शोभा इस समय ऐसी दिखाई पड़ती है मानो अन्धकार को जीतने को दिन ने यह गोला मारा है अथवा प्रकाश का यह पिंड है या आकाश का कोई बड़ा लाल कमल खिला है। लोगों के शुभाशुभ कर्म के खराद का यह चक्र है अथवा चन्द्रमा के रथ का पहिया है, घिसने से लाल हो गया है। अथवा, काल के निर्लेप होने का सौगंध खाने का यह तपाया हुआ लोहे का गोला है, अथवा उस बड़े अतिशबाज का, जिसने रात को अद्भुत गंज सितारा छोड़ा था; यह दिन का गुब्बारा है, वा यह एक लाल व्योमयान (बैलून) है जो समय को लिए इधर-उधर फिरा करता है वा संसारियों के दिन के काम पर जो अनुराग है, यह उसका समूह है या रात को सुख पाने वाली, दिन को वियोगिनी होने वाली स्त्रियों की वियोगाग्नि का कुंड है वा पूर्व दिशा का माणिक्य का शीशफूल है वा काल खिलाड़ी का लाल पतंग है ।" (नवम्बर, 1885)

इसी क्रम में, 'चंद्रोदय' नामक निबंध के कुछ अंश देखें, जो मानवीकरण के रूपक, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि के अनुपम उदाहरण हैं। इसमें भी गद्य का लालित्य देखते ही बनता है। कहीं-कहीं तो इसके अंश आज की गद्य कविता जैसे लगते हैं–

अँधेरा पाखबीता, उजाला पाखआया। पश्चिम कीओर सूर्यडूबा और वक्राकार हँसिया की तरह उसी दिशा में चंद्रमा दिखलाई पड़ा। मानोकर्कशा के समान पश्चिम दिशा सूर्य के प्रचंड ताप से दुखी हो क्रोध मेंआ इसी हँसिया को लेकर दौड़ रही हैऔर सूर्य भयभीत हो पाताल में छिपने केलिए जा रहा है। अब तो पश्चिम ओरआकाश सर्वत्र रक्तमय हो गया। क्या सचमुच ही इस कर्कशा ने सूर्य का काम तमाम किया जिससे रक्त बह निकला,अथवा सूर्य भी क्रूर हुआ जिससे उनका चेहरा तमतमा गया और उसी की यह रक्त आभा है?+++ या अंधकार महाराज के हटाने का अंकुश है ; या विरहिणियों के प्राण कतरने की कैंची है;अथवा शृंगार रस सेपूर्ण पिटारे के खोलने की कुंजी है; या तारा मौक्तिकों से गुंथे हार के बीच का यह सुमेर है,अथवा जंगम जगत मात्र को डसनेवाले अनंग भुजंग के फन पर का चमकता हुआ मणिहै;या निशा-नायिका के चेहरे की मुस्कराहट है या सँध्या नारी की काम केलि के समय में उसकी छाती पर लगा हुआ नखक्षत है;अथवा जगज्जेता कामदेव का धब्बाहै, या तारा मोतियों की दो सीपियों में से एक सीपी है।..यह गोल-गोल प्रकाश का पिंड देख भाँति-भाँति की कल्पनाएँ मन में उदय होती है कि क्या यह निशा अभिसारिका के मुख देखने की आरसी है या उसके कान का कुंडल अथवा फूल है ! यह रजनी रमणी के ललाट पर दुक्के का सफेद तिलक है।

'

'प्रदीप' में प्रकाशित सामाजिक निबंधों में यथार्थ का चित्रण है हृदयग्राही है। बहुवर्णनशीलता विषयवस्तु के सभी पहलुओं पर सम्यक विचार करती है। भाषा बोलचाल की है, लेकिन उसका चुटीलापन चित्त को प्रसन्न करता है। हास्य गुदगुदाता है, तो व्यंग्य चिकोटियाँ काटता है। रसानुभूति ऐसी कि जैसे कानों में मिसरी घुले... गरज यह कि निबन्धों को उनकी भाषा-शैली के बिना पर ही पाठक उसे बिना पढ़े न रह पाए! बोलचाल की भाषा का एक उदाहरण देखिये। यह बातचीत नामक निबंध से लिया गया है, जो 'प्रदीप' के अगस्त 1891 के अंक में छपा था। तत्सम में रँगी इसकी बोलचाल की भाषा में अंग्रेजी का 'फॉर्मेलिटी' भी है और 'लच्छे में सनी हुई' अथवा, 'राम-रमौवल' जैसे देशज मुहावरे भी–

जैसे गरम दूध और ठंडे पानी के दो बर्तन पास-पास सटाके रखे जायें, तो एक का असर दूसरे पर पहुँचता है- अर्थात दूध ठंडा हो जाता है और पानी गरम! वैसे ही, दो आदमी आस-पास बैठे तो एक का गुप्त असर दूसरे पर पहुँच जाता है। चाहे एक दूसरे को देखे भी नहीं, तब बोलने की कौन कहे; पर एक का दूसरे पर असर होना शुरू हो जाता है। एक के शरीर की विद्युत दूसरे में प्रवेश करने लगती हैं। अब पास बैठने का इतना असर होता है तो बातचीत में कितना अधिक असर होगा, इसे कौन न स्वीकार करेगा।।+++ जब चार आदमी हुए, तब बेतकल्लुफी को बिलकुल स्थान नहीं रहता। खुल के बातें न होंगी, जो कुछ बातचीत की जायगी, वह 'फार्मेलिटी', गौरव और संजीदगी के लच्छे में सनी हुई। चार से अधिक की बातचीत तो केवल राम रमौवल कहलायेगी।

हिंदी साहित्य के परवर्ती निमार्ताओं, महावीरप्रसाद द्विवेदी, निराला, हजारीप्रसाद द्विवेदी, भगवतीचरण वर्मा, अमृतलाल नागर, कुबेरनाथ, विद्यानिवास मिश्र आदि को 'प्रदीप' की रचनाओं से अवश्य ही प्रेरणा मिली है। हिंदी के व्यंग्यकारों में जो खिलंदड़ी भाषा मिलती है, उसकी कल्पना 'प्रदीप' की रचनाओं से गुजरे बिना नहीं की जा सकती । 'हिंदी प्रदीप' में प्रकाशित निबंध, नाटक, उपन्यास आदि से हिंदी का जो स्वरूप निर्धारित हुआ, वह कालांतर में मानक बन गया।

**(लेखक कवि एवं कथाकार हैं, संपर्क 80096 60096)**

भावों-विचारों के साथ कल्पना का अद्भुत समन्वय है–'देखो सूर्य का उदय हो गया। अहा ! इसकी शोभा इस समय ऐसी दिखाई पड़ती है मानो अन्धकार को जीतने को दिन ने यह गोला मारा है अथवा प्रकाश का यह पिंड है या आकाश का कोई बड़ा लाल कमल खिला है। लोगों के शुभाशुभ कर्म के खराद का यह चक्र है अथवा चन्द्रमा के रथ का पहिया है, घिसने से लाल हो गया है।

व्यंग्य

## चीन से ऊपर



हरिशंकर राढ़ी

अभी अपुष्ट-सी खबर आई कि अपना देश चीन मुलुक की आबादी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बडी आबादी वाला देश बन गया। अपुष्ट खबर और अपुष्ट आदमी अपने वतन में यहाँ-वहाँ डोलते मिल ही जाएँगे। जो चाहे पकड़ ले। हृष्ट-पुष्ट खबर एवं आदमी दुर्लभ ही हैं। खैर, जिस रफ्तार से हम बढ़ रहे हैं, सबसे आगे निकलना ही था। भले ही वह आबादी का मामला हो।

कभी-कभी तो लगता है कि सर्वाधिक आबादी वाला मुलुक बनने में इसे देर लग गई। जहाँ न जाने कितनी सदियों से 'दूधों नहाओ, पूतों फलों' का आशीर्वचन फिजाओं में गूँजता रहा हो, वहाँ तो पहले ही सबसे आगे हो जाना चाहिए। जहाँ कीट-पतंगों, वायरस और अजन्मे जीव में भी आत्मा ढूँढ़ ली जाती हो, जहाँ प्रजनन क्षमता के अंत होने तक ऊपरवाला मेहरबानी करता रहता हो, उसे चीन क्या खाकर रोकेगा? यह हाल तब है जब बेटी को संतान न मानने वाले उसे गर्भ में ही निपटा दे रहे हैं। मर्द का काम ही है कि वह औरत को निपटा दे। उसे गिनने लायक भी न छोडे।

सरकार शायद इस बात को न माने कि हम चीन से आगे निकल गए हैं। कुछ मामलों में सरकार नहीं मानती, कुछ में विपक्ष। बात सरकार की हो रही है। यदि वह इधर-उधर के आँकड़े मानने लग गई तो सरकार किस बात की? जब तक सक्षम अधिकारी प्रमाणपत्र न दे, वह मरे को मरा और जन्मे को जन्मा नहीं मानती। हालाँकि चीन-पाकिस्तान से हम किसी बात में आगे निकलें, खुशी होती है। हम उसे चुनौती दे सकते हैं कि मुंडी गिन लो तब भी हम तुमसे अधिक हैं। बस उस मुंडी में क्या है, यह मत पूछना।

दुख इस बात का है कि अभी कुछ दिन पहले हैप्पीनेस इंडेक्स में अपना देश पाकिस्तान से नीचे खिसका था तो विरोधियों एवं बुद्धिजीवियों ने खूब हो-हल्ला मचाया था, लेकिन आज जब हम चीन को छलाँग गए तो सबकी जुबान में ताले लग गए। वह भी पहले नंबर पर आना कोई हँसी-मजाक नहीं होता! लेकिन इस पर कोई इसलिए बोल नहीं रहा क्योंकि यह सबके सहयोग से संभव हुआ है। यह टीमवर्क रहा होगा। चाहे सरकारें रही हों या जनता। बल्कि यही एक क्षेत्र रहा, जिसमें समाज के हाशिये पर खड़े व्यक्ति ने भी बढ़-चढ़कर योगदान किया, अपना पूरा सौ प्रतिशत दिया। चूँकि सरकारें लगभग सभी दलों की रह चुकी हैं, इसलिए श्रेय भी सभी को लेना चाहिए।

सरकार की किस्मत और कोरोना के अडंगे से पिछली बार जनगणना नहीं हुई, अन्यथा दूध का दूध और पानी का पानी हो गया होता। अपनी जनता सरकारों पर और सरकारें जनता पर भरोसा नहीं करतीं, इसीलिए हर दसवें साल जनगणना होती है। अपने यहाँ के जन कब क्या कर बैंठें, इसलिए उनकी गिनती करवाते रहो। अभी जो आँकड़ा आया है, वह अनुमान पर आधारित है। ठीक वैसे ही जैसे यहाँ की ट्रेनों की स्थिति। दूरी और गति के हिसाब से गाड़ी टाइम टेबल पर चलती रहती है, पटरी पर भगवान ही जाने।

अपनी शंका लेकर मैं बुद्धिराम जी के पास गया। उन्होंने छूटते ही पूछा झ्र ह्लकिसके आँकड़े पर विश्वास किया? अपने देश के या चीन के? दोनों में आपको विश्वास योग्य कौन लगता है?ह्व मैंने भी किसी राजनीतिक प्रवक्ता की भाँति विकल्प से हटकर तीसरा जवाब दिया - ह्लअपुष्ट खबरों और सूत्रों पर।ह्व बुद्धिराम जी बोले- तब मान सकता हूँ। सूत्र और अपुष्ट बातें गलत नहीं होतीं। गलत हों भी तो उन्हें गलत नहीं मानना चाहिए।

बुद्धिराम जी ने कहा- ह्लदेखिए, मैं अपनी सरकारों की शब्दावली और नामकरण की बलि-बलि जाता हूँ। अपने यहाँ जनता को गिने जाने के कार्यक्रम को 'जनगणना' कहते हैं। यानी यहाँ जनगणना होती है, मानवगणना नहीं। सरकार को पता है कि यहाँ मानव मुश्किल से ही मिलेंगे। जनगणना कर्मचारी मानव खोजते-खोजते कहाँ जाएँगे? क्या सवाल पूछेंगे? अभी तो पूछते हैं कि आपकी कितनी बीवियाँ हैं, कितने बच्चे हैं, शादी किस उम्र में की थी, रहते कहाँ हैं, आमदनी कितनी है (खर्चा कितना है, यह प्रश्न अनुचित है), पढ़े कितना हैं, धर्म क्या है, साक्षर कौन है, गाड़ी कौन-सी है, आदि-आदि। यह सब आदमी आराम से बता देता है। अब यदि मानव गणना हो तो पूछना पड़ेगा- नैतिकता क्या है, माता-पिता के प्रति आप कौन-सा कर्तव्य निभाते हैं, रिश्तेदारों से रिश्ते कैसे चल रहे हैं, आत्मा की आवाज कब सुनी थी, ईमानदारी कब से किए जा रहे हैं और अपने कर्तव्यों का निर्वहन किस हद तक जाकर करते हैं? बहुत संभव है कि ऐसे सवाल सुनकर जनता को काठ मार जाए। सरकार को तो मार ही गया है, जनता को भी मार गया तो देश का क्या होगा?

हमारे यहाँ ही नहीं, पड़ोस के मुल्क में भी मर्दुमशुमारी होती है, इंसान शुमारी नहीं। वहाँ की सरकार को भी मालूम है कि मर्द मिल जाएँगे, इंसान नहीं मिलेंगे। इंसान की तो बात छोड़ें, वहाँ तो औरत ही नहीं मिलेगी। औरत नहीं तो इंसानियत का घलवा नहीं मिलने वाला। वैसे भी वे औरत को कौन-सा इंसान मानते हैं?

वैसे हमें फिलहाल यह पता करना चाहिए कि हमारे अगड़ जाने पर चीन में मायूसी है कि नहीं!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 09654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आजमगढ़ रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**प्रशासन अलर्ट कॉलर को हिरासत में लेकर जांच में जुटी पुलिस**


रेलवे स्टेशन पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भैरोपुर दरगाह गांव निवासी मोहम्मद फारुख पुत्र इस्माइल के मोबाइल से शुक्रवार की सुबह डायल 112 पर फोन जाता है कि 10 बजे सुबह तक रेलवे स्टेशन को बम से उड़ा दिया जाएगा। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल हरकत में आते हुए मोहम्मद फारुख पुत्र इस्माइल को गिरफ्तार कर थाने पर लाई, और पूछताछ में जुट गई। मोहम्मद फारूक ने बताया कि मेरी बेटी की शादी 2021 में एजाज अहमद पुत्र रमजान अहमद के साथ हुई थी। एजाज अहमद मेरे घर पर आया हुआ है विदाई को लेकर कुछ विवाद था मेरे मोबाइल से कॉल कैसे किया गया यह मुझे पता ही नहीं चला। मुझे शक है कि मेरे दामाद एजाज ने ही इस तरीके की हरकत की है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर इस पूरे घटनाक्रम की छानबीन में जुटी हुई है। एजाज सुबह ही ससुराल से भाग गया। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि डायल 112 पर एक सूचना प्राप्त हुई, जिसमें आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर 10 बजे बम ब्लास्ट करने की सूचना दी गई। सूचना पर तत्काल एसओजी सर्विलांस टीम व लोकल पुलिस को अलर्ट किया गया। एहतियात के तौर पर एसओ सिधारी, एसओ जीआरपी, इंस्पेक्टर आरपीएफ व लोकल पुलिस की टीम के साथ पूरे एरिया व परिसर को चेक किया गया तथा सैनिटाइज कराया गया। कोई भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति रेलवे स्टेशन के अंदर या परिसर के आस-पास नहीं मिला। एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा कॉलर


फोनकर्ता मोहम्मद फारुख

मोहम्मद फारुख पुत्र इस्माइल को ट्रेस कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। एजाज अहमद जो इसका दमाद है मोहम्मद फारुख के मोबाइल नंबर से कॉल की गई। इसके द्वारा सरारतन मोहम्मद फारुख को फंसाने के लिए कॉल की गई है। क्योंकि इनका आपस में पारिवारिक विवाद चल रहा है और कल रात ही एजाज अहमद मोहम्मद फारुख के घर आया था और आज सुबह इसके घर से निकल गया था। संपूर्ण जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है जो भी पूछताछ में सामने आएगा विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# गैंगस्टर ऐक्ट में महिला सहित दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना गम्भीरपुर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट बनाम बनाम सलमान पुत्र रियाज अहमद निवासी कलंदरपुर थाना गम्भीरपुर गैंग लीडर व अहमद पुत्र मो.सलीम अंसारी निवासी ग्राम कलंदरपुर थाना गम्भीरपुर व नूरूसवा उर्फ शब्बो बानो पत्नी दिलशेर अहमद उर्फ डब्लू अहमद पुत्री हनीफ कुरैशी निवासी रौजा थाना देवगांव हाल पता कलंदरपुर थाना गम्भीरपुर, नूराना उर्फ शबीना बानो पत्नी तालिब पुत्री हनीफ कुरैशी निवासी बखरा सिकरौल थाना सरायमीर हाल पता ग्राम कलंदरपुर थाना गम्भीरपुर, नूर आलम पुत्र हनीफ कुरैशी निवासी कलंदरपुर थाना गम्भीरपुर, सरफुद्दीन उर्फ सरफू डफाली पुत्र कमरुद्दीन डफाली निवासी कलन्दरपुर, अफसाना उर्फ रिजवाना पत्नी हनीफ कुरैशी निवासी ग्राम कलंदरपुर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों अहमद पुत्र मो. सलीम अंसारी व अफसाना उर्फ रिजवाना पत्नी हनीफ कुरैशी निवासी कलन्दरपुर थाना गम्भीरपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।


गंभीरपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

## संक्षेप

### बकाया पर तीस की काटी गयी लाइट



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के मुहम्मदपुर सबस्टेशन क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा जमकर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कई लोगों के बकाया न जमा करने पर केबल काटी गयी। विजली विभाग की इस कार्यवाही से लोगों द्वारा स्वयं जाकर बकाया का पैसा जमा किया जा रहा है। मोहम्मदपुर पावर हाउस क्षेत्र के रसूलपुर गांव, और नगरिया गांव बकाए पर 30 लोगों की लाईट काटी गई और एक लाख पच्चीस हजार जमा कराये गये। इस अवसर पर जेई संदीप कुमार, एसडीओ सुधीर मल, बाबू जयप्रकाश, लाईनमैन रमस्मार, मुक्खु सागर, राजेश, रहमतुल्लाह, उमेश, सनोज, अनीस, अश्वनी, राजन, मीटर रीडर अवकार, पप्पू आदि लोग उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं ने किया एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील में शुक्रवार को पांचवें दिन भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री बार एसोसिएशन रामआसरे चतुवेर्दी ने अधिवक्ताओं को सम्बोधित किया और निजामाबाद उपजिलाधिकारी कोर्ट का वहिष्कार किया। बार एशोसिएशन के अध्यक्ष रणविजय राय उर्फ मनोज राय ने बताया कि जब तक निजामाबाद तहसील में भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा और कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई नहीं होगी तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट का वहिष्कार किया जिसके कारण फरियादियों को अग्रिम तारीख लेकर वापस होना पड़ा। इस अवसर पर रणविजय राय उर्फ मनोज राय, रामआसरे चतुवेर्दी, खलिकुज्मा, मिठाई लाल, इसरत हुसैन, डॉ.शाहनवाज खान, महेन्द्र पांडेय, लालमन यादव, कमलेश यादव, अनिल कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### रिबोर की बाट जोह रहे इंडिया मार्का हैंडपम्प



**फूलपुर (आजमगढ़)।** तपिस भरी गर्मी में पानी की तलाश शुरू हो गयी है। गांव हो या शहर हर तरफ पानी और छांव की तलाश सभी को है पर अधिकारी कर्मचारियों की उदासीनता के कारण 50 प्रतिशत इंडिया मार्का हैण्ड पम्प बन्द पड़े हैं या शुद्ध पानी नहीं दे रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालय पर सरकारी अभिलेखों में 2400 इंडिया मार्का हैण्ड पम्प लगे हैं यह तो अंकित है पर कितने खराब पड़े है इसकी जानकारी न खण्ड बिकास अधिकारी को है न सचिव या एडीओ पंचायत को। जब कि समय समय पर गावो में इंडिया मार्का हैण्ड पम्प की रिबोर ओर मरम्मत के भुगतान होते रहे हैं। गांव में 50 प्रतिशत इंडिया मार्का हैण्डपम्प पानी के लिए अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी में जल की मांग बढ़ने से ग्रामीण ब्लाक तक शिकायतें करने लगे हैं। हड़वा ग्राम पंचायत निवासी अर्जुन पुत्र हरिलाल, भदसार निवासी अमृत लाल व शीतला प्रसाद व पृथ्वी राज यादव, द्वारा सहायक बिकास अधिकारी पंचायत असविन्द यादव से पूछने पर बताया गया कि सभी ग्राम पंचायत ग्राम बिकास अधिकारी को लिखित सूचना दिया गया है। स्वच्छता व शुद्ध जल ग्रामीणों को मिले खराब इंडिया मार्का हैण्ड पम्पों को मरमम्त कराने का निर्देश दिया गया है। शीघ्र ही ग्रामीणों की शिकायत दूर हो जाएगी।

### चोरी का अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे



**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले एक अभियुक्त को गायत्री मोड़ से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। देवगांव पुलिस मेंहनाजपुर तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी गायत्री मोड़ मेहनाजपुर की तरफ से एक व्यक्ति सफेद रंग की बोरी लेकर आते हुए दिखाई दिया जिसे रूकने का इशारा करने पर वह पुलिस वालों को देखकर वापस जाने लगा। लेकिन पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को घेर कर गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति की जामा तलाशी लेते हुए नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम कमलेश राजभर पुत्र रामजीत राजभर निवासी सरैया थाना तरवां बताया। उसके पास से बोरी के अन्दर एक बड़ा घण्टा सिकड़ में लगा हुआ व एक छोटा घण्टा बरामद हुआ। बरामद घण्टे के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछने पर उसने बताया कि 31 मई की रात को लहुवां कलां गांव में पीपरा बाबा मन्दिर सेयह चोरी किया था। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### अनुराग सिंह बने केंद्रीय उपभोक्ता के सभापति



**आजमगढ़।** केंद्रीय उपभोक्ता भंडार लिमिटेड का चुनाव, चुनाव अधिकारी केके सिंह परियोजना अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें युवा भाजपा नेता अनुराग सिंह सनी को निर्विरोध सभापति चुना गया। नवनिर्वाचित सभापति अनुराग सिंह सनी ने कहा कि जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है उस पर मैं पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उक्त अवसर पर आरपी राय, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ ज्ञानू सिंह, विजेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह भक्कू, धनंजय सिंह, बलवंत सिंह, विजय सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, किशन सिंह, विशाल सिंह छोटू, विनोद सिंह, विजय दुबे, सुशील जायसवाल, सुनील सिंह, सनी सिंह, वैभव राय, प्रतीक सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

**आजमगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल द्वारा शुक्रवार को जन सुनवाई की गयी। जनसुनवाई में प्राप्त कुल 32 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# नौकरी के नाम पर धोखा देने वाला गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सिधारी पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके एक लाख 13 हजार रुपए लेने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। बीते 18 मई को धर्मेश दूबे पुत्र विजय दूबे निवासी अकबरपुर, थाना बिलरियागंज द्वारा थाने पर लिखित तहरीर दिया गया कि अभियुक्तों राकेश मिश्र पुत्र छोट्टन मिश्रा निवासी डुगडुगवा थाना सिधारी व श्रीराम मिश्रा निवासी आराजी अमानी थाना महराजगंज द्वारा वादी से नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके एक लाख 13 हजार रुपए ले लिया गया तथा फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया गया। लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त राकेश मिश्रा पुत्र स्व.छोट्टन मिश्रा निवासी डुगडुगवा थाना सिधारी को डुगडुगवा कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।


सिधारी थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

# पिकअप की चपेट में आने से छात्र की मौत

**आजमगढ़।** पवई थाना क्षेत्र के पुल सराय गांव के पास शुक्रवार की सुबह बाइक से पॉलीटेक्निक कालेज पढ़ने जा रहे छात्र की पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जौनपुर जिले के शाहगंज कस्बा निवासी विवेक मोदनवाल 20 वर्ष पवई थाना क्षेत्र के कलान गांव स्थित श्री विश्वनाथ पॉलीटेक्निक कालेज में इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष का छात्र था।

रोज की भांति वह बाइक से शुक्रवार की सुबह कालेज जाने के लिए निकला। अभी वह पवई थाना अंतर्गत पुल सराय गांव के पास ही पहुंचा था कि पिकअप से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में विवेक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पवई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# असलहे की नोक पर रुपयों से भरा बैग लेकर बदमाश फरार

**एसपी ने मातहतों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

**सीसी टीवी फुटेज की जांच में जुटी पुलिस**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलइसा मंडी के समीप शुक्रवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाश असलहे के दम पर प्राइवेट कंपनी संचालक का रुपये से भरा बैग छीन कर फरार हो गये। संचालक के बैग में सात लाख छियालीस हजार रुपए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान मौके पर पहुच जांच कर पुलिस को निर्देश दिया। सिधारी थाना क्षेत्र के मुहल्ला निवासी गोपाल कुमार रानीकीसराय क्षेत्र के जगरनाथ सराय स्थित मकान में कंपनी के नाम से किराना सामान के थोक का कारोबार करता है। शुक्रवार को आजमगढ़ से बैंक से पैसा निकाल कर रानीकीसराय के जगरनाथ सराय केन्द्र पर बाइक से जा रहा था। बेलइसा मंडी के समीप ढाबे के पास आजमगढ़ की ओर से पीछा कर रहे अपाचे बाइक सवार बदमाशो ने बाइक को ओवरटेक कर पहले पैर से धक्का मारा जबतक गोपाल समझता बदमाशों ने असलहा से धमकाते हुए रोक लिया। ज्यों ही बाइक रुकी बदमाश पैसों से भरा बैग छीन कर फिर वापस शहर की ओर फरार हो गये। किसी तरह गोपाल ने सूचना पुलिस को दी। स्टेट हाइवे पर दिन दहाड़े लूट की सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गये। सूचना मिलते ही पुलिस कप्तान अनुराग आर्य, एसपी सिटी शेलेन्द्र कुमार, सीओ गौरव शर्मा, थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंच गये। जिस स्थान पर लूट हुई वहां हमेशा आवागमन रहता है। दूसरी पटरी पर मदिरा की दुकान तो एक तरफ ट्रक मैकेनिक है जहां लोग जमा रहते हैं। पुलिस का मानना है कि लुटेरे पहले से मूवमेंट में लगे थे और मौका मिलते ही अंजाम दे दिया। आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस ने खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस कप्तान ने घटना के खुलासे के लिए स्वाट टीम के साथ ही सिधारी और रानीकीसराय पुलिस को निर्देशित किया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित के दुकान पर भी पहुंच कर पूछ ताछ की।


घटना स्थल पर जांच पड़ताल करते एसपी अनुराग आर्य व पुलिस बल

# जनपद में पहुंची अयोध्या कांड की आंच

**मांग**

**नारी शक्ति संस्थान ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल

**आजमगढ़।** मयार्दा पुरूषोत्तम की नगरी कहे जाने वाले अयोध्या स्थित एक स्कूल में अपराधियों द्वारा बेखौफ होकर मासूम छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद की गई निर्मम हत्या से जिले में भी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर नारी शक्ति संस्थान का एक प्रतिनिधि मंडल सचिव डा.पूनम तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अयोध्या व दिल्ली प्रकरण में सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग किया। सचिव डा.पूनम तिवारी ने कहा कि अयोध्या और दिल्ली की घटना सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। सरकार बेटियों के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी अभियान संचालित कर रही है लेकिन शिक्षा जैसी मुख्य इकाई में ऐसी घटनाएं घटित होंगी तो व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा होगा। यह घटना सामाजिक और प्रशासनिक ढांचे को खुली चुनौती दे रही है। जिस भी मामले में अपराध स्पष्ट हो उसमें त्वरित कार्यवाही करते हुए दोषी को समय-सीमा के भीतर फांसी की सजा दी जाए। सरकारों के ढुलमुल रवैया का परिणाम रहा कि निर्भया हत्याकांड के बाद आज भी आधी-आबादी प्रताड़ना, शोषण, बलात्कार, हत्या जैसी घटनाओं की शिकार हो रही है। राष्ट्रपति महिला मामलों की गंभीरता को ध्यान में रखें। महिलाओं ने केंद्र व प्रदेश सरकारों से कठोर कदम उठाए जाने की मांग की। अमिता अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली प्रदेश में साक्षी के ऊपर सरेराह धारदार हथियार से खुलेआम निर्ममता के साथ हमला कर पत्थर से एक बेटी को दिनदहाड़े कूचे जाने की घटना का उत्तर प्रदेश सरकार को भी सबक लेने के लिए निर्देशित किया जाए। महिलाओं, किशोरी, छात्राओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाया जाए और महिलाओं पर हुए अपराध की सुनवाई कम से कम समय में किए जाने का प्रावधान कर दोषी को सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित किया जाए। पत्रक सौपने वालों में रश्मि डालमिया, अर्चना वत्सल, ममता राय, सुधा तिवारी आदि शामिल हैं।

## प्रीमिक्स पाउडर आपूर्ति की बनायें निरंतरता

**आजमगढ़।** डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक हुई। डीएम द्वारा ड्राई राशन वितरण, पोषण ट्रैकर पोर्टल, वीएचएनडी, न्यूट्रीशन काउन्सिलिंग कार्नर, लाभार्थियों का आधार नामांकन, प्रोत्साहन राशि की समीक्षा की गयी। प्रीमिक्स पाउडर लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूह द्वारा स्थापित प्लान्ट के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वितरित कराया जाता है। जिसकी आपूर्ति प्लान्ट द्वारा समय से नहीं हो पा रही है। इस पर डीएम ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रीमिक्स पाउडर का निरन्तर आपूर्ति कराये जाने हेतु मेरे माध्यम से शासन को पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही पोषण ट्रैकर पोर्टल की भी समीक्षा की गयी। पोषण ट्रैकर पोर्टल पर सुपरवाइजर की देखरेख में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से वजन, होम विजिट, वीएचएनडी, सीवीई एक्टिविटी की फीडिंग कराने में खराब प्रगति पाये जाने पर डीएम ने समस्त संबंधित सीडीपीओ को निर्देश दिया कि सुपरवाइजर से समन्वय स्थापित कर आंगनवाड़ियों के माध्यम से पोषण ट्रैकर पोर्टल पर 90 प्रतिशत से अधिक फीडिंग कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में सीडीपीओ का वेतन

# डीएम ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

**संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधियों को दिया दिशा निर्देश**

**आजमगढ़।** डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा एलसी इन्फ्रा, जीए बाबा, सुधाकरन इन्फ्रा, एसआईईपीएल, विक्रान्त इंजीनियरिंग, ईको प्रोजेक्शन के फेज-5 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान ट्यूबवेल, पम्पहाउस, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन, एफएचटीसी, बाउण्ड्रीवाल एवं ओवरहेड टैंक को डीपीआर के स्वीकृति के उपरान्त निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित एजेन्सी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया कि उपरोक्त कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि एजेन्सी के उक्त कार्यों से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त एजेन्सी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि जिन साइटों पर कार्य प्रारम्भ है, उन साइटों पर कार्यों से संबंधित साइट इंफार्मेशन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें। डिस्ट्रीब्यूशन लाइन आदि अन्य कार्यों हेतु आवश्यक हो तभी रोड की कटिंग करें एवं रोड कटिंग करते समय बैरियर अवश्य लगा लें तथा कार्य समाप्ति के उपरान्त तुरन्त कटे हुए सड़कों की मरम्मत का कार्य करा लें। डीएम ने समस्त एजेन्सी के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एफएचटीसी से संबंधित जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उससे संबंधित फेजवाइज, पूर्व माह एवं वर्तमान माह से संबंधित साप्ताहिक रिपोर्ट एवं विगत माह से पूर्व के माह का मासिक रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करायें। डीएम द्वारा महक सोशल वेलफेयर सोसायटी, निर्धन कल्याण समिति को निर्देश दिया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत टोटी कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करें।

# धोखे से जमीन रजिस्ट्री कराने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना बिलरियागंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री करा लेने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 24 अप्रैल को गुफरान अहमद पुत्र बिरजिसकदर निवासी पाँती बुजुर्ग जनपद आजमगढ़ द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि सहजाद पुत्र अफजल, शाह आलम पुत्र इद्रीस, सादिक पुत्र इन्तेखाब निवासीगण पाँती बुजुर्ग थाना बिलरियागंज, मोहम्मद अकमल पुत्र एकराम, निवासी भावारायपुर पट्टी टण्डन राय थाना बिलरियागंज, मोहम्मद सलीम पुत्र परवेज निवासी जयराजपुर थाना बिलरियागंज, वसीउर्रहमान पुत्र मंजूर अहमद निवासी गुलवा गौरी, थाना बिलरियागंज, खुरसेद पुत्र इस्तेयाक, निवासी रामपुर हज्जामपट्टी थाना बिलरियागंज द्वारा वादी के चाचा शौकत अली पुत्र वली मुहम्मद जो दिमाग से हल्के व मन्दबुद्धि हैं, का लाभ उठाकर वादी के चाचा को जबरदस्ती ले जाकर डरा धमकाकर उनकी जमीन को फर्जी तरीके से अकमल पुत्र एकराम के नाम बिना किसी पैसा दिये बैनामा करा लिया गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अभियुक्तों की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मोहम्मद अकमल पुत्र एकराम ग्राम भावारायपुर पट्टी टण्डन राय थाना बिलरियागंज को जैगहा चैराहा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।


बिलरियागंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

# अतिक्रमणकारियों के खिलाफ गरजा प्रशासन का बुलडोजर

**कार्रवाई**

**दोबारा अतिक्रमण पर होगी पीपी एक्ट की कार्रवाईः एसडीएम**


अतरौलिया में अतिक्रमण हटवाता प्रशासन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** एसडीएम बूढ़नपुर नवीन प्रसाद व तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह के संयुक्त नेतृत्व में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्यवाही की गई। सर्वप्रथम केसरी सिंह चैक स्थित दोनों पटरियों समेत फल व सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान लोगों में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त रहा। केसरी सिंह चैक से लेकर बब्बर चैक तक सड़क के दोनों पटरियों के किनारे अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन, नाले के ऊपर स्थाई रूप से अतिक्रमण की गई जमीन पर बुलडोजर की कार्वाई की गई। सैकड़ों दुकान व चबूतरों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा तो वहीं कुछ लोगों द्वारा आपत्ति दर्ज की गई कि उन्हें कोई नोटिस और निशानदेही नहीं कराई गई है। बावजूद इसके अतिक्रमण को हटाया गया। लगभग 3 घंटे तक चले नगर में बुलडोजर की कार्रवाई से सैकड़ों दुकानदार प्रभावित हुए। इस संदर्भ में एसडीएम नवीन प्रसाद ने बताया कि शासन की मंशा व आवश्यकता के अनुरूप नगर पंचायत में अतिक्रमण की समस्या जनमानस और जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार अवगत कराया जा रहा था। इसका पूर्व में निरीक्षण किया गया था और जो अवैध अतिक्रमण किये थे उन्हें निर्देशित किया गया था कि अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लें। कुछ लोगों द्वारा इसमें सहयोग भी किया गया लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया। आज नगर पंचायत में प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे प्रशासनिक व्यवस्था के साथ अतिक्रमण को हटवाया गया और यह अनवरत अभियान चलेगा और प्रयास होगा कि नगर की मुख्य समस्या जाम और अतिक्रमण की है उससे लोगों को निजात दिया जा सके। नोटिस की कार्यवाही की गई है जिसमें कुछ लोगों का सहयोग भी मिला है कुछ प्रतिक्रिया भी आई है कुछ लोगों द्वारा मौखिक प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है उनसे नक्शे की अपेक्षा की गई तो मौके पर कोई नक्शा प्रस्तुत नहीं किया गया। लोगों से अपेक्षा की जाती है कि अगर किसी को यह शंका है तो वह अपना नक्शा अपने साथ रखें। मेरे द्वारा उनके नक्शे को भी देखा जाएगा अगर नक्शे के अंतर्गत उसका पास है तो कोई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं करेंगे। अभी व्यावहारिक पहलुओं द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा है। दोबारा अगर उन लोगों द्वारा कब्जा किया जाएगा तो पीपी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मौके पर तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह, थाना प्रभारी प्रवेंद्र कुमार सिंह, लेखपाल रोशन द्विवेदी, अजीत यादव, उपनिरीक्षक प्रभात कुमार पाठक, वरिष्ठ लिपिक गिरिजेश कुमार यादव, सूरज सिंह, सफाई नायक राधेश्याम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले गये जेल


तरवां थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना तरवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

गुरूवार को राम अवतार यादव पुत्र मोती यादव निवासी बड़ागांव थाना सादात जनपद गाजीपुर द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि वादी के बहन को ससुरालजनों द्वारा आये विवाद करके तरह-तरह से प्रताडित करते थे। जिससे क्षुब्ध होकर 30 मई को उसकी बहन ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर लिया। वादी के परिवार को बिना कोई सूचना दिये ही उसकी बहन का दाह संस्कार उसके ससुराल वालों ने चोरी छिपे गाजीपुर घाट पर कर दिया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों संजय यादव पुत्र नन्दलाल यादव निवासी तितिरा दुम्मापार थाना तरवां, विमला देवी पत्नी नन्दलाल यादव निवासी तितिरा दुम्मापार थाना तरवां को तितिरा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# जिले में पकड़ी गयी 19 लाख की शराब, तस्कर हुआ फरार

**कार्रवाई**

**मेड इन पंजाब की शराब तस्कर लेकर जा रहे थे बिहार,**

**पुलिस देख वाहन छोड़ हुए फरार**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने 19 लाख कीमत की 380 पेटी अंग्रेजी शराब तथा तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम बरामद किया। मुखबिर की सूचना पर आबकारी और कटरा कोतवाली पुलिस को सफलता मिली। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अभियान चला रखा है। अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के लिए ठोस कार्यवाही का निर्देश दिया है। निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली कटरा व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम को सफलता मिली। पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती रात मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से डीसीएम वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी ली गयी तो डीसीएम वाहन में लदी हुई 960 बोतल/750 की 80 पेटी, 3600 बोतल/375' की 150 पेटी व 7200 बोतल/180 की 150 पेटी, इस प्रकार कुल 380 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब(रॉयल ग्रीन रिच ब्लेन्डेड व्हीस्की) बरामद हुई। कोतवाली कटरा पर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। शराब तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन को एमवी एक्ट में सीज किया गया। शराब बरामद करने वाली टीम में बरामदगी करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज, उप निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक विवेक दूबे क्षेत्र प्रथम, आबकारी निरीक्षक अखिलेश चन्द्र त्रिवेदी क्षेत्र द्वितीय अपनी टीम के साथ लगे थे।



पकड़ी गई शराब के साथ सीओ सिटी

# सीडीओ की अध्यक्षता में निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**बैठक**

**एफपीओ की समस्याओं को अधिकारी कराये निस्तारण : सीडीओ**

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कृषक उत्पादक संगठन की समीक्षा करते हुये कहा कि पशुपालन व मत्स्य पालन, उद्यान विभाग कृषको को व्यवसाय हेतु प्रेरित करें। उन्होने कहा कि सभी संगठन अपनी प्रगति रिपोर्ट से प्रत्येक माह उपलब्ध करायें। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि कृषक सम्बन्धी तीन योजनाए संचालित हैं। उन्होने कहा कि योजना के लाभ हेतु उद्योग की बेबसाइट पर आनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होने कहा कि ऐसे कृषक जिन्होने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नही कराया है वे अवश्य अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। मुख्य विकास अधिकारी समस्याओं को सुनते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को अगली बैठक के पूर्व निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उप निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय ने एफ0पी0ओ0 से कहा कि जो भी उत्पाद उनके द्वारा बनाया जा रहा है उसे अगली बैठक दिखाये जाये।




# ग्रामीणों संग विधायक ने किया हवन पूजन

**हलिया।** क्षेत्र के भटवारी गांव में गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित एक दिवसीय त्रिकुंडीय गायत्री महायज्ञ में ग्रामीणों संग छानबे विधायक रिंकी कोल ने संग विधि विधान से हवन पूजन किया। हरिद्वार से पधारे आचार्य शालिक राम मौर्य ने 51 किलो तिल जौ, गुड़ घी आदि हवन सामग्री से विधि विधान से यज्ञ पूजन कराया। आचार्य शालिक राम मौर्य ने बताया कि विश्व कल्याण और सुख शांति के लिए गायत्री महायज्ञ किया गया है यज्ञ से वातावरण शुद्ध हो जाता है। सभी को प्रतिदिन हवन पूजन करना चाहिए इससे जहां देवता प्रसन्न होकर आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए लोगों को गायत्री परिवार से जुड़ने की आवश्यकता है। छानबे विधायक रिंकी कोल ने हवन पूजन के पश्चात उपस्थित महिलाओं से बालिकाओं के शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस दौरान आचार्य राम शिरोमणि मौर्य, आचार्य राम जियावन मौर्य, भगवत प्रसाद मौर्य, सांसद प्रतिनिधि विकास सोनकर, ग्राम प्रधान राजेश मौर्या, लालजी मौर्य, शशिकांत पटेल, सूरज मौर्य, गुलाब बहादुर पटेल, प्रेमचंद मौर्य, यज्ञ नारायण मौर्य, जगन्नाथ सिंह, लालमणि मौर्य, पूनम मौर्या, अनीता मौर्या आदि मौजूद रहे।



# मंडलीय अस्पताल को मिली अल्ट्रांसाउड, स्कैनिंग मशीन

**नेक कार्य**

**मंडलीय अस्पताल को मिली अल्ट्रांसाउड, स्कैनिंग मशीन**

**आयुक्त व डीएम ने मण्डलीय अस्पताल के महिला अस्पताल का किया निरीक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** मंडलीय अस्पताल के महिला अस्पताल में पहुंचे मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अस्पताल में भ्रमण कर निरीक्षण किया। अस्पताल के विभिन्न वार्डो, आपरेशन थियेटर में भ्रमण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने वार्ड के बाहर बैठे तीमारदारों तथा भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य व अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। वार्ड के बाहर मरीजों के तीमारदारों के बैठने के लिये प्लास्टिक की टूटी हुयी कुर्सियों को देखकर फाइबर की कुर्सियों की जगह पर बेंच रखे जाने को कहा। महिला अस्पताल में पुराने भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद उसके निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश राजकीय निर्माण निगम को दिया। पुरूष अस्पताल के सभागार में मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी द्वारा प्राचार्य मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के सभी चिकित्सकों, फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफ के साथ बैठक कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कहा कि मरीजों को छोटी पर्ची पर दवा न लिखा जाय। मरीज के पंजीकरण पर्ची पर ही दवा लिखा जाये। चिकित्सक उस पर अपना हस्ताक्षर करे तत्पश्चात दवा वितरण कक्ष में उस पर्ची कर नम्बर दर्ज करते हुये कौन सी दवा दी गयी उसे भी दर्ज कराया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि वेयर हाउस में मेडिकल कारपोरेशन के द्वारा दवायें आपूर्ति की जाती है फिर भी यदि इमरजेंसी के लिये किसी बीमारी हेतु जिस चिकित्सक को दवा रखने की आवश्यकता महसूस होती है तो उसकी सूची बनाकर प्राचार्य मेडिकल कालेज को दे एवं प्राचार्य मेडिकल कालेज इन दवाईयो को लोकल स्तर पर पहले से ही आवश्यकतानुसार परचेस कर सुनिश्चित करायें।

आयुक्त ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में काफी सुविधाये मुहैया करायी गयी है, अस्पतालों में आने वाले गरीब व बेसहारा मरीजो को हर सुविधा उपलब्ध कराते हुये इलाज सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि कोशिश यह करे कि किसी को प्राइवेट अस्ताल में न जाना पड़े। अल्ट्रासांउड, स्कैनिंग आदि की मशीनों को संचालित करते हुये टेक्नीशियन की मांग शासन कर ली जाय। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि चिकित्सक का ही ऐसा क्षेत्र है जिसे ईश्वर का दूसरा दर्जा दिया जाता है। उन्होने कहा कि यहां आने वाले मरीजों को अपने प्रोफेशन से ऊपर से उठकर मानवीय दृष्टिकोण से उनकी मदद करे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी चिकित्सक व स्टाफ को कोई भी समस्या हो तो उसे सम्पर्क कर अवगत कराये। प्राचार्य मेडिकल कालेज ने बताया कि अल्ट्रांसाउड, स्कैनिंग की मशीने उपलब्ध करा दी गयी है। टेक्नीशियन की मांग की गयी है रेडियोलाजिस्ट के मिलते ही मशीनों को चालू करा दिया जायेगा। अगले दो माह के अन्दर सिटी स्कैन, का कार्य भी अस्पताल में प्रारम्भ हो जायेगा।



अस्पताल का निरीक्षण करते आयुक्त व डीएम

# एरियर व एनपीएस बकाये के लिए आमरण अनशन करेगा शिक्षक संघ

**जनसंदेश न्यूज**

**निर्णय**

**डीआईओएस कार्यालय की कार्यशैली से उपजा असंतोष**

**मीरजापुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की कार्यशैली को लेकर शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। जिले का कोई ऐसा एडेड माध्यमिक विद्यालय नहीं है, जहां के शिक्षकों व कर्मचारियों के लाखों-लाख रुपये चयन पदोन्नति प्रथम वेतन, वेतन अवशेष आदि के प्रकरणों के पेंडिंग न हो। एनपीएस कटौती की राशि का मामला और भी गंभीर है। यहां सरकारी अंशदान की राशि शिक्षकों व कर्मचारियों के प्रान खाते में दो साल पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ अब इस मामले में निर्णायक आंदोलन का मन बना चुका है।

संगठन के जिलाध्यक्ष सत्यभूषण सिंह व जिला मंत्री डॉ० रमा शंकर शुक्ल ने शुक्रवार को पुनः स्मरण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपते हुए चेतावनी दी है। कहा है कि यदि इस बार समस्याओं का निस्तारण न किया गया तो संघ आमरण अनशन के लिए बाध्य हो जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मंत्री डॉ० रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि शिक्षक व कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय व प्रबंधन के दो पाटों के बीच में पिस रहा है। जहां प्रबंधन सही समय पर चयन पदोन्नति और प्रोन्नति प्रकरणों को न भेजकर शोषण के बाद बहुत विलंब से पत्रावलियां डीआईओएस कार्यालय प्रेषित करता है, यही डीआईओएस कार्यालय कई माह तक मामले को लटकाये रहने के बाद अनुमोदन प्रदान करता है। ऐसे में बीच के माह की राशि एरियर के रूप में लटक जाती है। फिर इस एरियर की पत्रावली तैयार करने और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय भेजने में एक बार फिर शिक्षक व कर्मचारी शोषण का शिकार होता है। वहां से डीआईओएस कार्यालय में आकर तो पत्रावली धूल ही फाकती रह जाती है।

विभागीय अधिकारी जितनी घौंस विद्यालयों में निरीक्षण के लिए जाकर शिक्षकों व कर्मचारियों पर जमाते हैं। यदि उसका दसांश अपने कार्यालय के कर्मचारियों पर जमा दें, तो सभी प्रकरणों का निस्तारण हो जाये। डॉ० शुक्ल ने बताया कि अवशेष भुगतान के लिए संगठन ने 23 फरवरी को डीआईओस को ज्ञापन सौंपा था। तीन माह बीतने के बाद एक भी प्रकरण का निस्तारण नहीं हो सका है। एनपीएस की राशि प्रान खातों में दो साल पीछे चल रही है। जबकि सूबे के शेष जिले मे अद्यतन अपडेट है। जिला विद्यालय निरीक्षक का अपने कार्यालय पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है।

# बीएसपी की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में नगर विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी कार्यकर्ता बैठक डंगहर मोहल्ले में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अमरजीत गौतम मुख्य जॉन इंचार्ज मीरजापुर मंडल ने नगर विधानसभा कमेटी व बूथ की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मिलकर गांव गांव जाकर बहुजन समाज पार्टी के उपलब्धियों को बताने का कार्य करें तथा संगठन में सर्व समाज को जोड़ने का भी कार्य करें। वही सद्दाम लाइन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी 2007 से 2012 तक के सरकार में शोषित दलित मजदूर एवं अल्पसंख्यक तथा अपर कास्ट पिछड़ा वर्ग को लोगों को भोजन समाज पार्टी में सम्मान दिया गया। इस बैठक में शशि भूषण, रामचंद्र बिंद, सुरेंद्र मौर्य, उमेश चौधरी, मुन्ना लाल गौतम, राजू भारती, ऋषि पांडे, सिकंदर, सुदर्शन, बबलू, कौशल, जगदीश सोनकर, मंगरु, लाठीवाले, मनोज गौतम, कन्हैयालाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जामुन के पेड़ से गिरा बालक गंभीर, जिला हॉस्पिटल रेफर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को जामुन के पेड़ पर चढ़ कर फल खाने के लिए तोड़ रहा था कि अचानक 8 वर्षीय बालक पेड़ से जमीन पर गिर कर अचेत हो गया। जिसका दाहिना हाथ टूट गया। परिजनों ने आनन-फानन में एक निजी चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सक ने जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के पटपरा गांव निवासी सुभाष का 8 वर्षीय बेटा बाबू साहब घर के पास जामुन के पेड़ पर फल तोड़ने के लिए चढ़ा था कि पेड़ से करीब 20 फीट ऊपर जामुन की डाल टूटने से जमीन पर गिर गया और अचेत हो गया। जिससे परिजनों ने आनन-फानन में हलिया स्थित एक निजी चिकित्सालय में ले आए जहां पर चिकित्सक ने बताया कि दाहिना हाथ टूट गया है प्राथमिक उपचार के बाद जिला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया।

# ई केवाईसी के लिए बरौंधा में लगा कैंप

**लालगंज।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पंचायत भवन बरौंधा में प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएमएसवाई योजना के तहत लाभान्वित होने वाले किसानों का सत्यापन किया गया। शिविर में 102 किसानों भू लेखांकन किया गया। बता दें कि अभिलेखीय त्रुटि के कारण इन किसानों को मिलने वाली सहायता राशि पर रोक लग गई थी। जिससे इन किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की सहायता राशि नहीं मिल पा रही थी। कृषि प्राविधिक सहायक आकाश कुमार ने बताया कि 204 किसानों का ई के वाई सी किया गया। वहीं 86 किसानों का पोस्ट आफिस में खाता खोलवाया गया। अभी तक योजना से वंचित 14 किसानों को नये लाभार्थी के रूप में चयन किया गया। प्रधान प्रतिनिधि गोपाल कोल ने बताया कि ग्राम पंचायत में कुल 518 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया जाएगा।

# सीडीओ ने कलस्टर सुविधा की बैठक कर ली जानकारी

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपदीय जी0आई0 समिति/कलस्टर सुविधा इकाई की बैठक कर प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी। बैठक में बताया गया कि जी0आई0 टैग से फसलों की पहचान नही बदली जा सकेगी। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में एक ट्रेडमार्क के रूप में देखा जायेगा। इससे जनपद के किसानों को उनके उत्पाद का अधिक मूल्य मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। जनपद में जी0आई0 टैग के लिये देसी ज्वार व देसी बाजरा का आवेदन कराया जाना हैं। जी0आई0 प्राप्त व्यक्ति चीनी चावल के अधिकृत उपयोगकर्ता हेतु आवेदन जिला कृषि अधिकारी के माध्यम से आधार कार्ड एवं खतौनी देते हुये फार्म भरकर जी0आई0 उत्पाद उगा सकते हैं। इसी प्रकार आम, पान व बैंगन की खेती हेतु जिला उद्यान अधिकारी के माध्यम से फार्म भर कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जी0आई0 टैग कृषि फसलों के बीज, तकनीकी सहयोग कृषकों को उपलब्ध कराते हुये अधिक से अधिक जी0आई0 उत्पादों के अधिकृत यूजर हेतु रजिस्ट्रेशन करायें। जिससे जनपद की पहचान उत्पादों के माध्यम से देश व विदेश में बढ़ें। बैठक में सदस्य सचिव ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के जनपदीय अधिकारी संजय कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम सहित कृषक व एफ0पी0ओ0 उपस्थित रहें।

## 6 मई को होगा वितरण समारोह

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के द्वारा 6 मई को दोपहर 01 बजे कंबल कारखाना परिसर पथरिया रोड में चाक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 2022 से 23 में योजना अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को निशुल्क चाक का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ध्यानचंद ने दिया है।

## महिला ने पति सहित आठ पर दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ गांव निवासी रामकरन की पुत्री गुलाबकली ने पति तथा ससुराल वालों पर दहेज को लेकर घर से बाहर निकालने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार की देर रात ड्रमंडगंज थाने में तहरीर देकर दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। दी गई तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि वर्ष 2015 में प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव निवासी सर्वेश के साथ शादी हुई थी। पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। पति सर्वेश श्वसुर भाईलाल, सास रामकली, जेठ रमेश, जेठानी रामरती, देवर कमलेश निवासी अमिलिया व ननद रेशमा और उसके पति राम ललित निवासी उमरी थाना कोरांव जिला प्रयागराज ने दहेज को लेकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल दिया। मायके में पिता के घर पर दो वर्षों से बच्चों के साथ गुजर बसर कर रही है।

# डीआईजी ने चलाया 24 घंटे का अभियान, 12 पर लगा गैंगस्टर

**सख्ती**

**20 पर लगा गुंडा एक्ट, 13 अपराधियों की खुली फाइल**

**मिजार्पुर।** विंध्याचल मंडल पुलिस ने 1 दिन में बडी कार्यवाही करते हुए 12 अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट व 20 अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही किया। 13 सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। इसके साथ ही गौ 7 तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 23 गाय व 15 बछड़ा एवं 1 स्कार्पियो बरामद किया गया।पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही कराते हुए 3 ट्रक, 1 जेसीबी व 4 ट्रैक्टरों को सीज किया। विभिन्न अभियानों के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 24 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सक्रिय एवं अभ्यस्त अपराधियों पर नकेल कसते हुए परिक्षेत्र के जनपदों भदोही, मिजार्पुर और सोनभद्र में एक दिन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 12 अभ्यस्त अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। 20 अपराधियों के खिलाफ गुण्डा एक्ट के साथ ही 13 सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गयी। दुधारु पशुओं एवं गोवंश के तस्करी को रोके जाने के लिए गौ तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाकर 7 तस्करों को गिरफ्तार करते किया गया। उनके कब्जे से 23 गाय व 15 बछड़ा एवं 1 स्कार्पियो बरामद किया गया। अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 ट्रक, 1 जेसीबी व 4 ट्रैक्टरों को सीज किया गया। एक दिन में परिक्षेत्र स्तर पर की जाने वाली अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही बताया गया है।



डीआईजी आर0पी0 सिंह

## संक्षेप

### बंधी में डूबने से किशोर की मौत



जिगना। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी की 15 वर्षीय अयान पुत्र नसीम की गांव स्थित बंधी में डूबने से मौत हो गयी। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। बताया जाता है कि अयान अपने दोस्तों संग शुक्रवार की सुबह बंधी में स्नान करने गया था। और तैरना नही जानता था। दर्जनों की संख्या में दोस्तों ने स्नान के दौरान जब अयान नही दिखा तो परिजनों ने खोजबीन शरू किया। और फिर गहरे पानी में अयान का शव मिला। दो भाईयों में बड़ा अयान कक्षा 9 का छात्र था और छोटा भाई अदनान है। पिता नसीम दुबई में रहकर काम करते है। अयान के असमय मौत से परिजन व मोहल्ले में मातम का माहौल है।

### पूरा पैसा दे दो नहीं तो जाओगे जेल

मड़िहान। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों की सुविधा के लिए गांव गांव कैम्प किया जा रहा है। आरोप है कि कैम्प कर्मचारी द्वारा लाभार्थी किसान का अभिलेख अपने पास रख लिया। धमकी दिया गया कि पैसा वापस कर दो नही तो जाओगे जेल। यह मामला मड़िहान तहसील क्षेत्र के कलवारी गांव में 29 मई का है। लाभार्थी द्वारा पुलिस को दिए गए। शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि तहसील का एक संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर पैसे की मांग करते हुए आधार कार्ड व बैंक पास बुक अपने पास रख लिया। अभिलेख मांग करने पर धमकी दी जा रही है।

### हत्या का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। बीते 29 मार्च को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत अकोढी गाँव निवासी जय प्रकाश सरोज पुत्र रामनाथ पासी द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध लिखित तहरीर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही करने हेतु क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए। जिसके क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल अतुल कुमार राय मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से आरोपी धनन्जय उर्फ बंटी पुत्र सुधाकर निवासी अकोढी थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### एक वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुडेल गांव से एक वारंटी को शुक्रवार सुबह पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। चंद्रगढ़ मुडेल गांव निवासी नागेन्द्र सिंह किसी मुकदमे में न्यायालय द्वारा सूचना दिए जाने के बाद भी हाजिर नही हो रहे थे न्यायालय से वारंट जारी होने पर शुक्रवार को एसआई प्रभुनाथ शर्मा हेड कांस्टेबल मान सिंह,श्यामजी ने वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि किसी मुकदमे में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

### ब्रेक फेल होने से गड्ढे में धंसा अनियंत्रित ट्रक का पहिया

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवां राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब मध्य प्रदेश के सीधी जिले से गिट्टी लादकर वाराणसी जा रहे ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया संयोग ठीक था कि ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जाकर धंस गया और सैकड़ों फीट नीचे जाकर पलटने से बच गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह एसआई अवधेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर आए दिन हो रही दुर्घटना में वाहनों को पलटने से बचाव हेतु पुलिस ने गढ्ढा खुदवा दिया है जिससे ब्रेक फेल होने वाले वाहनों के पहिए गढ्ढे में धंसकर आगे नही बढ़ पाते जिससे वाहन दुर्घटना में कमी आई है।

### पंजाब नेशनल बैंक के स्टेबलाइजर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हलिया। क्षेत्र के हलिया कस्बा के सोनकर बस्ती स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा परिसर में लगा स्टेबलाइजर में शुक्रवार को 11 बजे दिन में विद्युत शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। स्टेबलाइजर में आग लगते ही शाखा परिसर में धुआं धुआं हो गया। आग लगते ही बैंक में अफरा-तफरी मच गई। बैंक में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों की सक्रियता से तत्काल स्टेबलाइजर में लगी आग को बैंक में मौजूद अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि आगजनी की घटना से बैंक में किसी प्रकार का कोई हताहत नहीं हुआ है। स्टेबलाइजर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

अहरौरा। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा वाहनों की चोरी एवं उनकी बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को उ0नि0 सदानन्द यादव व उ0नि0 मोती सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से शातिर वाहन चोर राम सकल पुत्र सुरश्याम निवासी सोनपुर थाना अहरौरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर धारा 411,414 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

### किशोरियों एवं महिलाओं को किया गया जागरूक

जमालपुर। शुक्रवार को ब्लाक सभागार में हीलिंग फील्ड फाउंडेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर किशोरियों एवं महिलाओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ राजन सिंह ने किया। उन्होंने गांव की महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म, स्वास्थ्य संबंधित, साफ सफाई एवं सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में महिला चिकित्सक डाक्टर स्नेहलता गुप्ता ने किशोरियों को खानपान संबंधी पौष्टिक आहार, गर्भवती महिलाओं को टीके का इंजेक्शन तथा लगातार स्वास्थ्य जांच करने पर बल दिया। हीलिंग फील्ड फाउंडेशन की असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर चंद्रकला सिंह ने संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम में फील्ड कोऑर्डिनेटर सरिता सिंह, शशि बाला, आशा कार्यकत्री सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

### संदिध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के सर्विस रोड के किनारे क्षेत्र में घूमकर सिलाई मशीन बनाने वाले व्यक्ति की लहंगपुर बाजार के सर्विस रोड पर अज्ञात कारणों से शुक्रवार को अपरान्ह बाद साढ़े चार बजे रोड पर चलते समय अचानक गिरने से मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही लहंगपुर चौकी प्रभारी सदानंद सिंह मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने में जुट गए?। बाजारवासियों ने बताया कि 50 वर्षीय खालिद पुत्र हलीम निवासी सिंधुरिया थाना विंध्याचल लहंगपुर क्षेत्र में घूमकर सिलाई मशीन बनाने का कार्य करता था कि लहंगपुर बाजार के सर्विस रोड पर चलते समय अचानक गिर जाने से उसकी मौत हो गई है। मौत की जानकारी मिलते ही बाजारवासियों के साथ चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने में जुट गए। मौत की खबर की जानकारी चौकी प्रभारी ने मृतक के परिजनों को दे दिए थे।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना कोतवाली कटरा पर बीते 9 अगस्त को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरुद्ध अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व अपहृता की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 अखिलेश मिश्रा मय टीम द्वारा थाना को0कटरा पर पंजीकृत पॉक्सो से सम्बंधित अभियुक्त मुन्तजीर उर्फ सोनीरूल इस्लाम पुत्र हाफिजुल शेख निवासी शिवनगर थाना रानीताला जनपद मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

जिगना। स्थानीय थाना के क्षेत्र के कोठरा कतिंत बलुवा गांव में शुक्रवार को दोपहर दो बजे सरजू प्रसाद सिंह पुत्र स्वर्गीय राम राज सिंह उम्र 45 वर्ष अपने कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे फांसी पर झूल गया। जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। घरवाले आनन-फानन में घर का दरवाजा तोड़ कर उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार का चुनाव सम्पन्न

**मीरजापुर।** राजपुर स्थित सहकारी संघ लि0 राजपुर के प्रांगण में केन्द्रीय सहकारी उपभोक्ता भण्डार मीरजापुर 2023 का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने सभापति व उपसभापति सहित 12 डायरेक्टर एवं अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के पद पर निर्विरोध कब्जा किया। सभापति नागेश्वर नाथ तिवारी एवं उपसभापति अखिलेश कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। डायरेक्टर पद हेतु मार्तण्ड प्रताप सिंह, अश्विनी सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजेश कुमार, गीता देवी, पिंकी श्रीवास्तव, शिवम सिंह, उमाशंकर मिश्रा, अरविंद कुमार दूबे एवं राजेश कुमार सिंह का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उक्त पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर जिलाध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह ने पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। शुभकामनाएं देने वालों में दिनेश प्रताप सिंह, जगदीश सिंह पटेल, हरिशंकर सिंह पटेल, कौशल श्रीवास्तव, शिव शरण राय, विजय वर्मा पूर्व चेयरमैन चुनार, दिनेश सिंह जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, ज्ञान प्रकाश दूबे आदि रहे।

# रेहड़ी, ठेला व पटरी व्यवसायियों को मिला रोजगार: डा. महेंद्रनाथ



डीडीयू नगर में पटरी व्यापारियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र देते डा. महेंद्रनाथ।

**डीडीयू नगर।** सांसद व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से रेहड़ी, ठेला और पटरी व्यवसायियों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है। इस योजना से न सिर्फ उन्हें रोजगार के अवसर मिले बल्कि आर्थिक रूप से समृद्ध भी हुए। उक्त बातें नगर पालिका इंटर कालेज में स्वनिधि महोत्सव वेंडरों को प्रमाण पत्र देने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान 60 स्ट्रीट वेंडरों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। समारोह का उद्घाटन परियोजना अधिकारी संजय मौर्या व अग्रणी बैंक प्रबंधक ने दीप जलाकर किया। इस दौरान स्वनिधि के नए आवेदन लेने के साथ ही बैंकों द्वारा रिटर्न आवेदनों को वापस बैंक भेजने, बेहरों के विभिन्न समस्याओं के लिए उचित जानकारी दी गई। साथ ही नए क्यू आर कोड बनाने का कार्य किया गया। कहा गया कि 2823 वेंडरों को प्रथम, 456 को द्वितीय और 34 को तृतीय ऋण प्रदान किए गए है। 10 हजार रुपये ऋण की अदायगी के बाद 20 हजार का ऋण और इसके बाद 50 हजार का ऋण वेंडरों को दिया जा रहा है। समारोह में विभिन्न महिला बचत समूहों ने स्टाल लगाए थे। जिसमें हैंडीक्राफ्ट, आयुर्वेदिक दवाओं के साथ ही खाने पीने के कई स्टाल लगे थे। संचालन डीएन प्रसाद ने किया। इस मौके पर डीएम निखिल टी फुंडे, सीडीओ एसएन श्रीवास्तव, अभिमन्यु सिंह, शिवशंकर पटेल, सूर्यमुनि तिवारी, सर्वेश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर के युवा अभिजीत विदेश में लहरायेंगे परचम

**एशिया एंड ओशिनिया चौंपियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व**

**डीडीयू नगर।** कजाकिस्तान के अस्थाना सिटी में छह से 11 जून तक होने वाले एशिया एंड ओशिनिया चौंपियनशिप अंतराष्ट्रीय रेसलिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व अभिजीत कुमार करेंगे। डीडीयू रेल मंडल में टीटीई के पद पर कार्यरत श्याम किंकर के पुत्र अभिजीत कुमार का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मूल रूप से गया बिहार के रहने वाले अभिजीत कुमार रेलवे के एनआईएस कोच केके सिंह बबलू की देख रेख में प्रैक्टिस करते हैं। एनआईएस कोच केके सिंह ने बताया कि चार जून को बिहार के खेल मंत्री जितेन्द्र कुमार राय बिहार राज्य से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले अभिजीत को हरी झंडी दिखाकर कजाकिस्तान के लिए रवाना करेंगे। अभिजीत के चयन से परिवार और रेलकर्मियों में खुशी की लहर है।

# प्रशासन आपके द्वार के तहत ग्रामीणों को मिल रही सहूलियत

**बोले सूर्यमुनि**

**बहरवानी और तेनुवट गांव में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को दिलाया योजना का लाभ**

**जनसंदेश न्यूज**



जनचौपाल में भाजपा नेता बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए अधिकारियों के साथ।

**सकलडीहा।** विकास खण्ड के बहरवानी और तेनुवट गांव में प्रशासन आपके द्वार के तहत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा नेता और अधिकारियों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियों को बताया।

जन चौपाल में खाद्य रसद विभाग, पंचायत विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, एनआरएलएम विभाग सहित अन्य विभाग की ओर से स्टाल लगाया गया था। जिसका अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन करते हुए दो बच्चों का अन्नप्राशन व दो महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने डिजिटल पेमेंट करके हरिओम स्वयं सहायता समूह कटसिल से दरी खरीदारी किया। उन्होंने कहा कि डबल ईंजन की सरकार में अनेकों ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को रोजगार के नये अवसर प्रदान हुआ। कोरोना काल से लेकर अब तक लोक कल्याण के लिए निःशुल्क राशन वितरण का काम हुआ। आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपए तक निशुल्क इलाज हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री व सांसद के नेतृत्व में मटकुड़ा रेलवे ओवरब्रिज, चंदौली ओवरब्रिज, चंदौली का मेडिकल कॉलेज, चंदौली सैदपुर रोड एवं अन्य ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, ज्वाइंट बीडीओ के के सिंह, एडीओ पंचायत बजरंगी पाण्डेय, रामसुंदर चौहान, ग्राम प्रधान जयप्रकाश चौहान, सत्यप्रकाश यादव, सुभाष यादव, महेश सोनकर, छेदी चौहान, मंजू देवी, सतीश दुबे, मोनू पाण्डेय, विनय तिवारी, सकिला सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### गांव गांव में शुरू हुई वाहन से चिकित्सा सुविधा

**सकलडीहा।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से द हंस फाउंडेशन सहचलिका वाहन से गांव गांव चिकित्सा सेवा शुरू किया गया है। इससे ग्रामीण अंचल के लोगों को स्वास्थ्य केन्द्रों पर इलाज कराने से राहत मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू हुई चिकित्सकीय सुविधा से ग्रामीणों को काफी सहुलियत मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ओर से डोर टू डोर गांवों में द हंस फाउंडेशन सहचलिका वाहन के माध्यम से चिकित्सकी सेवा शुरू किया गया है। इस वाहन में एक चिकित्सक एक फार्मासिस्ट सहित एक महिला स्वास्थ्य कर्मी नियुक्त है। जो गांव गांव पहुंचकर लोगों की जांच के साथ चिकित्सकी परामर्श के साथ दवा भी मुहैया करा रहे है। इस क्रम में डिग्धी सहित अन्य गांव में पहुंचकर प्रतिदिन लोगों की जांच व दवा मुहैया कराने से ग्रामीणों को सहुलियत मिलने लगा है। इस बाबत डा. राकेश कुमार यादव ने बताया कि गांव गांव द हंस फाउंडेशन सहचलिका वाहन के माध्यम से चिकित्सा सेवा शुरू किया गया है। इस मौके पर एएनएम गरिमा पाण्डेय,फार्मासिस्ट विवेक, एलटी सर्वेश सिंह, पायलट विनायक चौबे, शैलेश प्रताप सिंह,रितेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### सकलडीहा इग्नू अध्ययन केन्द्र में प्रवेश प्रारंभ

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र 48047 में जुलाई सत्र का प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं स्नातक, परास्नातक डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। परास्नातक स्तर पर समाजशास्त्र इतिहास और हिंदी विषय में प्रवेश ले सकते हैं। इग्नू केन्द्र समन्वयक प्रोफेसर समीम राइन ने कहा कि इग्नू अध्ययन केंद्र 48047 में स्नातक में मनचाहा विषय भी लिया जा सकता है इसके साथ साथ व्यवसायिक कोर्स बी संचालित है। उसमें प्रवेश लिया जा सकता है

### पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को स्थानीय कस्बा में वाहन चेकिंग के दौरान दो कार के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से दो कार और दो अदद कूटरचित जाली आरसी भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित राकेश जायसवाल निवासी बखावर थाना पन्नूगंज सोनभद्र, दुष्यंत कुमार ओमनगर वार्ड छह थाना खैर जिला अलीगढ़ व मनोज कुमार शिवपुर थाना नौगढ़ के निवासी बताए गए हैं। कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि आरोपित वाहन किराए पर लेकर उससे बिहार से गांजा लाकर वाहन स्वामी को देते थे। इससे हमें काफी मुनाफा होता है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विजय राज, रावेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार आदि शामिल थे।

### पप्पू केशरी के निधन पर जताया शोक

**डीडीयू नगर।** केसरवानी वैश्य सभा जनपद इकाई की बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय पर हुई। जिसमें रावट्र्सगंज के सांसद प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बृजेश केशरी, बसंत लाल केशरी, अशोक केशरी, गोबिंद केशरी, बद्री प्रसाद केशरी, अनिल केसरी, बिंदु केसरी, भैयालाल केशरी, शीतला प्रसाद केशरी, बंधु केसरी, मोहित केसरी, आकाश केसरी, राजेश केसरी, मुगलसराय से रामजन्म केसरी, रामनिवास केसरी, नवीन केसरी, अभिषेक केसरी लालू, सुरेंद्र केसरी आदि उपस्थित रहे।

### भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**कंदवा।** क्षेत्र के कुवां अरंगी और जेवरी के मध्य स्थित मित्रसेन ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुक्रवार भंडारा के साथ समापन हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व विद्वान आचार्यों ने विधि विधान से महायज्ञ का समापन कराया। इस दौरान मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर सहित पूरा गांव गुंजायमान हो रहा था।विधि विधान से हवन पूजन संपन्न होने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरूवार की रात रास कलाकारों ने कंस वध लीला का मंचन किया। लीला देख श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

### दुर्घटना को दावत दे रहा लटकता बिजलीं का पोल

**चहनियां।** क्षेत्र के मथेला से बिसापुर के बीच में बिजलीं विभाग द्वारा लगाया गया विद्युत पोल विगत चार माह से टूटकर तारों के सहारे टीका हुआ है। जो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। चन्दौली वाया चहनियां मुख्य मार्ग पर मथेला से बिसापुर के बीच मे बिजलीं का पोल विगत चार माह से टूटकर बिजलीं के तारों के सहारे टीका हुआ है। ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी पोल बदलवाने की जरूरत नहीं समझी गयी। तारों के सहारे टीका पोल कभी भी टूटकर आने जाने वाले राहगीरों के ऊपर गिर सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों व लाइनमैन को सूचित करने के बाद भी लापरवाह बने हुए है। शायद इस इंतजार में कि कोई बड़ी घटना घटे तो पोल बदला जाये।

# बार बार मानदेय रोकने पर किया प्रदर्शन

**रोजगार सेवक मामला**

**मार्च महीने में 14 और अप्रैल माह में 17 और मई माह में सभी का रूका मानदेय**



ब्लॉक मुख्यालय पर मानदेय रोके जाने को लेकर विरोध करते हुए रोजगार संघ के पदाधिकारी।

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश रोजगार संघ की ब्लॉक ईकाई के दर्जनों रोजगार सेवकों का मार्च महीने से मानदेय रोक दिया गया है। जिसे लेकर रोजगार सेवकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होगया है। शुक्रवार को रोजगार सेवक संघ की ओर से अधिकारियों को पत्रक देने गये। अधिकारियों द्वारा पत्रक नही लेने पर रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारी घंटों तक चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठे रहे। अंत में जनचौपाल से वापस लौटने पर अधिकारियों ने शर्त के साथ पत्रक लिया।

इस दौरान रोजगार सेवकों ने ब्लॉक के अधिकारियों की तानाशाही रवैया को लेकर जमकर भड़ास निकाला। रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मनरेगा कार्य को पूरा कराने को लेकर पिछले माह मार्च में 14 रोजगार सेवकों का मानदेय रोक दिया गया है। अभी उनका मानदेय बहाल नही किया गया। पुनरू 17 रोजगार सेवकों का मानदेय रोक दिया गया। जबकि टीए का मानदेय दे दिया गया है। मई माह में भी सभी रोजगार सेवकों को मानदेय नही मिल पाया है। मानदेय नही मिलने के कारण रोजगार सेवकों के सामने आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा होगया है। शादी विवाह से लेकर परिवार का भरण पोषण करना दूभर होगया है। नाराज रोजगार सेवक संघ पत्रक देने गये। मगर अधिकारियों ने पत्रक लेने से इंकार कर दिया। इससे नाराज रोजगार सेवक चिलचिलाती धूप और उमस में पूरे दिन ब्लॉक परिसर में धरना पर बैठे रहे। देर शाम को जनचौपाल से लौटने के बाद अधिकारियों ने शर्त के साथ पत्रक लेकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। रोजगार सेवकों ने चेताया कि एक सप्ताह में मानदेय का भुगतान नही होने पर धरना प्रदर्शन और हड़ताल के लिये बाध्य होंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष भवेश त्रिपाठी, चंदन सिंह, सतेन्द्र, ममता देवी, रेखा शर्मा, अजीत यादव, संतोष, बिहारी राम, जितेन्द्र त्रिपाठी, वंदना खरवार, मुकेश सिंह, उमाशंकर चौहान, विनीत कुमार, बृजभूषण प्रसाद, जयप्रकाश, मिथिलेश राजाराम, सोनीदेवी, दिलीप गुप्ता, मंजूर आलम, हरिसेवक, अम्बरीश पांडेय, रमेश सहित अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन के लिए सभी 72 काश्तकारों की जमीन हुआ बैनामा

**सकलडीहा।** तहसील क्षेत्र के भोजापुर में करीब 32 एकड़ में पुलिस लाइन का निर्माण होना है। इसके लिये 72 काश्तकारों ने सरकार के पक्ष में बैनामा कर दिया। शुक्रवार को अंतिम बैनामा कराया गया। अब शीघ्र ही पुलिस लाइन निर्माण के लिये शिलान्यास का कार्यक्रम शुरू हो सकेगा। पुलिस लाइन के बन जाने से काफी संख्या में पुलिस कर्मियों को काफी राहत मिलेगा और स्वस्थ्य रहेंगे। पिछले मार्च माह से पुलिस लाइन के लिये कास्तकारों की भूमि का बैनामा शुरू कराया गया था। भोजापुर में पुलिस लाइन के लिये शासन की ओर से 15 करोड़ 90 लाख 21 हजार 774 रूपया स्वीकृत हुआ है। करीब 32 एकड़ में पुलिस लाइन बनाया जायेगा। इसके लिये भोजापुर गांव कास्तकारों ने सहर्ष अपना भूमि सरकार के पक्ष में बैनामा किया। डीएम व एसपी की तत्परता से एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह, एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय ने शुक्रवार को आज अंतिम बैनामा कराया। बैनामा की प्रक्रिया पूरी होने पर अब शिलान्यास की कार्यक्रम में तेजी होगा। पुलिस लाइन का निर्माण हो जाने से पुलिस लाइन में प्रायरू पीटी, परेड, दौड़, खेलकूद का कार्यक्रम होता रहेगा। जिससे पुलिस कर्मी भी स्वस्थ्य रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री व सांसद डा. महेन्द्रनाथ पांडेय ने क्षेत्र के विकास के लिये लम्बा योगदान है। पुलिस लाइन के साथ चंदौली से लेकर सैदपुर गंगा पुल तक सड़क चौड़ीकरण के लिये पांच सौ करोड़ रूपया स्वीकृत कराया है। सड़क के चौड़ीकरण होने से लोगों को काफी सहुलियत होगा। वही प्रायरू सुनसान रहने वाला मार्ग पर दिन रात लोग बेखौफ होकर आ जा सकते है। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि सभी कास्तकारों की भूमि का बैनामा करा लिया गया है। तहसील प्रशासन और स्थानीय लोगों का काफी सहयोग रहा। शासन से अनुमति मिलने पर शिलान्यास का कार्यक्रम होगा।

# सरकार की उपलब्धियों का झूठा बखान कर रही भाजपा: रामकिशुन यादव

**डीडीयू नगर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद रामकिशुन ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार अपनी नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धि का झूठा बखान कर रही है। भारत सरकार में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय अपने आप को विकास पुरुष कह रहे हैं। जबकि आश्वासन गुरु साबित हो रहे हैं। उन्होंने पिछले कई वर्षों से लगातार अपने झूठे आश्वासनों के लिए मशहूर होते जा रहे हैं। कहा कि साहूपुरी में सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, मुगलसराय के पास ट्रामा सेंटर रेलवे यार्ड में आज तक आज के रेकपॉइंट का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

यह आश्वासन सिर्फ झूठा ही साबित हो रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि चंदौली में खाद का रेक पॉइंट अब तक नहीं बना। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार का 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा। परंतु आज तक चंदौली संसदीय क्षेत्र में एक भी नया कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। भारी उद्योग मंत्री पर प्रहार करते हुए कहा कि अगर कोई कारखाना नया स्थापित करते तो एक बहुत बड़ी उपलब्धि भाजपा सरकार की होती। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया अब चुनावी वर्ष आ रहा है बहुत लंबी लंबी घोषणाएं बड़ी-बड़ी विकास की बातें की जा रही हैं। सिर्फ पुराने कार्यों को नया रूप देने का काम हो रहा है। किसानों के लिए नरवन क्षेत्र में दो लिफ्ट कैनाल अदसड और चिरईगांव चारी क्षमता बढ़ाकर स्वतंत्र फीडर बनाकर किसानों को टेल तक पानी पहुंचाने के लिए लगाया गया था जो आज तक सुचारू रूप से नहीं चला पा रहे हैं। जनपद की सड़कें जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से ध्वस्त हैं। चंदौली के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वाराणसी जाना पड़ता है।

## 460 केन बीयर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार पिकअप से जा रहे थे बिहार

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार की सुबह मालदह नहर पुलिया के पास से पिकअप से बीयर लेकर बिहार जा रहे,दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी के निर्देश पर मादक पदार्थ , गौतस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मालदह नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर पिकअप में बीयर लादकर बिहार जा रहे वाहन को पकड़ लिया।वाहन की तलाशी लेने पर 460 केन बीयर 500एमएल व एक एंड्रॉयड सेमसंग मोबाइल बरामद हुआ। वही पिकअप का नंबर भी फर्जी पाया गया। गिरफ्तार तस्कर तबरेज आलम उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बराही थाना व जिला सीतामढ़ी बिहार इबरान आलम उम्र 20 निवासी ग्राम व थाना चिरैया जिला मोतिहारी पूर्वी चम्पारण बिहार के है। पुलिस ने धारा 60/63 आबकारी अधिनियम,धारा 419, 420, 467, 468,471 में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। सीओ रघुराज ने बताया कि दोनों युवक शराब की तस्करी कर बिहार लेजाकर महंगें दर पर बेचने का कार्य करते है।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह, उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार साहू, कांस्टेबल धर्मेन्द्र यादव, रमेश पाल, सौरभ पटेल, उपेंद्र यादव सामिल रहे।

# बाइक के धक्के से कार मालिक सहित तीन घायल



सड़क दुर्घटना में घायल युवक।

**सकलडीहा।** धरहरा गांव के समीप शुक्रवार को दोपहर में जौनपुर के कादिरापुर गांव निवासी 30 वर्षीय महेन्द्र प्रताप की कार की टायर फट जाने से कार पलट गया। जिसमे वाहन स्वामी महेन्द्र प्रताप घायल होगया। प्राथमिक उपचार के बाद महेन्द्र प्रताप अपने कार के पास जा रहा था। इसी बीच बाइक के धक्के से पुनरू महेन्द्र प्रताप सहित बाइक सवार दो लोग घायल होगये। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सकलडीहा सीएचसी लाया गया। जहां काफी चोट आने पर कार मालिक महेन्द्र और बाइक सवार 22 वर्षीय सत्यम को जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया।

जौनपुर कादिरापुर गांव निवासी महेंद्र प्रताप अपने बैगनआर कार से कमालपुर रिश्तेदारी में जा रहा था। धरहरा गांव के पास कार की टायर फट जाने से कार असंतुलित होकर पलट गया। जिसमें कार का ड्राइवर बाल बाल बच गया। महेन्द्र प्रताप को हल्की चोट आयी। धरहरा गांव में प्राथमिक उपचार के बाद कार स्वामी अपने कार के पास जा रहा था। इसी बीच छित्तमपुर निवासी 22 वर्षीय सत्यम परिवार के 50 वर्षीय मुन्नु को लेकर सकलडीहा आ रहा था। अचानक पुनरू महेन्द्र प्रताप से टकरा जाने पर वाहन स्वामी महेन्द्र प्रताप सहित बाइक सवार तीन लोग घायल होगये। डाक्टरों ने कार मालिक और बाइक सवार युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बसपा जिलाध्यक्ष ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा



**चंदौली।** बसपा जिला अध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी का गठन किया है। साथ ही उन्होंने पार्टी की मजबूती के लिए नए सदस्यों को संकल्प दिलाया और कहा कि संगठन की मजबूती के लिए मिलजुल कर काम करें, ताकि संगठन सशक्त और मजबूत हो सके।

इस दौरान जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने अपनी कमेटी की घोषणा करते हुए बताया कि जिला उपाध्यक्ष घनश्याम त्रिपाठी, जिला महासचिव तिलकधारी बिंद, कोषाध्यक्ष राजन खान व जिला कार्यकारिणी में रामकेवल अवस्थी जोखू प्रधान को शामिल किया है। वही बीपी एफ के जिला संयोजक रमेश धक्काड़ी और जिला संयोजक बामसेफ रमेश कुमार को बनाया गया।

# कीनाराम धाम जाने वाले मार्ग पर हो रहा घटिया सड़क का निर्माण

**आक्रोश**

**ग्रामीणों का आरोप पहली ही बरसात में बिखर जायेगी गिट्टी**

**जनसंदेश न्यूज**



रामगढ़ वाया लक्ष्मणगढ़ मार्ग पर हो रहा घटिया सड़क का निर्माण।

**चहनियां।** बाबा कीनाराम धाम रामगढ़ जाने वाले मार्ग पर घटिया किस्म का निर्माण हो रहा है। मार्ग पर बिना मिट्टी हटाये ही अलकतरा कम गिट्टी ज्यादा का केवल लेप किया जा रहा है, जो पहली बरसात में ही गिट्टी बिखर जायेगा। घटिया निर्माण से लोगो मे आक्रोश ब्याप्त है। क्षेत्र के रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम धाम जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पर्यटन स्थल बनाने का कार्य चल रहा है।

जिस प्रोजेक्ट में कीनाराम धाम जाने वाले सभी मार्ग है। जिसमें इन दिनों रामगढ़ वाया रइया होते लक्ष्मणगढ़ मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा। मार्ग का निर्माण इतना घटिया हो रहा है कि नाही इसमे सड़क में मिट्टी को साफ किया जा रहा है और नाही घास फूस। कम मात्रा में अलकतरा व ज्यादा मात्रा में गिट्टी वो भी पतला लेयर केवल उसी तरह से गिट्टी फैलाकर छोड़ दिया जा रहा है, जो कोई भी वाहन आ जा रहा है तो गिट्टिया बिखरकर दोनो पटरी पर चली जा रही है। पूरी बरसात नहीं, पहली ही बरसात में गिट्टिया बिखर जायेगी। पटरी को भी नहीं दुरुस्त कराया जा रहा है, जबकि यह मार्ग चहनियां चौराहे से बाबा कीनाराम धाम जाने के लिए सबसे नजदीक मार्ग है। ठेकेदारों द्वारा बनाये जा रहे घटिया मार्ग के निर्माण से लोगों मे आक्रोश व्याप्त है।

## सुबह शाम जाम से सकलडीहा में बिलबिलाए राहगीर और बच्चे

**सकलडीहा।** सुबह शाम चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में सकलडीहा में आये दिन जाम की स्थिति हो जाती है। इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग मौन साधे हुए है। कस्बा वासियों ने पुलिस प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है। सकलडीहा तहसील मुख्यालय होने के साथ दर्जनों राष्ट्रीयकृत बैंक, महाविद्यालय, डायट, सीओ कार्यालय सहित विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थान है। जहां कृषि कार्य से लेकर पंचायत कार्य व तहसील पर हजारों लोगों का आना जाना लगा रहता है। सुबह शाम सकलडीहा अलीनगर और सकलडीहा चंदौली मार्ग पर बड़े वाहनों के सड़क के किनारे खड़ा होने से जाम की स्थिती हो जाती है। विडम्बना है कि जाम की स्थिती होने के बाद भी मौके पीकेट पर कस्बा पुलिस के नही होने पर राहगीर और बच्चों को काफी परेशानी होती है। कस्बावासियों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस जाम छुड़ाने के बजाय वसूली में व्यस्त रहती है। जिसके कारण आये दिन जाम की स्थिती बनी रहती है। उधर सीओ राजेश कुमार राय ने जाम की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है।

# पानी भरने को लेकर भाई-भाई में विवाद



लक्षिमनपुर में मारपीट की घटना में घायल परिवार।

**नौगढ़।** चकरघट्टा थाना क्षेत्र के लक्षिमनपुर गांव में शुक्रवार को कुंआ से पानी भरने को लेकर सगे भाई-भाई के बीच उपजे विवाद मे मारपीट हो गई।जिसमे 04 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि प्रचंड गर्मी में भू जल स्तर काफी नीचे चले जाने से क्षेत्र में पेयजल की घोर किल्लत होने लगी है। शुक्रवार को लक्षिमनपुर गांव निवासी अब्दुल हमीद पुत्र युनुस 45 वर्ष अपने सगे भाई अब्दुल हसन के घर के समीप स्थित कुंआ से पीने के लिए पानी लेने गया था। इसी दौरान दोनों भाईयों के बीच जारी पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी होकर गाली गलौज होने लगी। जिसे देख दोनों भाईयों के परिजन भी लाठी डंडा लेकर घर से बाहर निकल कर मारपीट करने लगे। जिसमें अब्दुल हसन जमीला आसमा व इम्तियाज को गंभीर चोटें आ गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख जिला संयुक्त अस्पताल चकिया के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

# अकीदत के साथ मना लाइन शहीद बाबा का सालाना उर्स

**उर्स**

**जायरीनों के दुआख्वानी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा**

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक-दो पर स्थित हजरत सैय्यद लाइन शहीद बाबा का सालाना उर्स शुक्रवार (जुम्मा) को पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। बाबा से दुआख्वानी करने नगर और आस-पास क्षेत्र से हजारों जायरीन जुटे। दुआख्वानी के बाद यहां लगे मेले में खरीदारी की। सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। इसे सुनने को पूरी रात लोग स्टेशन परिसर में जुटे रहे।

हजरत सैयद लाइन शहीद बाबा के सालाना उर्स की तैयारी लंबे समय से चल रही थी। मजार का रंग रोगन के बाद फूल माला और विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजावट की गई। शुक्रवार की सुबह गुस्लखानी और संदल पोशी की गई। इसके बाद नमाज अदा करने और जायरीनों के दुआख्खोनी का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। शाम को शाहकुटी से गाजे बाजे के साथ गागर चादर का जुलूस निकाला गया। खादिम मोहम्मद आजाद के घर से निकला जुलूस नगर भ्रमण करते हुए मजार पर पहुंचा। यहां बाबा की मजार पर चादरपोशी की गई। इसके पूर्व दोपहर से ही उर्स कमेटी की ओर से सिरनी (प्रसाद) का वितरण किया गया। मुस्लिमों के साथ बड़ी संख्या में हिन्दुओं ने भी बाबा के दरबार में मत्था टेका और अपने सुख समृद्धि व देश समाज की तरक्की के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर विभिन्न संगठनों की ओर से जायरीनों को शरबत आदि का वितरण किया गया। रात में आठ बजे से स्टेशन परिसर में एसबीआई शाखा के समीप वाराणसी से आए रुखसाना बानो और दिल्ली से आए साकिर नाजा के बीच कव्वाली सुनने के लिए पूरी रात लोग जुटे रहे।

# विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य मनीष मिश्रा की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

**गैंग लीडर, माफिया विजय मिश्रा के विरुद्ध हत्या, लूट अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग हैं पंजीकृत**

जनसंदेश न्यूज


विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य मनीष मिश्रा के करोड़ों के मकान को कुर्क करती पुलिस

**भदोही।** थाना गोपीगंज जनपद भदोही से सम्बंधित चिन्हित सफेदपोश माफिया, गैंग लीडर अभियुक्त विजय कुमार मिश्र गैंग के सक्रिय सदस्य मनीष मिश्रा पुत्र रामजी मिश्रा निवासी खपटिहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज हाल पता नवधन थाना ऊंज जनपद भदोही द्वारा अपने आर्थिक, भौतिक एवं अनुचित दुनियाबी लाभ हेतु अपने व गैंग लीडर के प्रभाव का प्रयोग कर आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से जनपद प्रयागराज स्थित बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम म्युनिसपल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त तीन मंजिला भवन निर्माण, रजिस्ट्री कराया गया ताकि अपने अवैध धन को वैध रूप दे सके, जिसकी कुल अनुमानित कीमत आठ करोड़ तीस लाख रुपए अर्जित किया गया है।

आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से क्रय की गई उक्त सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट भदोही गौरांग राठी द्वारा अंतर्गत धारा-14(1) उ.प्र. गिरोहवन्द एवं समाज विरोधी किया-कलाप (निवारण) अधिनियम राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने का आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के क्रम में जनपदीय पुलिस व प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा नियमानुसार जब्तीकरण की कार्यवाही की गई।

वर्तमान में जेल में निरुद्ध गैंगस्टर अभियुक्त मनीष मिश्रा के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, एनएसए, गुंडा, गैंगस्टर, लूट, अपहरण, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के लगभग दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। उक्त गिरोह के लीडर पर कुल 83 अभियोग पंजीकृत हैं।

## संक्षेप

### प्रशासन आपके द्वार की भावना को, ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकारः डीएम



**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के कौडर एवं अबरना गाँव में नामित नोडल अधिकारी जिला कृषि अधिकारी व जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ व विकास खण्ड अभोली में आनंदडीह एवं सरायहोला में उपायुक्त स्वतः रोजगार व जिला युवाकल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के कॉवल एवं लखनो में उपायुक्त स्वतः रोजगार व मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के अलमऊ एवं बारीगॉव में नामित नोडल अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के कुरमैचा एवं ओझापुर में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के महरभा एवं गोहीराव में जिला विकास अधिकारी एवं प्रोवेशन अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

### बेसिक शिक्षा विभाग ने लिया पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता का संकल्प

**भदोही।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता के उपायों के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने व जनभागीदारी बढ़ाने हेतु जनपद के सभी विद्यालय में मिशन लाइफ के तहत कार्यक्रम का आयोजन करने और बच्चों व समुदाय को शपथ ग्रहण कराना है। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में कार्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान चलाते हुए घास-फूस एवं खर पतवार की सफाई की गई। इस अवसर पर बीइओ, एसआरजी, एआरपी, बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय स्टाफ द्वारा इस अभियान के शुभारम्भ में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### राजधानी में हुई हत्या को लेकर कांग्रेसियों ने निकाला कैंडिल मार्च

**भदोही।** प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व मे जीआईसी इंटर कॉलेज ज्ञानपुर स्थित शहीद स्मारक पर दिल्ली के बेटी के लिए श्रद्धांजलि सभा का शुक्रवार की शाम आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार राजन व सुरेश उपाध्याय ने कहा कि दिन दहाडे बीच चौराहे देश की राजधानी में एक बेटी की हत्या हो जाती है। कानून व्यवस्था पर पूरी तरह से प्रश्नचिंह खड़ा करता है। हम बिटिया की आत्मा के लिए प्रार्थना करते हैं एवं भारत सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों की पुनरावृत्ति ना हो। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मृत्युन्जय पांडेय ने भाजपा पर भी हमला बोलते हुए कहा कि अपराधियों की कोई जाति व धर्म नहीं होता है। अपराधी पर कड़ी कार्रवाई करें। समाज को जाति धर्म के नाम पर बांटना बन्द कर अपनी नाकामियों को स्वीकार कर दिल्ली की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करें ताकि दिल्ली सभी के लिए सुरक्षित हो। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश उपाध्याय, मृत्युन्जय पांडेय, नाजिम अली, मनोज जायसवाल, महेश मिश्रा, हरीशचंद्र दूबे, चिन्टू शुक्ला, सचिन मिश्र, रवि यादव, राजेन्द्र मौर्या, नितिन सिंह, इलियास हाशमी, राजन हाशमी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** कारपेट सिटी के अवर अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि शाशन द्वारा सभी जगह आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर तारों, विद्युत पोल व ट्रांसफॉर्मर को बदलने का काम चल रहा है। इसी कड़ी में रविवार को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत जर्जर 33 केवी लाइन का मरम्मत का काम होगा, जिससे 9 बजे से शाम 4 बजे तक धवरहरा और कारपेट सिटी सब स्टेशन की सप्लाई पूरी तरह से बंद रहेगी। जिससे इन दोनों सब स्टेशन से इंडस्ट्रियल, जमुनीपुर, घमहापुर, नुरखानपुर, आलमपुर, दारोपुर, रामसहयपुर, बाजार सलावत खान, मर्यादपट्टी, नई बाजार, काजीपुर सहित कई मोहल्लों की विद्युत सप्लाई रविवार को बाधित रहेगी। अवर अभियंता मनोज कुमार ने इन दोनों सब स्टेशन के विद्युत उपभोगताओं से अपील है कि विद्युत सप्लाई से बाधित होने वाले कामों को सुबह नौ बजे से पहले कर ले जिससे कि उनको कोई समस्या ना हो।

# सीएम की मौजूदगी में जिले की पांच पंचायतों का सम्मान

**कार्यक्रम**

**मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में जनपद भदोही के 5 ग्राम पंचायतों के प्रधान हुए पुरस्कृत**

**जिलाधिकारी ने पुरस्कृत प्रधानों को दी बधाई व शुभकामनाएं**


मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में जनपद भदोही के पुरस्कृत प्रधान राजमणि पांडेय व अन्य

**भदोही।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से पुरस्कृत जनपद की पाँच पंचायतों को लखनऊ के इंदिरा प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत 370 विजेता ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत करने के अलावा, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत सचिवों को प्रदेश में 3145 लैपटॉप का वितरण, मातृभूमि योजना का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में पंचायती राज विभाग की योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पाँच ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिनमे सुरियावां विकास खंड के महजूदा गाँव के प्रधान राजमणि पांडेय को प्रथम पुरस्कार 11 लाख रुपए, भदोही विकास खण्ड के बीसापुर गाँव को द्वितीय पुरस्कार 9 लाख रुपए, अभोली विकासखण्ड के सराय रूद्दी गाँव को तृतीय पुरस्कार छः लाख रुपये, अभोली के दयालपुर ग्राम पंचायत को चतुर्थ व चार लाख रुपए ज्ञानपुर विकासखण्ड के गजधरा गाँव को दो लाख रुपए पाँचवा पुरस्कार मिला हैं। जिलाधिकारी ने प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत पांचो ग्राम पंचायतों के प्रधानों को बधाई व शुभकामना दिया।

## बाइक व साइकिल की टक्कर में एक वृद्ध सहित तीन वर्षीय मासूम घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर गोपीगंज मार्ग के ग्राम गोपपुर के पास बाईक व साइकिल की टक्कर में एक वृद्ध सहित तीन वर्षीय मासूम घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नागेंद्र प्रजापति 60 ग्राम अमवा निवासी अपने साथ मासूम प्रिंस 3 वर्ष को लेकर कही जा रहे थे कि जैसे ही गोपपुर के पास पहुंचे ही थे कि अचानक एक साइकिल सवार सामने से घूम गया और उसे बचाने के प्रयास में बाईक असंतुलित होकर दूर जा गिरी, जिससे नागेंद्र प्रजापति 60, प्रिंस 3 वर्ष घायल हो गए। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां मासूम बच्चे की हालत को देखते हुए जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुंच गए थे।

## संक्षेप

### विद्यालयों को दिसंबर तक बनाना है निपुणः बीएसए



**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी संग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निपुण भारत मिशन के तहत ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर किए जाने वाले कार्य पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी ब्लॉक डेवलपमेंट प्लान के अनुसार निपुण हो चुके विद्यालय की संख्या भरें, एआरपी द्वारा अपने ब्लॉक के 10 विद्यालय व शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालय को दिसंबर 2023 तक निपुण बनाना है। जिस हेतु प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को हर ब्लॉक के एक एक न्याय पंचायत अर्थात माह में कुल 12 न्याय पंचायत में निपुण आकलन दिवस आयोजित किया जाएगा। जिसमें एकेडमिक टीम के सदस्य खंड शिक्षाधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को विद्यालय में अनुश्रवण पंजिका पर अंकित किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से यह उल्लिखित करना होगा कि विद्यालय में संदर्शिका प्रिंट रिच मटेरियल एवं विभागीय दिशानिदेर्शों का अनुपालन हो रहा है कि नहीं, साथ ही प्रत्येक माह ब्लॉक स्तर पर व जनपद स्तर पर 5-5 विद्यालयों की समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी औराई रमाकांत सिंह सिंगरौल, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय आशीष मिश्रा, डीघ फराह रईस, अभोली वेद प्रकाश, एसआरजी धीरज सिंह, एआरपी विनोद सिंह सहित सभी जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

### शिक्षक ने दान की पुस्तक

**जौनपुर।** जिला संयुक्त मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षा संघ का प्रतिनिधि मंडल डायट प्राचार्य राकेश सिंह द्वारा चलाए जा रहे एक व्यक्ति एक पुस्तक दान मुहिम के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष उषा सिंह द्वारा किताबों का दान किया गया। इस दौरान प्राचार्य द्वारा कराए गए सुंदरीकरण और नवीनीकरण का कार्य डायट परिसर में देखा गया। प्राचार्य ने डायट परिसर की बदहाल और टूटी फूटी इमारत को एक सुंदर और भव्य इमारत में बदल दिया है। सामुदायिक सहयोग और अपनी मेहनत के बल पर इन्होंने क्लासरूम को जो भव्यता प्रदान की है वह बहुत ही शानदार है। शानदार क्लासरूम और पढ़ने के माहौल के अनुसार है। ई लाइब्रेरी द्वारा जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक शानदार हाल का निर्माण प्राचार्य ने कराया है। शानदार प्रयास के लिए मैं उनको साधुवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने जनपद के लिए इतना अच्छा कार्य किया। प्रतिनिधिमंडल में लक्ष्मीकांत सिंह, संदीप प्रताप सिंह, निरुपमा सिंह और अनिल प्रजापति शिक्षक उपस्थित रहे। साथ में मनीष कुमार सिंह और आरएन यादव का सानिध्य प्राप्त हुआ।



### किरतापुर में 39 किसानों की समस्या का किया गया निस्तारण

**गौराबादशाहपुर।** ग्राम पंचायत किरतापुर में किसान सम्मान निधि से संबंधित कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु कैंप का शुक्रवार को आयोजन किया गया। कैम्प में कुल 39 लोगों की समस्या का निस्तारण किया गया व 12 नये पात्र किसानों का किसान सम्मान निधि हेतु आवेदन भी किया गया। कैम्प की अध्यक्षता कर रहे बीडीओ काशीनाथ सोनकर ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। कैम्प में दिलीप कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, राम आजाद सहायक विकास अधिकारी कृषि, ज्वाइंट बीडीओ सुभाष चंद्र,शैलेंद्र उपाध्याय अशोक पांडे चकबंदी लेखपाल, दयाराम शुक्ला कानूनगो, विनोद कुमार यादव ग्राम प्रधान, श्रुति गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। कैंप में ग्राम विकास अधिकारी श्रुति गुप्ता द्वारा कृषकों को किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी दी गई। पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदान किया जायेगा।

### पंचायत के दौरान चले लाठी डंडे, पांच घायल

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के अमरा गांव में किसी विवाद को सुलझाने के लिए चल रही पंचायत के दौरान अचानक दो पक्षों में कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते भयंकर मारपीट में तब्दील हो गई। जब तक लोग बीच बचाव करते तब तक इस घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो चुके थे। उक्त थाना क्षेत्र के अमरा गांव के राधेश्याम व प्रकाश के बीच किसी विवाद को सुलझाने के लिए शुक्रवार को दोपहर में पंचायत चल रही थी। इसी दौरान एक पक्ष उग्र हो गया। दूसरे पक्ष ने शांत कराने की कोशिश की परंतु मामला शांत होता न देख दूसरा पक्ष भी उत्तेजित हो गया तथा कहासुनी देखते ही देखते भयंकर मारपीट में तब्दील हो गई। दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इस मारपीट में एक पक्ष से राधेश्याम, घुरहू, गौरव व दूसरे पक्ष से प्रकाश और करण घायल हो गए। जिसमे घुरहू का सिर फट गया वहीं प्रकाश को भी चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया तथा घायलों को 108 एम्बुलेंस से उवचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोरसंड भेजवाया।

### बारात से लौटते समय सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कवलापुर स्थित अंडर पास के ऊपर बीते देर रात अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बारे में बताया जाता है कि जौनपुर जनपद के बारी गांव बरसठी गांव निवासी अरुण सिंह 38 वर्ष किसी बारात में सम्मिलित होने के लिए बाइक से निकले थे। बारात में सम्मिलित होकर घर वापस लौटते समय कवालापुर अंडरपास के ऊपर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर देर रात से ही युवक की पहचान में लगी रही पहचान हो जाने के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी गई। शुक्रवार को परिजन गोपीगंज कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में लगी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर होना बताया गया साथ ही मृतक को एक पुत्र भी है। मृतक खेती बारी के साथ पोल्ट्री फार्म चलाता था।

### दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में डीबीटी स्टार कालेज स्कीम के अंतर्गत जंतु विज्ञान विभाग की ओर से मेथड आफ स्लाइड प्रिपरेशन विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। इसमें छात्र.छात्राओं को उपयोगी जानकारी दी गई। प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के को सूक्ष्मजीवों की स्लाइड बनाने की विधि को विस्तार से बताया गया। साथ ही स्लाइड बनाने में विभिन्न रंजन की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ. रत्नेश कुमार सोनी, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. दीपक वर्मा आदि ने क्रमवार जानकारी दी।

## एलपीजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहगंज।** एलपीजी गैस सुरक्षा के बावत नगर के समर भारत गैस द्वारा एलपीजी सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन भारत गैस की इलाहाबाद एलपीजी टेरिटरी की तरफ से किया गया। गैस एजेंसी के प्रबंधक पारसनाथ सिंह ने कहा कि भारत गैस की सर्वोच्च प्राथमिकता सुरक्षा है। आपकी और आपके परिजनों की सुरक्षा, भारत गैस के साथ सुरक्षित व संरक्षित रहें और स्मार्ट बने यही संदेश उपभोक्ताओं को दिया गया। कार्यक्रम में भारत गैस के विक्रय अधिकारी प्रमोद कुमार ने सुरक्षा के पांच मंत्र ग्राहकों को बताया। कहा उपयोग न होने पर रेगुलेटर बंद कर दें। गैस चूल्हे को हमेशा सिलेंडर लेवल से ऊपर प्लेटफार्म पर रखें। डिलीवरी के समय वजन और लीकेज की जांच करें। प्रत्येक दो वर्षों में अपने गैस चूल्हा और पाइप की जांच कराएं। एलपीजी का लीकेज होने पर 1906 पर संपर्क करें। इस दौरान एजेंसी कर्मचारी एवं उपभोक्ता मौजूद रहे।

# साफ-सफाई करने के बहाने जेवरात चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**सफलता**

**गिरोह के तीन अंतर्प्रांतीय शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे**

**मोटरसाइकिल से घूम कर ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर अकेली महिलाओं को बनाते थे निशाना**


गिरफ्तार आरोपियों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**भदोही।** विगत दिनों थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत छल पूर्वक गहनों की चोरी के दो प्रकरणों से सम्बंधित आवेदिका सरिता देवी पत्नी राजकुमार मिश्रा निवासी बलीपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही व प्रियंका मिश्रा पत्नी विमलेश मिश्रा निवासी भावापुर थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा सूचना दिया गया कि बाइक सवार अज्ञात चोर गहनों की साफ सफाई करने के बहाने छलपूर्वक जेवरात लेकर भाग गए।

प्राप्त सूचना के आधार पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। गुरुवार की सायं थाना गोपीगंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान छलपूर्वक जेवरात चोरी करने वाले गिरोह के तीन अंतर्प्रांतीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से जनपद वाराणसी स्थित किराए के कमरे से पंजीकृत उपरोक्त अभियोगों से सम्बन्धित विभिन्न पीली धातु जेवरात मोटरसाइकिल समेत कुल कीमती लगभग पांच लाख रुपये बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा शातिर चोर बिहार राज्य से आकर वाराणसी में किराए पर कमरा लेकर आसपास के जनपदों में गहनों की चोरी करने में सक्रिय थे। ग्रामीण क्षेत्रों में घर पर मौजूद अकेली महिलाओं को निशाना बनाते थे। गहनों की साफ-सफाई करने के बहाने धोखे से जेवरात लेकर भाग जाते थे। लोगों को गुमराह करने के लिए मोटरसाइकिल पर कूटरचित नंबर प्लेट का प्रयोग करते थे।

# खेल योगासन में 50 खिलाड़ियों के बस को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

**भदोही।** तृतीय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 के अंतर्गत वाराणसी में शुक्रवार को आयोजित खेल योगासन को देखने के लिए जनपद भदोही के 50 खिलाड़ियों को भ्रमण हेतु मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन व उत्साहवर्धन हेतु यह भ्रमण कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

तृतीय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत शुक्रवार को वाराणसी में खेल योगासन आयोजन को देखने हेतु 50 खिलाड़ियों को प्रशासन द्वारा सुरक्षित बस से जिला क्रीड़ाधिकारी सिराजुद्दीन के नेतृत्व में भेजा गया है। भेजे गए खिलाड़ी वाराणसी में खेल की बारीकियों को देखने व समझने के बाद जनपद में भी खेलो के प्रति जागरूकता व विकास में मददगार होंगे।


खिलाड़ियों के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ

# जेसीआई क्लासिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष की यात्रा संपन्न

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर क्लासिक के तत्वाधान में जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। यह यात्रा सिद्दीकपुर से प्रारंभ हुई जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस एमके कार्तिकेयन मंडल अध्यक्ष अभिनव



चौरसिया व उप मंडल अध्यक्ष विशाल धोना का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा जेसीआई क्लासिक द्वारा स्थापित स्वागत स्तंभ का अनावरण किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जेसीज चौराहे पर लाया गया जहां संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक सस्टेनेबल प्रोग्राम के तहत जीवन रक्षा के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यातायात प्रमुख जीडी शुक्ला द्वारा आम जनता के बीच निशुल्क हेलमेट वितरण का कार्यक्रम हुआ।

तत्पश्चात नगर के एक होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें संस्था अध्यक्ष शिवम सिंह द्वारा इस वर्ष संस्था द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन हमारे लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जेसीआई क्लासिक के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए कहा जेसीआई क्लासिक के कार्यों की प्रशंसा राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचती रहती है। कार्यक्रम में अमित पांडे, राजीव साहू, सौरभ सिंह, आनंद देव वर्मा, रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन विशाल गुप्ता ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव योगेश साहू ने किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# मिशन लाइफ जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की देखरेख में पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन लाइफ के अंतर्गत प्रधानाचार्य आईटीआई के नेतृत्व में विद्याम् स्किल्स एण्ड हेल्थकेयर सेन्टर ज्ञानपुर के प्रशिक्षुओं, जिला क्रीडाधिकारी के नेतृत्व में स्पोटर्स स्टेडियम मूसीलाटपुर में मिशन लाइफ जागरूकता हॉकी मैच, जिला युवा कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में ग्रामीण मिनी स्टेडियम चकमानधाता में युवक मंगल दल व प्रादेशिक विकास दल द्वारा वृक्षारोपण कर साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण जन जागरूकता का संदेश दिया गया।



प्रधानाचार्य आईटीआई ने बताया कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन के जनपद भदोही के सभी केन्द्रो पर पर्यावरणीय अनुकूल अपनाने हेतु हरित मिशन अभियान को साकार बनाया जा रहा है। उसी क्रम में आज विद्याम् स्किल्स एण्ड हेल्थकेयर सेन्टर ज्ञानपुर के सभी शिक्षकों व प्रशिक्षुओं द्वारा लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ लेते हुए स्वयं सहित अपने परिवार व समाज को जागरूक करते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए दैनिक जीवन में हर सम्भव बदलाव लाने पर बल दिया गया तथा अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों व व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित किये जाने पर जोर दिया गया।

# बैंक की नई शाखा का उद्योगपति प्रह्लाद दास गुप्ता ने किया उद्घाटन

**गोपीगंज।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आजाद नगर में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। स्टेट हेड प्रखर कुमार पांडेय, एरिया मैनेजर शशांक गोयल, मैनेजर राहुल कुमार यादव, उद्योगपति समाज सेवी चार बार के अपराजित चेयरमैन प्रहलाद दास गुप्ता के द्वारा शाखा का उद्घाटन फीता काट एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथियों ने सभी बैंक कर्मियों को नई शाखा शुरूआत करने की बधाई दी। शाखा प्रबंधक राहुल कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक एक कॉमर्शियल बैंक है। जो सम्पूर्ण बैंकिंग सेवायें प्रदान करता है। जिसमें डिपॉजिट, फण्ड ट्रांसफर, माइक्रो फाइनांस, हाऊसिंग, पर्सनल लोन, व्हीकल लोन आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया की 2017 से हमारी बैंक ने काम शुरू किया ग्राहकों के विश्वास से आज 25 प्रदेशों में कुल 680 से ज्यादा शाखाएं और 77 लाख से ज्यादा ग्राहक हमसे जुड़े है।


दीप प्रज्ज्वलित कर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा का शुभारंभ करते उद्योगपति प्रहलाद दास गुप्ता

अन्य बैंकों के मुकाबले हम अपने सीनियर सिटीजन को ज्यादा ब्याज देते है। उपस्थित सभी आए हुए अपने ग्राहकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्योगपति समाजसेवी प्रहलाद दास गुप्ता ने इस अवसर पर कहा की उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लोगों के हित मे काम करता है। उन्होंने सभी बैंक कर्मियों को नई ब्रॉच की शुरूआत पर बधाई ओर शुभकामनाये दी।

### छह वारंटी गिरफ्तार

**खुटहन।** विभिन्न थानों की पुलिस ने गुरुवार की रात छह वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। खुटहन पुलिस ने ओईना गांव के दुर्बली व उसके पुत्र दिलीप, मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने सिपाह के लल्लू उर्फ राजेश मौर्या, महराजगंज पुलिस ने मीरापुर शिरोमणि के तीन सगे भाइयों त्रिभुवन नाथ, देवमणि व ईश नारायण को दबिश देकर घर से गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया।


पं. छोटे रामदास का मकान जहां पर अब पेड़ पौधे उग आये हैं

# भुला दिये गये प्रख्यात संगीतज्ञ पं. छोटे रामदास


**महाराज मांडा रामप्रताप सिंह के थे दरबारी कलारत्न**

**कबीरचौरा पुरानी टकसाल में कभी सजती थी संगीत महफिलें**

**पं. छोटे रामदास को मिली थी टप्पा सम्राट की उपाधि**

**उनके अंतिम शिष्य थे काशी के वैद्यराज पं. शिवकुमार शास्त्री**


मकान के अंदर ठाकुर राधा-कृष्ण का मंदिर


पं. छोटे राम दास महराज

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** बनारस संगीत घराने के प्रख्यात संगीतज्ञ पं. छोटे रामदास महराज को भला कौन नहीं जानता होगा। पं. छोटे रामदास को टप्पा सम्राट की उपाधि मिली थी। वे संगीत की विविध शैलियों और पक्षों में पारंगत थे। उन्होंने ध्रुपद में भी काफी नाम अर्जित किया। वे पियानों बजाने में भी सिद्धहस्त थे। उन्होंने कई रियासतों में खूब नाम कमाया। पं. छोटे रामदास महराज को ध्रुपद-धमार, ख्याल-टप्पा, ठुमरी, गुल, सिंधी-पंजाबी, काफिया, बीन (वीणा), सितार, सारंगी, दिलबहार, जसतरंग, हारमोनियम, वायलिन, तबला, पियानो व कर्नाटक गायन आदि कई विधाओं में एक अद्भुत व सिद्धहस्त कलाकार के रूप में विख्यात थे। लेकिन ऐसे मूर्धन्य संगीतज्ञ पं. छोटे रामदास महराज को शायद बनारस घराना ही नहीं अन्य कलाकारों व संगीतज्ञों ने भी भूला दिया। पं. छोटे रामदास महराज की का आवास कबीरचौरा में स्थित है जिसे पुरानी टकसाल के नाम से जाना जाता रहा है। इस पुरानी टकसाल में कभी संगीत की महफिले सजा करती थीं। लेकिन अब यह वीरान पड़ा है। महान संगीतज्ञ के आवास पर बरगद के वृक्ष उग आये हैं। यह मकान अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण व जर्जर हालत में बंद पड़ा है। पं. छोटे रामदास की पुत्री बेशर बताती हैं कि इस मकान में ठाकुर राधा-कृष्ण का मंदिर व उनकी मूर्तियां भी थीं लेकिन मूर्तियां अब नहीं हैं। मकान के अंदर एक कुआं भी है। यहां पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर छह दिनों तक श्रीकृष्ण महोत्सव मनाया जाता था। जिसमें कई संगीतज्ञ व कलाकार आते थे और गायन-वादन का कार्यक्रम चलता था। संगीतज्ञ पं. छोटे रामदास मिश्र का जन्म काशी के प्रसिद्ध घराने में सन 1889-90 में हुआ था। उनके पिता कन्हैया मिश्र व माता मैना देवी थीं। उनके पूर्वज उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के हरिहरपुर ग्राम निवासी थे। जो महाराज मांडाश्री राम प्रताप सिंह के दरबारी संगीतकार थे। मांडाश्री राम प्रताप सिंह ने पं. छोटे रामदास को दरबारी कलारत्न की उपाधि दी थी। पं. छोटे रामदास मिश्र ने गायन-वा्द व कर्नाटक संगीत की शिक्षा अपने नाना ठाकुर प्रसाद मिश्र, पियरी घराने की शिक्षा रामसेवक मिश्र, बीन व सितार की शिक्षा लक्ष्मीदास मिश्र व गायन तथा तबले की शिक्षा अपने चाचा विश्वनाथ से ली। पं. छोटे रामदास महराज के अंतिम शिष्यों में काशी के प्रसिद्ध राजवैद्य पं. शिव कुमार शास्त्री रहे जो अब नहीं रहे। उन्होंने अंतिम समय तक उनकी तथा उनके परिवार की सेवा की। पं. छोटे राम दास महराज का निधन 27 फरवरी 1961 में कबीरचौरा स्थित उनके पैतृक आवास पर हुई।



## 1925 में कोलकाता में की थी श्रीकृष्ण संगीत विद्यालय की स्थापना

कोलकाता प्रवास के दौरान पं. छोटे रामदास मिश्र ने 1925 में कोलकाता में श्रीकृष्ण संगीत विद्यालय की स्थापना की थी। जहां पर मन्मथ घोष, तारापद चक्रवर्ती, आरसी बड़ाल, रवीन्द्रनाथ टैगोर, उस्ताद अलाउद्दीन खां के भाई आफताबुद्दीन समेत न जाने कितने कलाकार व संगीत प्रेमी उनके सानिध्य में आये और उनके मुरीद हो गये। पं. छोटे रामदास मिश्र की रचनाओं का प्रयोग केशरबाई केरकर (मुंबई), बीआर देवधर, उस्ताद फैयाज खां व काशी के दाऊजी मिश्र जैसे दिग्गज कलाकारों ने किया था। विश्व कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर के कोलकाता स्थित जोड़ासाकू कोठी पर वर्ष में दो बार वसंत पंचमी के पश्चात मेष संक्रांति के बाद उनका गायन व बीन वादन का कार्यक्रम होता था।

## 551 रुपये लेते थे पारिश्रमिक

कोलकाता में सन 1945 में थियेटर में आयोजित आल बंगाल संगीत सम्मेलन कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकारों में पं. छोटे रामदास महराज की पारिश्रमिक 551 रुपये था। जबकि समकालीन अन्य कलाकारों का पारिश्रमिक मात्र 51 रुपये था। संस्कृत, फारसी, अरबी, उर्दू, बंगला, हिंदी, पंजाबी, मराठी, सिंधी आदि भाषाओं की बंदिशों को गाने वाले पं. छोटे राम दास महराज बनारस ही नहीं देश के अनुपम कलाकार थे। ख्याल गायन में राग भैरव, बिलावल, गौड़, सारंग, यमन, विहाग, वसंत, बहार, सोहनी, देश, गांधारी, दरबारी कान्हड़ा आदि उन्हें प्रिय थे। इसके अलावा टप्पा गायकी में साजगिरी, जिलफ, देश, मॉड आदि प्रिय थे। प्रतिदिन रियाज के क्रम में राग भैरव भोर में 3 से सुबह 6 बजे तक तथा सायंकालीन राग दरबारी कान्हड़ा रोज गाते थे। प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद हाफिज अली खां उनसे दरबारी कान्हड़ा राग की फरमाइश करके सुनते थे।

## षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर में 25 वर्षों तक की सेवा

पं. छोटे रामदास महराज के नाना ठाकुर प्रसाद मिश्र ने काशी के षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर में लगभग 50 वर्षों तक ठाकुरजी व महराजश्री की अपने संगीत से नित्य प्रतिदिन सेवा की। उनके निधन के पश्चात पं. छोटे रामदास ने लगभग 25 वर्षों तक गोपाल मंदिर में ठाकुरजी व महराजश्री के समक्ष गायन व बीन वादन की सेवा की। काशी नरेश स्व. प्रभुनारायण सिंह के शासनकाल में आयोजित बुढ़वा मंगल में घुड़दौड़ बजड़े पर समापन के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ पं. छोटे रामदास तथा समापन हुस्ना बाई के भैरवी गायन से हुआ था। पं. छोटे रामदास विलक्षण संगीत प्रतिभा के धनी के साथ ही स्वभाव से अलमस्त व मनमौजी तथा स्वाभिमानी कलाकार थे।

## दिग्गज कलाकार थे पं. छोटे रामदास के प्रशंसक

पं. छोटे रामदास महराज के कई दिग्गज कलाकार प्रशंसक थे। इनमें खलीफा नत्थू खां (दिल्ली), उस्ताद आबिद हुसैन खां (लखनऊ), पं. कंठे महराज (काशी), शंभूजी पखावजी (नवाब रामपुर), पं. शुकदेव महराज, पं. मुंशीराम मिश्र, झूमक लाल मिश्र, पं. सरजू प्रसाद मिश्र, उस्ताद आशिक अली खां, अच्छन महराज, शंभू महराज, गोकुल नाग आदि रहे।


मकान के अंदर खंडहर में तब्दील कमरे


संगीत नायक पं. छोटे राम दास वीथिका का लगा शिलापट्ट

## चरित्र अभिनेता कन्हैया लाल की कंपनी के थे संगीत निर्देशक

पं. छोटे रामदास मिश्र की विलक्षण गायकी का आनंद जन सामान्य को कम ही सुलभ हुआ किंतु अपनी निजी, विलक्षण टप्पा गायकी विशेषताओं के चलते वे सभी कलाकारों व संगीत प्रेमियों के आदर के पात्र थे। काशी के प्रसिद्ध फिल्म जगत के चरित्र अभिनेता स्व. कन्हैया लाल के पिता द्वारा स्थापित नाटक कंपनी के पं. छोटे रामदास संगीत निदेशक व पं. बड़े रामदास मिश्र प्रमुख गायक तथा रामसेवक मिश्र हारमोनियम वादक थे।

## संगीत नायक पं. छोटे राम दास वीथिका का लगा है शिलापट्ट

कबीरचौरा में संगीत नायक पं. छोटे रामदास वीथिका का शिलापट्ट भी उनके मकान की गली के आगे लगा हुआ है। उस समय तत्कालीन मेयर श्रीमती सरोज सिंह ने वर्ष 1998 में इसका उद्घाटन किया था। उन्होंने इस गली का नाम पं. छोटे रामदास मार्ग रखने की घोषणा की थी। लेकिन आज इस गली की हालत दयनीय है। गली में पिछले कई सालों से चौका तक नहीं लगाया गया है। उबड़ खाबड़ इस गली में कलाकारों का परिवार रहता है लेकिन प्रशासन का ध्यान इधर कभी गया ही नहीं।

# ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण का एक नाम, सत्या फाउंडेशन

**पहल**

**सत्या फाउंडेशन की ओर जारी हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर की जाती है शिकायत**

जनसंदेश न्यूज


**वाराणसी।** ध्वनि प्रदूषण से परेशान लोगों के लिए 'सत्या फाउंडेशन' किसी रहनुमा से कम नहीं, अपने क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण को बंद करने लिए कोई भी स्त्या फाउंडेशन के हेल्प लाइन पर कॉल कर शिकायत कर सकता है। शिकायत करने वालों का नाम पता गुप्त रखते हुए उक्त क्षेत्र में सत्या फाउंडेशन की ओर से कार्रवाई की जाती है।

साथ ही ऐसे मामलों में जहां पर निचले स्तर पर पुलिस द्वारा नियमों के पालन में कोई कोताही या ढिलाई हो रही हो, वहां पर भी 'सत्या फाउंडेशन' आम नागरिकों के चैन और नींद के लिए डट कर खड़ी हो जाती है।

**केस 1** गुरुवार एक जून को वाराणसी के भेलूपुर थाना अंतर्गत केदार नगर कालोनी में मातृ छाया एपार्टमेंट के पीछे, सड़क को अवैध रूप से घेर कर, पंडाल बनाकर कुछ लोग लाउडस्पीकर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। रात 10 बजे तक तो किसी तरह से लोग लाउडस्पीकर का अत्याचार सहते रहे मगर रात 10 के बाद नींद में खलल पड़ने से, बदहवास होकर एक स्थानीय निवासी ने 'सत्या फाउंडेशन' को 9212735622 पर कॉल करके उक्त अपराध की सूचना दी, इस गुप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए 'सत्या फाउंडेशन' के सचिव चेतन उपाध्याय ने तुरंत ही पुलिस के 112 नंबर के साथ ही वाराणसी पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9454401645 पर काल करके अविलम्ब फोर्स भेजने की मांग की। कुछ ही मिनट में 112 नंबर की पुलिस के साथ ही भेलूपुर थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर, स्पीकर बॉक्सों को पूरी तरह से सौ फीसदी स्विच ऑफ करा दिया ।

**केस 2** 'सत्या फाउंडेशन' के हेल्पलाइन नंबर 9212735622 पर, गुरुवार की रात 10 .05 बजे, वाराणसी के चौबेपुर थाना अंतर्गत भगतुआ गांव से सूचना मिली कि एक मैरेज लॉन में रात 10 के बाद भी लाउडस्पीकर बजाया जा रहा है। इसके बाद यूपी पुलिस के 112 नंबर पर सूचना दी गयी और ठीक 10 .20 पर मौके पर पहुँची पुलिस ने कानूनी चेतावनी देते हुए उक्त स्पीकर बॉक्स को पूरी तरह से स्विच ऑफ करवा दिया। लॉन के अंदर कार्यक्रम और भोज आदि तो चलता रहा मगर बिना किसी साउण्ड के।

## वाराण्सी से नई दिल्ली को चलेगी निगम की बस



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की दो नई बसे वाराणसी परिक्षेत्र को आज मिलेंगी। यह बसें वाराणसी से नई दिल्ली के बीच संचालित होगी। वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित अपने कालीदास मार्ग से सौ नई बसों को हरी झंडी दिखायेंगे। जिसमें दो बसे वाराणसी को मिलेंगी। बताया कि यह दोनों बसे साधारण बस हैं और वाराणसी से नई दिल्ली के लिए संचालित होंगी। बताया कि शनिवार की शाम तक दोनों बसें वाराणसी आ जायेंगी। इसके बाद एक दो दिन में नई दिल्ली के लिए शेड्यूल बना दिया जायेगा।

## ग्रीष्म कालीन चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन

**वाराणसी।** रामनगर स्थित प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के तत्वधान में आयोजित ग्रीष्म कालीन चित्रकला कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। 20 जून तक चलने वाले इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रख्यात कलाविद प्रो. डॉ. प्रेमचंद्र विश्वकर्मा, पूर्व विभागाध्यक्ष ललित कला विभाग महात्मा काशी विद्यापीठ ने किया। डॉ. विश्वकर्मा ने जीवन कला के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षणार्थी को कहा की साहित्य एवम कला के बिना हमारी संस्कृति सुद्दढ़ नहीं हो सकती। विशिष्ट अतिथि जयराम सिंह ने कार्यशाला की सफलता की शुभकामनाएं दी। कहा कि आज कलाकी विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है तथा यह रोजगारपरक भी है। कार्यशाला के समापन के अवसर पर एक कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में 40 छात्र एवं छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य एवं कार्यशाला के आयोजक डॉ. प्रभास कुमार झा ने सभी का स्वागत किया और इस कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसका संयोजक प्रसिद्ध कलाकार पंकज विश्वकर्मा हैं।

## वीडीए वीसी ने संस्थाओं को प्रशस्ति देकर व्यक्त किया आभार

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की ओर से जी-20 को लेकर जिले में कराये जा रहे कार्यों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग किया है। प्राधिकरण की ओर से बनाये गये जी-20 के ब्रांड एंबेस्डर धर्मेंद्र त्रिपाठी ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हुए संबंधित कार्य को पूर्ण कराया। कार्यों में सहयोग करने के लिए वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने शुक्रवार को वीडीए कार्यालय स्थित सभागार में संस्थाओं को प्रशस्ति देकर उनका आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में वाराणसी सरार्फा एसोसिएशन, पूर्वांचल रियल स्टेट एसोसिएशन बीएनआई, अवार्चीन हास्पिटल, क्रिमसन वर्ल्ड स्कूल, करौली डायग्नोस्टिक्स, धानुका इण्टर प्राईजेज, सृजन हास्पिटल, आकाश गंगा इन्फ्रा, ब्रम्हरास्त्र एकम संस्था, अक्षय सेवा फाउंडेशन आदि उपस्थित थे।

